






# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 45
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12
रविवार | 26 नवंबर, 2023


## राजस्थान में वोटिंग: कई जगह झड़प, बवाल, बूथ कैप्चर किया के बीच

# 68.24 फीसदी मतदान

## धौलपुर के बाड़ी में फायरिंग, सीकर के फतेहपुर में पथराव, कॉन्स्टेबल समेत 3 घायल

- **मतदान के पर्व की तस्वीरें, दूल्हा-दुल्हन ने दिया वोट, व्हील चेयर से पहुंचे पोलिंग बूथ**
- **लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने डाला वोट, भाजपा प्रत्याशी सुभाष महरिया पुलिस कर्मियों से उलझे,**

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जयपुर**

राजस्थान की 199 विधानसभा सीटों पर शनिवार (25 नवंबर) शाम 6 बजे वोटिंग खत्म हो गई। अभी भी कुछ बूथों पर मतदान चल रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान के अनुसार शाम 5 बजे तक प्रदेश में 68.24 फीसदी मतदान हुआ है। कई जगह झड़प और बवाल हुआ। बूथ कैप्चर किया गया। फायरिंग-पथराव हुआ। मतगणना 3 दिसंबर को होगी।भरतपुर जिले की कामां और नगर विधानसभा क्षेत्र में बवाल हो गया। नगर विधानसभा क्षेत्र के सुकेत गांव में राजकीय प्राथमिक स्कूल के बूथ पर हंगामा हुआ। यहां लतीफ नाम का व्यक्ति दीवार फांदकर बूथ में घुस गया और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से मारपीट शुरू कर दी। उसने वीवीपैट में तोड़फोड़ की। लतीफ के कुछ साथी पोलिंग बूथ के अंदर पहले से मौजूद थे। विवाद इतना बढ़ गया कि वोट डालने आए लोग पोलिंग बूथ से भागने लगे। सभी लोग दो गुटों में बंट गए। एक-दूसरे पर पथराव शुरू कर दिया। पोलिंग पार्टी जान बचाकर भाग गई। हंगामे की वजह से करीब 30 मिनट तक मतदान बंद रहा।

### लाइन में लगे दो बुजुर्गों की मौत

झालावाड़ और उदयपुर में मतदान के लिए लाइन में लगे दो बुजुर्गों की मौत हो गई। वहीं अजमेर के पुष्कर में एक बुजुर्ग की वोट देने के बाद घर पहुंचते ही मौत हो गई। वहीं कुछ जगह पोलिंग कर्मियों की तबीयत बिगड़ गई। इधर, सीकर, श्रीगंगानगर जिलों के कई बूथों पर ईवीएम में खराबी के कारण मतदान में देरी हुई। वहीं, चूरू के सरदारशहर के एक बूथ पर कांग्रेस-भाजपा कार्यकर्ताओं में झड़प भी हुई है। अलवर, झालावाड़, श्रीमाधोपुर सहित कई विधानसभाओं के बूथों पर दूल्हा-दुल्हन भी वोट करने पहुंचे। झालावाड़ और उदयपुर में वोटिंग की लाइन में खड़े दो बुजुर्ग मतदाताओं की भी मौत हुई है। वहीं, टोंक की निवाई विधानसभा में 113 साल की वोटर भूली देवी ने भी वोट डाला। धौलपुर के बाड़ी विधानसभा के एक बूथ के पास फायरिंग हुई तो कंचनपुर के बूथ पर बसपा-भाजपा प्रत्याशियों के समर्थक भिड़ गए।



### वोटिंग के बड़े अपडेट्स...

- **सबसे कम, सबसे ज्यादा वोटिंग:** शाम 5 बजे तक सबसे ज्यादा वोटिंग जैसलमेर जिले में 76.57 फीसदी हुई। वहीं, सबसे कम मतदान पाली जिले में 60.71 प्रतिशत हुआ है। राजस्थान में शाम 5 बजे तक 68.24 फीसदी मतदान हुआ है।
- **किस्मत में जो लिखा, कोई छीन नहीं सकता:** सचिन पायलट ने सीएम नहीं बनने के सवाल पर कहा कि किस्मत में जो लिखा है, उसे कोई छीन नहीं सकता और जो नहीं लिखा है उसे कोई दे नहीं सकता। पार्टी की विचारधारा सबसे आगे है। हर व्यक्ति यहां चुनाव लड़ रहा है। कोई भी एक चुनाव न तो लड़वा सकता है और न जितवा सकता है और न हरवा सकता है।
- **मारपीट, वोटिंग में देरी:** चूरू जिले के सरदारशहर विधानसभा क्षेत्र के अंजूमन स्कूल में बने मतदान केंद्र के बूथ नंबर 130-131 पर मारपीट का मामला सामने आया था। पार्षद प्रतिनिधि आसिफ खोखर का आरोप है कि उन पर 5-7 लोगों ने हमला किया था। वहीं, सीकर, श्रीगंगानगर के कई बूथों पर ईवीएम में आई खराबी के कारण मतदान में देरी हुई थी। बीकानेर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के आचार्य श्रीराम विद्यालय के बूथ पर मोबाइल को लेकर पुलिस और मतदाताओं के बीच झड़प हो गई थी।

### गहलोत बोले- हमारी सरकार दोबारा आ रही

वोट डालने के बाद राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कि हमारी सरकार दोबारा आ रही है। बीजेपी की बातों में दम नहीं है। अब ये (बीजेपी) के लोग गायब हो जाएंगे। अब ये 5 साल बाद आएंगे। हम यहीं रहेंगे, जनता के बीच जाएंगे और उनके सुख-दुख की बात करेंगे। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने भी वोट डाला। उन्होंने सभी मतदाताओं से वोट डालने के लिए बड़ी संख्या में हिस्सा लेने का आह्वान किया।

### पायलट बोले, जनता अच्छा निर्णय लेगी

कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि मैं उम्मीद कर रहा हूं कि जनता अच्छा निर्णय लेगी। मुझे लगता है कि जनता चाहती है कि कांग्रेस पार्टी की सरकार दोबारा बने और बीजेपी का जो पिछले 5 सालों में प्रदर्शन रहा है जनता ने ये देखा है। हमारी पार्टी का विजन वो लोग देख रहे हैं। बीजेपी यहां विपक्ष पार्टी की भूमिका निभाने में नाकायम रही है। मझे पूरा विश्वास है कि हम भारी बहुमत के साथ यहां सरकार बना पाएंगे।

### राजस्थान के प्रमुख 8 जिलों में 1 बजे तक वोटिंग पर्सेंटेज

| जिले | वोटिंग प्रतिशत |
|---|---|
| जयपुर | 69.22 |
| जोधपुर | 64.32 |
| अलवर | 69.71 |
| सीकर | 68.48 |
| उदयपुर | 64.98 |
| कोटा | 70.02 |
| बीकानेर | 66.56 |
| अजमेर | 65.75 |

### इन दिग्गजों ने की वोटिंग

चुनाव में आम से लेकर खास तक हर कोई अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने को लेकर एक्टिव नजर आ रहा। इस दौरान सूबे के सियासी दिग्गज भी अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर रहे। राज्यपाल कलराम मिश्र ने शनिवार को वोटिंग की। सीएम अशोक गहलोत, पूर्व सीएम वसुंधरा, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला समेत राजनीतिक दिग्गजों ने मतदान किया।

### 1,863 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला

जयपुर, कोटा, अजमेर, जोधपुर समेत कई शहरों में सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं। पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी नेता वसुंधरा राजे ने भी झालावाड़ में वोट डाला और सभी से वोट करने की अपील की। इस चुनाव में कुल 1,863 उम्मीदवार मैदान में हैं जिनकी किस्मत का फैसला राज्य की 5.26 करोड़ जनता कर रही है। वोटिंग शाम 6 बजे खत्म होगी।

### सबसे कम, सबसे ज्यादा वोटिंग

**मारपीट, वोटिंग में देरी:** चूरू जिले के सरदारशहर विधानसभा क्षेत्र के अंजूमन स्कूल में बने मतदान केंद्र के बूथ नंबर 130-131 पर मारपीट का मामला सामने आया था। पार्षद प्रतिनिधि आसिफ खोखर का आरोप है कि उन पर 5-7 लोगों ने हमला किया था। वहीं, सीकर, श्रीगंगानगर के कई बूथों पर ईवीएम में आई खराबी के कारण मतदान में देरी हुई थी। बीकानेर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के आचार्य श्रीराम विद्यालय के बूथ पर मोबाइल को लेकर पुलिस और मतदाताओं के बीच झड़प हो गई थी।

**फर्जी मतदान का आरोप:** झोटवाड़ा विधानसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने सिवाड़ गांव में फर्जी वोटिंग का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा- शिकायत के बाद भी पुलिस मूक दर्शक बनी हुई है। राज्यवर्धन ने निर्वाचन आयोग में की इसकी शिकायत भी की है।

**संतों की सीट पर बंपर वोटिंग:** प्रदेश में दो सीटों पर हुई बंपर वोटिंग ने चुनावी नतीजों को लेकर नई चर्चा छेड़ दी है। तिजारा और पोकरण सीट पर 3 बजे तक 69 फीसदी से ज्यादा वोट पड़ चुके थे। तिजारा सीट से बीजेपी की टिकट पर सांसद बाबा बालकनाथ, कांग्रेस के टिकट पर इमरान खान चुनाव लड़ रहे हैं। पोकरण सीट से मंत्री और कांग्रेस उम्मीदवार शाले मोहम्मद और बीजेपी उम्मीदवार महंत प्रतापपुरी चुनाव लड़ रहे हैं।

### पुलिस और जाहिदा खान के समर्थकों के बीच हुई झड़प

कामां विधानसभा के सांवलेर गांव में भी पुलिस और जाहिदा खान के समर्थकों के बीच झड़प हो गई। जाहिदा खान के बेटे प्रधान साजिद प्रधान गांव के माध्यमिक स्कूल गांव में बने पोलिंग बूथ पर पहुंचे थे, जहां ब्रस्त्र के जवानों ने उन्हें रोक दिया। इसी बात को लेकर विवाद हो गया और बीएसएफ जवान को हवाई फायरिंग करनी पड़ी। इस पर वहां तैनात अन्य सुरक्षाकर्मियों ने साजिद खान के समर्थकों पर लाठियां बरसा दीं। पुलिस ने साजिद खान के ड्राइवर को हिरासत में ले लिया। सूचना पर एसपी मृदुल कच्छावा मौके पर पहुंचे।इस दौरान करीब 45 मिनट तक मतदान बंद रहा।

### बूथ कैप्चरिंग की कोशिश



धौलपुर जिले के बाड़ी विधानसभा क्षेत्र में खुले का पूरा गांव में बूथ कैप्चरिंग करने की कोशिश की गई। यहां लोगों की फ्लाइंग स्क्वॉड के मजिस्ट्रेट हरिओम सिरवार से झड़प हो गई। गाड़ी में तोड़फोड़ कर ड्राइवर से मारपीट की। कैमरामैन का कैमरा और फोन छीनकर ले गए। इसके बाद गांव के दो पक्षों के बीच फायरिंग और पत्थरबाजी हुई। घटना में मजिस्ट्रेट के ड्राइवर सहित तीन लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। बाड़ी विधानसभा क्षेत्र के रजई कला गांव में भी फायरिंग का मामला सामने आया है। कंचनपुर के एक मतदान केंद्र पर बसपा प्रत्याशी जसवंत गुर्जर और भाजपा कैंडिडेट गिर्राज मलिंगा के समर्थक आमने-सामने हो गए। वहीं अब्दुलपुर गांव में दो पक्ष आपस में भिड़ गए और पथराव कर दिया।

### दो गुटों में हुआ झगड़ा

सीकर के फतेहपुर शेखावाटी में दो गुटों में झगड़ा हो गया। दोनों ने एक-दूसरे पर पत्थर फेंके। घटना बीचीवाल भवन के पीछे बूथ संख्या 128 से 200 मीटर दूर मोहल्ले में हुई। पथराव में एक कॉन्स्टेबल समेत 3 लोग घायल हो गए। चूरू के सरदारशहर के एक बूथ पर कांग्रेस-भाजपा कार्यकर्ताओं में झड़प भी हुई है। जोधपुर के लूणी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी जोगाराम पटेल के कार्यालय पर हमले का आरोप है। सीकर, श्रीगंगानगर जिलों के कई बूथों पर ईवीएम में खराबी के कारण मतदान में देरी हुई। अलवर, झालावाड़, श्रीमाधोपुर सहित कई विधानसभाओं के बूथों पर दूल्हा-दुल्हन भी वोट करने पहुंचे। टोंक की निवाई विधानसभा में 113 साल की वोटर भूली देवी ने भी वोट डाला।

## भाग्य नगर में बुलडोजर बाबा का स्वागत है तेलंगाना में योगी ने किया रोड शो, सिर चढ़कर बोला जादू

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तेलंगाना में विधानसभा चुनाव के लिए रोड शो किया। जहां पर उनके स्वागत में जनसैलाब उमड़ पड़ा। यहां उन्होंने रैली व रोड शो कर पांच प्रत्याशियों के लिए कमल खिलाने की अपील की। यूपी के सीएम के स्वागत को जनसैलाब उमड़ पड़ा। यहां भगवा लहराया और सड़कों पर योगी-योगी गुंजायमान हो गया। एक ओर जहां योगी आदित्यनाथ ने तेलूगू में संबोधन कर स्थानीय नागरिकों से खुद को जोड़ा तो वहीं तेलंगानावासियों ने भी उन्हें खूब स्नेह दिया। यहां केसीआर, कांग्रेस, एमआईएम व बसपा योगी आदित्यनाथ के निशाने पर रही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सनथनगर से मैरी शशिधर रेड्डी के



लिए रोड शो किया। सीएम ने कहा कि तेलंगाना में सिर्फ बीजेपी-बीजेपी ही चाहिए। 2017 से पहले यूपी में दंगे होते थे पर आज यूपी में कर्फ्यू है न दंगा, क्योंकि वहां सब चंगा ही चंगा, जबकि तेलंगाना का किसान आत्महत्या के लिए मजबूर है। यहां पेपर लीक हो रहे हैं। जो सीएम व सरकार परीक्षा नहीं करा सकती, वह राज्य चला सकती है क्या। सीएम ने आरोप लगाया कि एमआईएम दोनों पार्टियों का कॉमन फ्रेंड है। उनके कारण सरकार तेलंगाना निजाम से मुक्ति के दिवस को नहीं मनाने देती है। भाजपा सरकार लाइए, निजाम से मुक्ति दिवस को राष्ट्रीय दिवस मनाने का कार्य होगा। कांग्रेस ने इसे हैदराबाद बनाया, हम भाग्यनगर बनाने आए हैं। सीएम ने बीआरएस का मतलब भ्रष्टाचार रिश्वतखोरी समिति बताया तो बसपा को वोटकटवा कहा। बोले कि तेलंगाना में मुस्लिम आरक्षण संविधान विरोधी है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार आएगी तो इसे समाप्त कर दिया जाएगा। केसीआर ने सिर्फ छलावा किया है। सत्ता में आने पर वे निल्लू (जल), निधुलू ( पैसा) व नियामाकालु (रोजगार) के वायदों को भी भूल गए। कांग्रेस ने इसे हैदराबाद बनाया, हम भाग्यनगर बनाने आए हैं।

### तेलंगाना में तुष्टिकरण का सबसे गंदा खेल चल रहा है

सीएम योगी आदित्यनाथ ने सीरपुर से भाजपा उम्मीदवार डॉ. पलवई हरीश बाबू व आसिफाबाद से आत्माराम नाइक के लिए वोट मांगा। उन्होंने कहा कि केसीआर के नेतृत्व वाली बीआरएस सरकार शोषण व अराजकता का कारण बन चुकी है। यह राज्य अपने अधिकारों के लिए तरस रहा है। तेलंगाना में तुष्टिकरण की राजनीति का सबसे गंदा खेल चल रहा है। बीआरएस सरकार ने मुस्लिम आरक्षण देकर दलित, वंचितों, अनुसूचित जाति- जनजाति व पिछड़ी जाति को हक से वंचित करने की साजिश की। यह भीमराव आंबेडकर के बनाए संविधान का अपमान है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम आरक्षण संविधान विरोधी है, इसलिए तेलंगाना में भाजपा के आने पर यह समाप्त होगा। वीआरएस व कांग्रेस देश को नए विभाजन की ओर ले जाना चाहती है। बीआरएस-कांग्रेस और बीएसपी एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं।

## सपा को जोरदार झटका: प्रमोद पटेल ने समर्थकों संग थामा कांग्रेस का हाथ

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

सपा के पूर्व सांसद जंग बहादुर पटेल के बेटे एवं सपा के प्रतापगढ़ के लोकसभा के प्रत्याशी रहे प्रमोद कुमार पटेल ने शनिवार को अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस का हाथ थाम लिया है। कुर्मी बिरादरी से ताल्लुक रखने वाले प्रमोद पटेल का कांग्रेस में जाना सपा के लिए जबरदस्त झटके के तौर पर देखा जा रहा है। कांग्रेस का दावा है कि जल्द ही अन्य कई कुर्मी नेता भी पार्टी की सदस्यता लेंगे। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में शनिवार शाम अपने समर्थकों के साथ पहुंचे प्रमोद कुमार पटेल ने कहा कि भाजपा से मोर्चा लेने का माद्दा सिर्फ कांग्रेस में है। यही वजह



है कि वह पिछड़ों की लड़ाई लड़ने के लिए कांग्रेस का हाथ थाम रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना एवं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने उन्हें सदस्यता दिलाई।


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


# लखनऊ में महंगा होने वाला है सिनेमाघरों का टिकट

## नगर निगम ने राजस्व बढ़ाने के लिए शहर के सिनेमाघरों पर अधिक कर लगाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कर दिया है

- **फिलहाल प्रति शो 25 रुपये नगर निगम टैक्स वसूला जाता है, लेकिन निगम ने इसे बढ़ाकर करीब 100 रुपये करने का प्रस्ताव रखा है**
- **लखनऊ शहर में रोजाना करीब 350 शो चलते हैं, अगर टैक्स की दरें बढ़ाई गईं तो एलएमसी चार गुना अधिक राजस्व अर्जित करेगा**

**जन एक्सप्रेस | डॉ.वैभव शर्मा**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सिनेमा हॉल में फिल्म देखने के शौकीनों की जेब और ढीली होने वाली है। जल्द ही लखनऊ नगर निगम टैक्स बढ़ाने जा रहा है। दरअसल,लखनऊ नगर निगम ने राजस्व बढ़ाने के लिए शहर के सिनेमाघरों पर अधिक कर लगाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कर दिया है। फिलहाल प्रति शो 25 रुपये नगर निगम टैक्स वसूला जाता है, लेकिन निगम ने इसे बढ़ाकर करीब 100



रुपये करने का प्रस्ताव रखा है, जिसके लिए एक कमेटी का गठन किया जाएगा। महापौर सुषमा खरकवाल के अनुसार सिनेमा हॉल पर टैक्स की समीक्षा कई सालों से नहीं की गई थी, इसलिए इसकी समीक्षा करना जरूरी है।% लखनऊ शहर में रोजाना करीब 350 शो चलते हैं। ऐसे में अधिकारियों ने कहा कि अगर टैक्स की दरें बढ़ाई गईं तो एलएमसी चार गुना अधिक राजस्व अर्जित करेगा।

### मजबूरी में सिनेमाघर को टिकट की कीमतें बढ़ानी होंगी

यूपी सिनेमा फेडरेशन के एक पदाधिकारी ने कहा कि फैसला लेने से पहले कम से कम हमसे सलाह ली जानी चाहिए थी। इसका असर निश्चित तौर पर आम आदमी पर पड़ेगा। अगर सिनेमाघरों पर अधिक भुगतान करने के लिए दबाव डाला जाता है, तो उन्हें टिकट की कीमतें बढ़ानी होंगी।

### 2018 में विरोध के कारण नहीं हो सकी थी टैक्स में वृद्धि

इससे पहले साल 2018 में भी सिनेमाघरों में शो पर टैक्स बढ़ाए जाने का प्रावधान लाया गया था। जिसे प्रति शो 25 रुपये से सीधे 600 रुपए कर दिया गया था। विरोध के कारण इसे लागू नहीं किया जा सका। इस फैसले के लागू होते ही लखनऊ के सिनेमाघरों में इसका असर देखने को मिलेगा। टैक्स दरों में वृद्धि होने से सिनेमाघरों के टिकट के दाम बढ़ जाएंगे, जो सीधे तौर पर ग्राहकों को परेशान करेंगे।

# 18 वर्ष आयु पूरी कर चुके युवाओं का वोटर लिस्ट में दर्ज कराएं नाम: राकेश पाठक

**जन एक्सप्रेस । मऊ, चित्रकूट**

मऊ उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक ने शनिवार को कोटेदार की बैठक लेकर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा की। जिसमें उन्होंने निर्वाचक नामावली में परिर्वधन, अपमार्जन व संशोधन कराने के लिए विशेष अभियान के तहत मतदाता प्रपत्र जमा कराने की जोर दिया।

मऊ तहसील सभागार में हुई बैठक में एसडीएम राकेश कुमार पाठक ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा विशेष अभियान की तिथियां निर्धारित की गयी थी। जिसके तहत चार और पांच नवम्बर के बाद 25 और 26 नवम्बर को बीएलओ मतदाताओं के फार्म जमा कराएंगे।

इसके बाद आगामी दो व तीन दिसम्बर को भी विशेष अभियान चलेगा। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके प्रत्येक मतदाता का नाम मतदाता सूची में होना चाहिए। आगामी एक जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे मतदाताओं का फार्म भराया जाए और बीएलओ के पास जमा कराएं। इस कार्य में सभी कोटेदार अपने गांव के बीएलओ का सहयोग करें। कोटेदार अपने गांव के सभी परिवारों से सम्पर्क करें। जिन परिवारों में 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा और युवतियां हो उनके मतदाता प्रपत्र भराकर जमा कराएं। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और शान्तिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए त्रुटि रहित मतदाता सूची आवश्यक है। ऐसे में सभी लोग एक बार मतदाता सूची का अवलोकन अवश्य करें ताकि समय रहते संशोधन कराया जा सके।

इस मौके पर आरओ देवनाथ, आपूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार सिंह व क्षेत्रीय कोटेदार मौजूद रहे।

# निजी एम्बुलेन्स चालकों के आगे अस्पताल प्रशासन असहाय

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**




शासन और प्रशासन के लाख प्रयासों के बावजूद जिला अस्पताल में प्राइवेट एम्बुलेंसों की धमा चैकड़ी पर विराम नहीं लग पा रहा आलम यह है कि प्राइवेट एंबुलेंस संचालक सदर अस्पताल परिसर में बेधड़क तरीके से प्रवेश कर धमा चैकड़ी मचाते रहते है। इन प्राइवेट एम्बुलेंसों के संचालक अस्पताल के अंदर घुसकर रेफर मरीजों को बहला फुसलाकर अपनी गिरफ्त में ले लेते हैं और उनसे मोटी रकम वसूल करते हैं।

अस्पताल परिसर के अंदर मनमानी तरीके से पूरी दबंगई के साथ भ्रमण करने वाले इन प्राइवेट एम्बुलेंसों के संचालकों पर अस्पताल प्रशासन अंकुश लगा पाने में नाकाम साबित हो रहा है। जहॉ प्रदेश की सरकार मरीजों की सुविधाओ पर विशेष ध्यान दे रही ह औरै मरीजो के लिए सरकारी एंबुलेंस व्यवस्था भी संचालित है लेकिन प्राइवेट एंबुलेंस के ठेकेदारो की दबंगई सरकारी एंबुलेंस पर भारी पड़ रही है। प्राइवेट एंबुलेंसो के संचालक दबंगई के साथ सदर अस्पताल में अपना कब्जा जमाए हुए बताते हैं। प्राइवेट एंबुलेंस संचालक अस्पताल के अंदर बेखौफ तरीके से प्रवेश करते हैं और रेफर मरीजों को चिन्हित कर उन्हें बहला फुसलाकर अपना शिकार बना रहे है और परेशान मरीजों की मजबूरी का फायदा उठाकर मोटी रकम वसूल कर रहे है। यह सब खेल अस्पताल प्रशासन के नाक के नीचे हो रहा है जानकारों का कहना है कि प्राइवेट एम्बुलेंसों की धमाचैकडी से अस्पताल प्रशासन अनजान नहीं है लेकिन कोई कार्यवाही न किये जाने से प्राइवेट एंबुलेंस संचालकों के हौसले बुलंद है और वह मनमानी तरीके से अपने कारोबार को अंजाम दे रहे। सूत्रो की माने तो यह निजी एम्बुलेन्स चालक निजी अस्पतालो की दलाली भी करते है। मरीज तीमारदारो को निजी अस्पतालो तक पहुॅचा कर अपना कमीसन ले रहे है। जिससे परेशनहाल मरीज एम्बुलेन्स चालको के झासे मे आ जाते है। वहीं सरकार की मंशा पर पानी फेरा जा रहा है और अस्पताल प्रशासन देखकर भी अनदेखा कर रहा है।

# राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के जर्जर भवन में पढ़ने को मजबूर हैं छात्राएं

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**





मानिकपुर राजकीय बालिका इंटर कालेज में सरकारी बालिका विद्यालय की हालत देखकर आप दंग रह जाएंगे। जानकारी मिलने पर खबर की पुष्टि करने जब जन एक्सप्रेस की टीम मौके पर विद्यालय पहुंची तो स्कूल की छात्राओं ने अपनी व्यथा को उजागर किया। छात्राओं ने बताया कि राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्राचार्या छात्राओं के साथ अच्छा व्यवहार तो कभी करती नहीं बल्कि जब स्कूल आते हैं तब सबसे पहले छात्राओं से झाड़ू लगवाती हैं और कहती हैं कि तुम नहीं लगाओगे तो क्या मैं लगाऊंगी। राजकीय बालिका विद्यालय की प्राचार्या से जब इन विषयों पर उनका पक्ष जानने के लिए वार्तालाप करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने सही से जवाब देते हुए मामले को गोलमोल करती रही। वहीं छात्राओं का कहना है कि विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं का पूर्णतयः अभाव है। शौचालय से लेकर विद्युत व्यवस्था तक सब कुछ राम भरोसे चल रहा है। वहीं मौके पर पहुंच कर उपजिलाधिकारी मानिकपुर ने जांच पड़ताल कर विद्यालय का जायजा लिया। अब देखना दिलचस्प होगा कि शिक्षा के मंदिर को तबेला बनाने वाली प्राचार्या पर प्रशासन क्या कार्यवाही करता है?

**''बिल्डिंग की हालत ठीक नहीं है जर्जर अवस्था में है उच्च अधिकारियों से बात कर इसका समाधान निकाला जाएगा।''**

**– रामजन्म यादव,**
**उपजिलाधिकारी मानिकपुर**

उक्त मामले पर जिला विद्यालय निरीक्षक चित्रकूट ने कहा हम लोग कई बार शासन को पत्र भेज चुके हैं, एस्टीमेट बनवाकर भी भेज चुका है लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पूर्व में जो बिल्डिंग बनी थी वह रिजेक्ट हो गई है, उसमें ठेकेदार के खिलाफ एफआइआर भी हुई है, लेकिन हम सिर्फ शासन को पत्र लिख सकते हैं, बाकी हम कुछ भी नहीं कर सकते। हम स्वयं वहां जाकर देख चुके हैं वास्तव में स्थिति दयनीय है। छात्राओं द्वारा झाड़ू लगाने के आरोप पर जिला विद्यालय निरीक्षक चित्रकूट ने कहा इसकी हम जांच करवाते हैं। जब शौचालय को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक से प्रश्न पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हां मैं इस बात को मानता हूं कि वहां शौचालय ठीक-ठाक नहीं होगा, क्योंकि वहां का स्कूल जूनियर विद्यालय में शिफ्ट है, इसलिए वहां पर दिक्कत है।

# आज होगा मातृशक्ति सम्मेलन का आयोजन

* महिलाओं के बारे में विचार कर नारी की समाज के प्रति भूमिका पर होगी चर्चा

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



रविवार को रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में संपन्न होने वाले मातृशक्ति सम्मेलन के बारे में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें पालक महिला समन्वय (काशी एवं कानपुर प्रान्त) रेखा चूड़ासमा द्वारा परिवार प्रबोधन, स्वदेशी, सामाजिक समरसता, पर्यावरण, सुरक्षा एवं नागरिक कर्तव्य विषयों के अंतर्गत परिवार के लिए, समाज के लिए, राष्ट्र के लिए अति महत्वपूर्ण है इस संबंध में मातृशक्ति सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य महिला के बारे में विचार, उनकी भूमिका क्या होनी चाहिए, और क्या हो सकती है इसी उद्देश्य से मातृशक्ति सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। प्रियंका श्रीवास्तव सह संयोजिका महिला समन्वय, (कानपुर प्रान्त), सरिता सिंह (विभाग संयोजिका), अमिता सिंह (जिला संयोजिका) ने संयुक्त रूप से पत्रकारों से रूबरू होकर बताया कि नारी भारतीय जन जीवन की मूल धुरी है। हमारी सांस्कृतिक परम्परा या धरोहर नारी के कारण ही पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित हो रही है। समाज को जड़ता से दूर करने का कार्य भी नारी शक्ति ने ही किया है। नारी विधाता का सर्वोत्तम उपहार है। नारी ही वह उर्वरा भूमि है जो जीवन की बगिया को महकाती है। नारी न केवल व्यक्तिगत अपितु राष्ट्र निर्माण में भी अहम भूमिका निभाती है। किसी भी राष्ट्र की उन्नति नारी शक्ति के सहयोग के बिना अधूरी है। जिस राष्ट्र में नारी को उचित सम्मान नहीं प्राप्त है वह राष्ट्र कभी भी उन्नति के शिखर पर स्थापित नहीं हो सकता। हमें ज्ञात है कि जब राष्ट्र संकट में पड़ा है तब माताओं ने अपने पुत्रों को, नारियों ने अपनी पतियों को तिलक लगाकर विजय की कामनाओं और विश्वास के साथ रण भूमि में भेजा है। यदि रत्नावली तुलसीदास की चेतना को न जगाती तो मर्यादा पुरूषोत्तम राम का आदर्श स्वरूप समाज के सामने नहीं आ पाता, विद्योत्मा ने कालीदास को संस्कृत का प्रकांड विद्वान बना दिया। प्रेस वार्ता के मौके पर रेखा चूड़ासमा पालक- महिला समन्वय काशी एवं कानपुर प्रान्त, ज्योत्सना सिंह (जिला संयोजिका, हमीरपुर), जया पुरवार (नगर संयोजिका), श्रद्धा गुप्ता (सह संयोजिका) आदि उपस्थित रहीं।

# थाना सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की जन समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में शनिवार को थाना मऊ व बरगढ़ में थाना समाधान दिवस का आजोजन किया गया। अपर एसपी ने आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये। भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके जाकर जांचकर निस्तारण कराने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर थाना मऊ के अपराध निरीक्षक अभय राज प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय की अध्यक्षता में थाना राजापुर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्याय ने आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये। भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर जांचकर निस्तारण कराने के लिए निर्देशित किया।

# खेत की जुताई कर लौट रहा ट्रैक्टर नाले में गिरा, पटलने से भाई–बहन की दबकर मौत

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

खेत की जुताई कर वापस घर आते समय गवाइन नाले के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। उसमें सवार भाई-बहन की दबकर मौत हो गयी। जबकि बहनोई गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। उसका जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। परिजन बिना पोस्टमार्टम कराये ही दोनों शव लेकर घर चले गये। खबर पाकर मौके पर पहुंची मटौंध थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने की बात कही लेकिन परिजन नही माने। बमुश्किल परिजनों के राजी होने पर पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया है। मटौंध थाना क्षेत्र के गोयरा मुगली गांव नि (30) पुत्र हिदायत खान, बहन नर्गिस (25) पत्नी फहिम अपने बहनोई आजिद पुत्र भोलू को साथ लेकर ट्रैक्टर लेकर शुक्रवार की दोपहर खेत गये थे। चिलेहटा हार में खेतों की जुताई करने के बाद तीनों लोग ट्रैक्टर में बैठकर वापस घर आ रहे थे। गवाइन नाले के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नाले में पलट गया। इसमें वशीम और उसकी बहन नर्गिस की दबकर मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि आजिद गम्भीर घायल हो गया। मौके पर पहुंचे लोगों की मदद से तीनों लोगों को जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां पर डाक्टरों ने वशीम और नर्गिस को मृत घोषित कर दिया। जबकि आजिद का उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है। इधर परिजन वशीम और नर्गिस का शव लेकर घर चले गये और पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार नही थे। खबर पाकर मटौंध थाना प्रभारी रामदिनेश तिवारी गांव पहुंचे और मृतक परिजनों से शवों का पोस्टमार्टम कराये जाने की बात कही लेकिन परिजन किसी भी दशा में शवों का पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार नही थे।

# संगोष्ठी के माध्यम से छात्र–छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

यातायात माह के परिपेक्ष्य में शनिवार को पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी यातायात राज कमल के पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात निरीक्षक मनोज कुमार एवं यातायात पुलिस द्वारा परम विद्या मंदिर इण्टर कॉलिज शिवरामपुर में छात्रों के साथ यातायात जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में यातायात प्रभारी मनोज कुमार ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी एवं पालन करने के लिए बताया। उन्होंने कहा कि अपने परिजनों से यातायात नियमों का पालन करने के लिए बताए, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने को बताएं। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय फोन का प्रयोग न करें, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाए, 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद अपना ड्राइविंग लाइसेंस अवश्य बनवाये।

# जनपद के लाल प्रवीण पाण्डेय बुंदेली समाज सम्मान 2023 से हुये सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**



जल, जंगल, जमीन, जीव-जंतु, नदी, तालाबों को बचाने तथा राज्य बुंदेलखंड बने, राजधानी चित्रकूट धाम बनाने का संकल्प लेकर विगत कई वर्षों से संघर्ष कर रहे जनपद निवासी बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय को बीते दिनों महोबा में आयोजित एक कार्यक्रम में बुंदेली समाज सम्मान दिया गया। तारा पाटकर, पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह, एमएलसी बाबू लाल तिवारी के हाथों यह सम्मान दिया गया। इससे पहले भी प्रवीण पांडेय को जनपद डीएम द्वारा ससुर खदेरी नदी के संरक्षण में किये गये प्रयास को लेकर सम्मानित किया जा चुका है। वर्ष 2020 में उन्हें शंकर लाल मेहरोत्रा सम्मान तथा 2022 में बुंदेली सम्मान मिल चुका है। प्रवीण पाण्डेय बुंदेलखंड राज्य बने, चित्रकूट राजधानी बने की मांग लेकर वर्ष 2014 से लेकर अब तक मे रिकार्ड 34 बार प्रधानमंत्री को संबोधित खून से खत लिखकर मांग कर चुके है। पर्यावरण संरक्षण, जल, जंगल, जमीन, जीव-जंतुओं, तालाब-नदियों व झीलों के संरक्षण में चलाए जा रहे अभियान को निरंतर गति प्रदान करने में श्री पांडेय का योगदान रहा है। स्कूल-कालेजों में जाकर छात्र-छात्राओं को प्राचीन धरोहरो के संरक्षण, क्षेत्र के प्राचीन इतिहास, नदी, तालाब पर निबंध, भाषण, लेख, कला आदि प्रतियोगिताओं के माध्यम से उन्हें जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है। छतरपुर, मध्य प्रदेश के बक्शावहा जंगल को कथित माफिया निगलने वाले थे। हीरों की लालच में सरकार भी जंगल काटने के पक्ष में खड़ी थी। स्थानीय लोग चाहकर भी जंगल नहीं बचा पा रहे थे। तभी बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष की पहल पर एक आंदोलन चलाया गया। जिसमें नारा दिया गया, हीरा नहीं हरियाली चाहिए, बुंदेलखंड की खुशहाली चाहिए। आंदोलन कई दिनों तक चलता रहा। आखिरकार, सरकार को झुकना पड़ा और जंगल बचाने की मुहिम सफल हुई। इस आंदोलन से देश के कोने-कोने में रहने वाले पर्यावरण प्रेमियों को जोड़ने में भी प्रवीण सफल हुए।

## नवविवाहिता नसीला पदार्थ खिलाकर नकदी सहित आभूषण लेकर फरार

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** नवविवाहिता ने पति सहित ससुरालीजनो को नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर दिया और हजारों की नकदी व जेवरात समेत लाखों का माल लेकर रफ्फू चक्कर हो गई। पति के शिकायती पत्र के बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान मे लेकर जांच शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार जहानाबाद थाना क्षेत्र के कुल्हीहार गांव निवासी जीतू साहू की शादी हमीरपुर के सुमेरपुर थाना क्षेत्र के गांव बदनपुर की रहने वाली शालिनी के साथ बीते अगस्त में हुई थी। आरोप है कि गत गुरुवार रात शालिनी ने खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर परिवार के सभी लोगों को खिला दिया। बताया जा रहा है कि इसके बाद सभी लोग बेहोश हो गये। इस बीच महिला ने घर में रखे 30 हजार रुपये नकदी के साथ सोने-चांदी के जेवरात लेकर घर से निकल गई। सुबह जब परिजनों की नींद खुली तो घर में शालिनी नहीं थी।

# हाईवे के ढाबों सहित झोपड़ी–गुमटी बन रहीं अवैध व्यापार के अड्डे

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

कानपुर-प्रयागराज हाईवे अपराधियों का हब बनता जा रहा है। हाई-वे के ढाबे, वाहन धुलाई सेंटर सहित गुमटी व झोपड़ी मे तौल कांटे अपराधिक कामों के अड्डे बन गये है। हाईवे से गुजरने वाले वाहनों से चोरी का सामान, डीजल चोरी, पशु वाहनों की मानीर्टिंग, मादक पदार्थों की तस्करी समेत अवैध कामों को अंजाम दिया जा रहा है। खाकी व खादी की सरपरस्ती में हाईवे किनारे खुले जरायम के अड्डों के कारण बड़ी वारदातो को अंजाम तक पहुॅचाने मे सहयोगी साबित हो रहे है। जनपद के कानपुर-प्रयागराज हाईवे मे स्थित आधा दर्जन से भी अधिक ढाबे देह व्यापार से लेकर डीजल चोरी, पशु तस्करी, लोहा चोरी आदि जरायम को अंजाम तक पहुॅचाने मे सहायक ही नही कुछ चिह्नित ढाबो मे तो जरायम तक किया जा रहा है। वही खागा नगर के पश्चिमी छोर मे तो पशु तस्करी का अड्डा ही बन चुका है। जहॉ से प्रतिबनित पशुओ को वाहनो से गैर प्रान्त तक भेजा जा रहा है। वही चैडगरा सहित औंग व कल्याणपुर थाना क्षेत्र के कुछ ढाबो मे लोहा चोरी सहित डीजल चोरी का अबैध व्यापार धडल्ले स`चल रहा है। ऐसा ही कुछ हाल खागा नगर के पश्चिमी हाईवे ओवरफ्लाई के पास एक चर्चित ढाबा काफी समय से जरायम का अड्डा बना हुआ है। यहां ट्रक चालक व क्लीनर की मिलीभगत से चोरी का माल खरीद कर बेचा जा रहा है। वहीं नगर के पूर्वी हाईवे मझिलगांव चैकी क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे किनारे एक धुलाई सेंटर की आड़ में अवैध कांटा लगाकर चोरी की सरिया समेत अन्य सामान की खरीद फरोख्त का प्रमुख अड्डा बनकर रह गया है। जाती है। जो खाकी की मिलीभगत से हाईवे मे इस अवैध कारोबार को रफ्तार दे रहे हैं हाईवे किनारे बने ढाबे मुसाफिरों के लिए सुविधाजनक होते हैं, इसी की आड़ में हाईवे किनारे चोरी की सरिया, डीजल, कोयला की डंपिंग के साथ ट्रकों से उतरने वाले अवैध माल को खरीदा जाता है। सूत्रों की माने तो इन्हीं की आड़ पर अपराधी मादक पदार्थों की तस्करी और पशु तस्करी वाले वाहनों की पासिंग के काम में संलिप्त हैं।

# युवतियों समेत पांच ने खाया जहरीला पदार्थ

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

अलग-अलग स्थानों पर चार युवतियों समेत पांच लोगों ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। हालत बिगड़ने पर परिजनों को पता चला, सभी लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बिसंडा थाना क्षेत्र के सिकलोढ़ी गांव निवासी अर्चना (26) पत्नी दिलीप ने शनिवार की सुबह घरेलू कारणों से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। इसी तरह कमासिन थाना क्षेत्र के जामू गांव निवासी नीलम देवी (25) पत्नी लवकुश ने भी शनिवार की सुबह जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। जबकि अतर्रा कस्बा निवासी पिंकी (22) पत्नी कामता ने शुक्रवार की रात को जहरीला पदार्थ खा लिया। इसी तरह प्रियंका (21) पत्नी रवि निवासी बिलगांव, बिसंडा ने शुक्रवार रात को जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास किया। एक अन्य घटना में जनपद चित्रकूट के भरतकूप निवासी वीर (30) पुत्र बिंदा सिंह भी शुक्रवार की रात को जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास किया। सभी लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उपचार किया गया।

# सांसद ने ली जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




सांसद आरके सिंह पटेल की अध्यक्षता में व मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की उपस्थिति में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री की जो गरीब कल्याण की योजनाएं संचालित है, उन्हें जमीन स्तर पर क्रियान्वयन करने का कार्य किया जा रहा है। भगवान श्री राम की तपोभूमि चित्रकूट पर्यटन का केन्द्र बिंदु है। प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा चित्रकूट में पर्यटन विकास पर काफी विकास कार्य कराए जा रहे हैं। राम वन गमन मार्ग की जमीन का अधिग्रहण समय से कराया जाए ताकि डेवलपमेंट के कार्य को गति मिले। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन सड़कों का मरम्मत किया जाना है, उसको समय से कराएं। सिगवां से डभौरा की तरफ की सड़क को भी जोड़ा जाए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से कहा कि गौशाला संचालन के भरण पोषण का भुगतान ग्राम पंचायतों को समय कराएं। साथ ही गोवंशों को अच्छी तरह से संरक्षित किया जाए। बेड़ी पुलिया से जो मंदाकिनी नदी तक नाला एन एच बांदा द्वारा दोनों तरफ बनाया गया है उसमें टेढ़ा-मेढ़ा और ऊंचा नीचा बनाया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि एक कमेटी बनाकर इसकी जांच कराकर आख्या उपलब्ध कराए। सांसद ने जिलाधिकारी से कहा कि जो सड़कों के किनारे वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण मनरेगा से कराया गया है, उन सड़कों का सत्यापन कराकर सूचना उपलब्ध कराया जाए। डीसी एनआरएलएम से कहा कि महिलाओं के स्वयं सहायता समूह को पैसा समय से दिया जाए। साथ ही उन समूहों को प्रेरित करके पैसा बैंकों में जमा भी कराए। विशेष कर इस योजना पर विकासखंड मऊ व मानिकपुर की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सक्रिय करके रोजगार मुहैया कराया जाए। अधिशासी अभियंता जल निगम से कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों को तेजी से कराया जाए। भू मानचित्र के डिजिटाइजेशन पर जिलाधिकारी से कहा कि जिन गांवों में चकबंदी के नक्शा बना रहे हैं, वह नक्शा सही तरीके से बने। जिला कृषि अधिकारी से कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का अधिक से अधिक लाभ किसानों को दिलाइए। किसानों की फसलों को देखते हुए सभी समितियों पर पर्याप्त खाद उपलब्ध रहे।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं लेकिन बर्षा की कोई संभावना नहीं है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 26.8 (-1.9)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 10.0 (-1.0)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 95 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 51 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 1.0 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# सिपाही ने पहले युवती को बनाया अपनी हवस का शिकार

# दहेज की रकम न मिलने पर कर दिया शादी से इंकार






* चकेरी थाने न्याय मांगने पहुंची युवती और उसके परिजनों के हाथ लगी निराशा, बोली युवती अगर सिपाही ने नहीं की शादी तो अपनी जीवन लीला कर लूंगी समाप्त

जन एक्सप्रेस | कमलेश फाइटर

कानपुर नगर। जिन खाकीधारियो पर प्रदेश की जनता और बहन बेटियों की सुरक्षा का भार है उन्हीं खाकीधारियों में कुछ ऐसे भी हैं खाकीधारी हैं जो बहन बेटियों की इज्जत आबरू से खेलते हैं और उसके बाद जब मामले में खुद को बचाना हो तो शादी का झांसा देकर उसी पीड़ीत से गैर कानूनी तरीके से मोटी रकम दहेज में वसूलने का दबाव बनाया जाता है, और दहेज न मिलने पर शादी तोड़ दी जाती है, ऐसे में अगर पीड़ित पक्ष पुलिस के पास न्याय मांगने जाता है तो पुलिस भी इन खाकीधारी का पक्ष लेती हुई नजर आती है जिसने ऐसे गंदे कृत्यों को अंजाम दिया है, बीते दिन शनिवार को भी थाना चकेरी क्षेत्र में एक ऐसा मामला देखने को मिला है जहां पर एक खाकीधारी ने युवती को अपनी हवस का शिकार बना डाला और उसके बाद जब उसने खुद को फंसता देखा तो युवती के घर वालों के सामने विवाह का प्रस्ताव दे डाला, विवाह और गोद भराई की तारीख भी तय हो गई लेकिन जब बीच में खाकीधारी और उसके परिजनों ने दहेज की रकम को मांगा और युवती के पिता ने कुछ रकम दी तो गोद भराई के लिए कानपुर आने पर युवती और उसके परिजनों को चयनित कार्यक्रम स्थल के गेस्ट हाउस में नहीं घुसने दिया गया, थाना चकेरी पर कन्या और उसका परिवार अपनी फरियाद लेकर पहुंचा तो वहां से भी मायूसी हाथ लगी।

थाना चकेरी पर बीते दिन शनिवार को अपने साथ फलों की टोकरी और पूजा पाठ का सामान लिए हुए एक युवती अपने परिजनों के साथ पहुंची और वहां पर तैनात नारी सम्मान का गुणगान करने वाले पुलिसकर्मियों से बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस में ही जालौन के माधवगढ़ में सिपाही के पद पर तैनात जनपद फतेहपुर के ललौली में निवास करने वाले अनमोल यादव के साथ उसका विवाह होना तय हुआ था, आरोप है कि सिपाही अनमोल यादव और उसके परिजनों ने 13 लख रुपए दहेज में मांगे थे और यह रुपए की देने की शर्त पर पर मामला तय हो गया था, युवती के द्वारा चकेरी थाने में दी गई तहरीर में लिखा गया है कि उसके माता-पिता की अनुपस्थिति में सिपाही अनमोल यादव के द्वारा घर पर आकर उसका जबरन बलात्कार किया गया जिसका वीडियो भी बनाया गया और धमकाया गया कि अगर इस घटना की जानकारी कहीं भी किसी को दी तो वीडियो वायरल करके जिंदगी खराब कर दी जाएगी, यह भी बताया कि विवाह और गोद भराई की तारीख भी तय हो गई, विवाह और गोद भराई की तारीख तय करने के बाद अनमोल और उसके परिजनों के द्वारा घर में मरम्मत करने के नाम पर लाखों रुपए ले लिए गए, कुछ पैसे युवती का पिता नहीं दे पाया तो बीते दिन शनिवार को गोद भराई की रस्म के लिए युवती अपने परिजनों संग कानपुर नगर के थाना चकेरी क्षेत्र स्थित सादर होटल पहुंचीं तो उसे होटल में घुसने नहीं दिया गया, पीड़ित युवती और उसके परिजनों के द्वारा बताया गया कि इसी होटल में अनमोल के परिजनों के द्वारा अनमोल की बहन की गोद भराई के रस्म हो रही है और इसी गोद भराई की रस्म में ही पीड़ित युवती की भी गोद भराई की रस्म पूरी होनी थी लेकिन मरम्मत के कुछ पैसे बाकी रह जाने पर जो दहेज स्वरूप देने थे उसके ना मिलने पर गोद भराई की रस्म को तोड़ दिया गया और अब शादी से भी इंकार कर दिया गया है। पीड़ित युवती और उसके परिजनों का कहना था कि चकेरी पुलिस ने भी उनकी कोई मदद नहीं की है होटल सादर के स्टाफ द्वारा अभद्रता तक की गई जबकि वह बड़ी आशा से आई थी कि अब योगी आदित्यनाथ की सरकार में पुलिस महिलाओं के सम्मान को लेकर काफी सजग है लेकिन आज उसके साथ जो चकेरी थाने में हुआ है उससे अब उसका विश्वास यूपी पुलिस से उठ चुका है। युवती का कहना है कि अगर उसे न्याय नहीं मिला तो वह खुद की जीवन लीला भी समाप्त कर लेगी। इस मामले में सिपाही अनमोल यादव और उनके परिजनों से उनका पक्ष जानने के लिए काफी प्रयास किए गए लेकिन पक्ष जानना संभव नहीं हो पाया, अगर सिपाही और उसके परिजन अपना पक्ष रखना चाहते हैं तो वह जन एक्सप्रेस को अपना पक्ष उपलब्ध करा सकते हैं।

## शिवाकांत महाराज की अगुवाई में सनातन यात्रा का शुभारंभ



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

सनातनियों को एकत्रित करने के लिए उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में सनातन यात्रा निकलने का बीते दिन शनिवार से शुभारंभ हो गया है। इसी कड़ी में कल्यानपुर स्थित कन्हा श्याम अपार्टमेंट से अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक शिवाकांत महाराज की अगुवाई में सनातन यात्रा का शुभारंभ किया गया। इस यात्रा में पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा समेत अनेको हिंदू संगठन के पदाधिकारी गण सहित कानपुर के वरिष्ठ साधु संत भी इसमे शामिल हुए। यात्रा कानपुर के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए आनंदेश्वर मंदिर पहुंची जहां उसका समापन हो गया। इस यात्रा में शामिल होने के लिए हजारों हिंदू सनातनी लोगों की भीड़ मौजूद रही। यात्रा के संबंध में जानकारी देते हुए अंतरराष्ट्रीय कथावाचक शिवाकांत महाराज ने बताया कि पूरे भारतवर्ष को सनातन मय बनाना है, जिसको लेकर उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में आज से सनातन यात्रा निकलनी शुरू हो गई है, उन्होंने आगामी यात्रा निकलने के कार्यक्रमों की भी जानकारी दी और यह भी बताया कि इसमें सभी धर्म के लोग बढ़-चढ़कर शामिल हो रहे हैं।

## सेठ आनंदराम जैपुरिया में हर्षोल्लास से मनाया गया स्कूल का 49 वॉ स्थापना दिवस

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



शनिवार को सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल का 49 वॉ स्थापना दिवस समारोह सृष्टि-सृजन की शक्ति अत्यंत हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर गिरीश चंद्र त्रिपाठी अध्यक्ष, उच्च शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश तथा विशिष्ट अतिथि डॉ.सचिन गुप्ता कुलाधिपति संस्कृति विश्वविद्यालय, मथुरा ने पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। जैपुरिया शिक्षण संस्थान समूह के चेयरमैन शिशिर जैपुरिया एवं जैपुरिया शिक्षण संस्थान समूह के सलाहकार विनोद मल्होत्रा की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को द्विगुणित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं शिशिर जैपुरिया के आशीर्वचनों एवं गणमान्य अतिथियों के स्वागत भाषण से हुआ, तत्पश्चात् विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती शिखा बनर्जी ने विद्यार्थियों की प्रगति एवं विद्यालय की उपलब्धियों की वार्षिक आख्या प्रस्तुत की। डॉ.राजाराम जैपुरिया अचीवर्स पुरस्कार विद्यालय के पूर्व छात्र, अनिल कुमार सागर, 1998 उत्तर प्रदेश कैडर के आई ए.एस.अधिकारी को उनके अनुकरणीय उत्कृष्ट कार्यों हेतु प्रदान किया गया। अनिल कुमार सागर वर्तमान में अवसंरचना एवं औद्योगिक विकास विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के प्रधान सचिव है। इस अवसर पर विद्यालय के जी एम शैलेन्द्र अग्निहोत्री, प्रबंध-तंत्र के सभी गणमान्य सदस्य तथा समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## बाबा मेडिकल एवं सर्जिकल स्टोर के पास होलसेल का लाइसेंस, रिटेल में बेच रहे दवा



जन एक्सप्रेस | सनी राव मोघे

कानपुर नगर। कल्याणपुर क्षेत्र जहां एक ओर मानक विहीन अस्पतालों की भरमार है। वहीं दूसरी ओर दर्जनों मेडिकल स्टोर बगैर लाइसेंस के चल रहे हैं। इनमें से कुछ मेडिकल स्टोर के पास होलसेल का लाइसेंस है लेकिन व रिटेल में दवा बेच रहे हैं दवा बेचने के लिए रिटेल का लाइसेंस भी होना बहुत जरूरी है। सूत्रों के मुताबिक कल्याणपुर नया शिवली रोड स्थित बाबा मेडिकल एवं सर्जिकल सेंटर उनमें से एक है। जिसके पास होलसेल का लाइसेंस है लेकिन स्टोर संचालक रिटेल में भी बड़े पैमाने पर दावाओं को बेचने का कार्य कर रहा है। जबकि मानक के अनुरूप होल सेल की दवाओं को बेचने के लिए फार्मासिस्ट का होना नितांत आवश्यक है। इसके अलावा होल सेल की में दवा बेचने के लिए तीन साल का एक्सपीरियंस होना चाहिए जो बाबा मेडिकल सेंटर एवं सर्जिकल सेंटर के मालिक के पास नहीं हैं। अब समझने वाली बात यह है कि आखिर डी आई ने किस आधार पर मेडिकल स्टोर संचालक को लाइसेंस दे दिया। इतना ही नहीं यहां पर डी दवाइयां भी बड़े पैमाने पर बेची जा रही है।

....शेष अगली खबर में

## बेसिक लाइफ सपोर्ट पर कार्यशाला का आयोजन



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के फिजियोलॉजी विभाग द्वारा शनिवार को एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं एवं विभाग के जूनियर रेजिडेंट्स के लिए बेसिक लाइफ सपोर्ट पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें एनेस्थीसिया विभाग के सहायक आचार्या डॉ.स्वाति एवं डॉ.पल्लवी द्वारा छात्रों को कार्डियोपल्मोनरी पुनरूत्थान (सीपीआर) के विषय में जानकारी दी गई। फिजियोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.डॉली रस्तोगी ने प्रधानाचार्य डॉ.संजय काला एवं एनेस्थीसिया के विभागाध्यक्ष डॉ.अनिल वर्मा को धन्यवाद दिया। कार्यशाला में विभाग के चिकित्सा शिक्षक एवं जूनियर रेजिडेंट्स मौजूद रहे।

## पीएम आवास के नाम पर जालसाजी करने वाले गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

सचेंडी थाना क्षेत्र के रेवरी गांव से प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को एसटीएफ की लखनऊ यूनिट एवं स्थानीय थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। यह जानकारी शनिवार शाम को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम जोन आकाश पटेल ने दी। उन्होंने बताया कि पकड़े गये आरोपितों में अनिरुद्ध सिंह, संतोष, दिलीप और अजीत है। पकड़े गए गिरोह के सदस्यों के कब्जे से मोबाइल फोन और कई फर्जी आधार कार्ड सहित अन्य सामान बरामद किये गए है। संतोष के खिलाफ इससे पूर्व चौबेपुर थाने में मुकदमा दर्ज है। गिरोह में सक्रिय अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। प्रधानमंत्री आवास दिलाने समेत अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर लोगों से धन उगाही कर रहे थे। इस बात की सूचना लखनऊ एसटीएफ को जानकारी मिली। जिसके बाद टीम ने स्थानीय पुलिस टीम से सम्पर्क करके गिरोह की तलाश में सूचनाएं संकलित कर रही थी। इसी बीच शनिवार को गिरोह में सक्रिय उक्त चारों सदस्य पुलिस टीम के पकड़ में आ गये। सभी के खिलाफ सचेंडी थाने में मुकदमा दर्ज करके विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में एसटीएफ की टीमें लगी हुई है।

## महानिदेशक स्कूल शिक्षा को सौंपा 13 सूत्रीय मांग का ज्ञापन

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर एसोसिएशन के प्रांतीय पदाधिकारियो ने शनिवार को महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद से भेंट कर मुख्यमंत्री को संबोधित 13 सूत्रीय मांग का ज्ञापन सौंपा। प्रदेश महामंत्री संतोष तिवारी ने बताया कि पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश के जनपदों की समस्याओं प्रबंधतंत्रो की मनमानी पर अंकुश लगाने से अवगत कराने के साथ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की लिपिक पद पर पदोन्नति, अवकाश शेष रहते शिक्षकों, कर्मचारी के वेतन से अवैध कटौती किए जाने, दफ्तरी पद पर निरीक्षकों द्वारा पदोन्नति का अनुमोदन न दिए जाने तथा प्रबंधन द्वारा आए दिन शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का मनमानी तरीके से निलंबन कर महीनो आर्थिक उत्पीड़न किए जाने की प्रथा को समाप्त कराए जाने आदि की मांग उठाई गई। जिस पर महानिदेशक ने जल्द ही सकारात्मक व धरातल पर दिखने वाली कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मुज्तबा हुसैन, प्रदेश महामंत्री संतोष तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष शिवनारायण दीक्षित, भगवत प्रसाद जोशी, रमेश चंद्र पांचाल, जितेंद्र सिंह सहित प्रदेश के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## बिल्हौर विधायक ने इंटरलॉकिंग सड़क का किया उदघाटन

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

चौबेपुर। विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत शादीपुर के मजरा गम्भीरपुर में त्वरित आर्थिक विकास योजना से नवनिर्मित 530 मीटर लंबी इंटरलाकिंग सड़क का बीते दिन शनिवार को बिल्हौर के लोकप्रिय विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने लोकार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने संबोधित करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी द्वारा देश व प्रदेश में विकास की गंगा बहाई जा रही है। आगामी लोकसभा चुनाव में हम सभी को पार्टी के हाथों को मजबूत करना है। जिसमें चौबेपुर मण्डल अध्यक्ष अमिताभ त्रिपाठी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष संतोष यादव, ग्राम प्रधान किशन सोनकर, अतुल त्रिवेदी, देवा यादव, मुकेश यादव, टिंकू अग्निहोत्री आदि उपस्थित रहे हैं।

## भाजपायों ने घर-घर दी दस्तक, मतदाता सूची का किया मिलान

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



भाजपा द्वारा नए मतदाता बनाने के उद्देश्य से शनिवार को प्रदेश से जिला और मंडल से बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं ने घर घर दस्तक देकर एक एक व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से मिलान किया। उन्होंने मतदाता सूची में नाम न होने पर मौके पर ही फार्म 6 भरवाया। इस अवसर पर पार्टी के सांसद, विधायक, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, पार्षद सहित सभी जनप्रतिनिधि के अलावा प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल, शक्ति केंद्र व बूथों के कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर दिन भर मौजूद रहे। अधिक से अधिक मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट में शामिल कराने के लिए भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह और सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने जरौली, सरसौल, श्याम नगर, के ब्लॉक किदवई नगर, निराला नगर, यशोदा नगर क्षेत्र में कार्यकर्ताओं संग घर घर संपर्क कर 18 वर्ष वाले युवाओं का मौके पर ही फार्म भरवाया। उन्होंने मतदान केंद्रों में पहुंचकर मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं एवं बीएलओ से अधिक से अधिक मतदाता बनाने को कहा। सभी शक्ति केंद्रों में प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में जिला पदाधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने मतदान केंद्र में आने वाले लोगों से अपने परिवार के अन्य सदस्यों के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने का आग्रह किया। इस अवसर पर जिला प्रवासी सुनील बजाज, रामबहादुर यादव, विनोद मिश्रा, रघुनन्दन भदौरिया, अर्जुन बेरिया,राजन चौहान, वंदना गुप्ता, शिवपूजन सविता, रजनीश गर्ग, मनीष त्रिपाठी, शिवम मिश्रा भी अपने प्रभार वाले शक्ति केंद्रों में मौजूद रहे।

## मिनी साइक्लोथान रैली का आयोजन

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर | उत्तर प्रदेश सरकार एवं एनसीसी निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार 17 यूपी गर्ल्स बटालियान के अधिकारी कर्नल वेंकटेशन द्वारा महिला महाविधालय की एनसीसी इकाई के 76वे एनसीसी दिवस के समारोह के अवसर पर मिनी साइक्लोथान, साइकिल रैली का आयोजन किया गया। मिनी साइक्लोथान साइकिल रैली कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एनसीसी मुख्यालय कानपुर के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर वेंकटेशन आर, 17 यूपी गर्ल्स बटालियन की प्रशासनिक अधिकारी मेजर भावना लोहानी, महाविधालय की कार्यवाहीक प्रचार्या प्रो0 प्रतिभा श्रीवास्तव उपस्थित रही।एनसीसी प्रभारी डा0 दीपाली निगम ने अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्या ने कहा छात्राएं एनसीस में भाग लेकर कई उपलब्धियां प्राप्त कर रही है साथ ही विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी नौकरियों में भी अवसर प्राप्त कर महाविधालय को गौरवान्वित कर रही है। कार्यक्रम के उपरान्त साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। अंत में प्रभारी डा. दीपाली निगम द्वारा धन्यवाद प्रेषित किया गया।

## विशेषज्ञों ने कुलपति को दी ड्रोन की तकनीक एवं उसके प्रयोग की जानकारी

जन एक्सप्रेस | प्रदीप शर्मा



**कानपुर नगर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में शनिवार को ड्रोन का सफल परीक्षण किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह ने ड्रोन को रवाना किया। इस अवसर पर ड्रोन के विशेषज्ञों ने कुलपति को ड्रोन की तकनीक एवं उसके प्रयोग में ली जाने वाली सावधानियों तथा उपयोगिता के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ड्रोन के माध्यम से 8 घंटे में 30 हेक्टेयर क्षेत्र में कृषि रक्षा रसायनों एवं उर्वरकों का छिड़काव कर कम रसायन से अधिक क्षेत्रफल में छिड़काव व लागत में कमी लाते हुए आय में वृद्धि के साथ सब्जियों फलों एवं उद्यानिकी फसलों में 10 मीटर की ऊंचाई तक फसलों में लगने वाले कीट रोगों के नियंत्रण में सुगमता प्राप्त होगी। कुलपति डॉ.आनन्द कुमार ने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के वित्त सहयोग से यह ड्रोन लाया गया है। जिससे किसानों के प्रक्षेत्रों पर अधिक से अधिक ड्रोन का प्रयोग किया जा सके और किसान लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर निदेशक प्रसार डॉ.आर.के.यादव, कुलसचिव डॉ.पी.के. उपाध्याय, डॉ.मुनीश कुमार, डॉ.खलील खान सहित विभागाध्यक्ष एवं संकाय सदस्य, अधिकारी एवं वैज्ञानिक मौजूद रहे।

# जिला उद्योग बन्धु, श्रम बन्धु एवं औद्योगिक व्यापारिक सुरक्षा फोरम की बैठक

**✻ उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर हो निस्तारणः जिलाधिकारी**

जन एक्सप्रेस। अमेठी




शनिवार को कलेक्ट्रेटसभागार में जिला उद्योग बन्धु,श्रम बन्धु एवं औद्योगिक,व्यापारिक सुरक्षा फोरम की बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने श्रम बन्धु की समीक्षा करते हुए उपस्थित उद्यमियों, व्यापारियों को श्रम विभाग में शतप्रतिशत पंजीकरण कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों में लगे श्रमिकों का भी पंजीकरण कराने को कहा और सहायक श्रमायुक्त को श्रमिकों का पंजीकरण कराने के साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की श्रमिकों को जानकारी देने एवं उन्हें योजनाओं से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। उद्योग व्यापार मेमोरेण्डम की समीक्षा, एक जनपद एक उत्पाद, मूंज क्राफ्ट के अन्तर्गत वित्त पोषण हेतु सहायता योजना संचालित किये जाने की स्वीकृति तथा विद्युत भार स्वीकृति एवं ऊर्जीकरण पर विचार,पूंजी निवेश, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, सीएसआर के अंतर्गत विभिन्न इकाइयों से प्राप्त प्रस्ताव की सहमति पर विचार सहित औद्योगिक संगठनों उद्यमियों की सुरक्षा व्यवस्था तथा प्राप्त शिकायतों का निस्तारण के संबंध में समीक्षा की गई।बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र राजीव कुमार पाठक ने करते हुए गत बैठक की कार्यवाही सहित बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं को समिति के समक्ष रखा तथा बैठक के अन्त में उपस्थित सभी के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, सीएमओ डा.अंशुमान सिंह,खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी महेन्द्र मिश्र, अधिशासी अभियंता यूपीएसआईडीसी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व उद्यमी उपस्थित रहे।

# संविधान बचाओ यात्रा 26 नवंबर को

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

26 नवंबर को संविधान बचाओ यात्रा में शामिल हो संविधान के प्रति अपने संकल्प को दोहराने हेतु संविधान यात्रा में शामिल होकर आवाज बुलंद करें। प्रदेश अध्यक्ष प्रबुद्ध प्रकोष्ठ जदयू उत्तर प्रदेश ओमप्रकाश उपाध्याय ने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्री बिहार सरकार श्रवण कुमार एवं बिहार विधान परिषद सदस्य रविंद्र नाथ प्रभारी उत्तर प्रदेश के आदेश के क्रम में दिनांक 26 नवंबर को पार्टी कार्यालय 38 मेजर बैंक्स रोड विधानसभा गेट नंबर 6 के सामने से संविधान बचाओ यात्रा प्रारंभ होकर हजरतगंज स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा परमाल्या अर्पण करके श्रद्धा सुमन अर्पित किया जाएगा एवं तत्पश्चात संविधान बचाओ विचार गोष्ठी का आयोजन होगा। सुल्तानपुर के समस्त जागरूक नागरिकों से अनुरोध है कि बढ़कर कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी भूमिका का निर्वहन करें।

# अग्निवीर भर्ती रैली 19 दिसम्बर से अमेठी में



जन एक्सप्रेस। अमेठी

केंद्रीय महिला बाल विकास एवं अल्प संख्यक कल्याण मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति इरानी के प्रयास से सेना भर्ती कार्यालय अमेठी द्वारा आगामी 19 दिसंबर से होगी। तेरह जिलों के लिए अग्निवीर सेना भर्ती रैली का आयोजन डा. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में हो रहा है। केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि दीदी स्मृति के प्रयास से संसदीय क्षेत्र अमेठी के साथ ही आसपास के जिलों के युवाओं के लिए अग्निवीर सेना भर्ती रैली में शामिल होने का मौका मिलेगा। दस दिनों तक चलने वाली भर्ती रैली में लगभग एक हजार उम्मीदवार भाग लेंगे। जिन्होंने अप्रैल 2023 में आयोजित आनलाइन कामन एंट्रेंस एग्जाम सीईई उत्तीर्ण किया है।यह भर्ती रैली अग्निवीर जीडी, अग्निवीर क्लर्क, अग्निवीर टेक्निकल और अग्निवीर ट्रेड्समैन ट्रेड के लिए आयोजित की जा रही है। इस रैली में प्रदेश के अमेठी, रायबरेली, अम्बेडकर नगर, अयोध्या, बस्ती, कौशांबी, कुशीनगर, महराजगंज, प्रतापगढ़, प्रयागराज, संतकबीर नगर, सुलतानपुर और सिद्धार्थ नगर सहित कुल तेरह जिलों के अभ्यर्थी भाग लेंगे।

# 30 नवंबर को एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

जिला सेवायोजन कार्यालय (मॉडल कॅरियर सेंटर) के द्वारा सविता प्राइवेट आई.टी.आई. अहमदपुर किलौली विधानसभा हरचन्दपुर, रायबरेली में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन 30 नवम्बर 2023 को किया जा रहा है। रोजगार मेला में डॉन बोस्को टेक स्किलिंग इंडिया (रॉयल एनफील्ड), पीपल ट्री ऑनलाइन, शिवशक्ति बायोटेक्नोलॉजी लि0, ब्राइट फ्यूचर ऑग्रेनिक हर्बल एण्ड आयुर्वेदिक प्रा0लि0, स्फाकिया एग्रोटेक प्रा0लि0, जी0 फोर0 एस0 सिक्योर सॉल्यूशन इण्डिया प्रा0 लि0, पुखराज हेल्थ केयर प्रा0 लि0, स्फाकिया एग्रोटेक प्रा.लि. द्वारा सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव, ऑफिस स्टाफ, कम्प्यूटर ऑपरेटर, एच.आर.मैनेजर, हेल्पर सुपरवाइजर, पिकर पैकर, ऑपरेटर, ए.टी.एम. कस्टोडियन, एग्जीक्यूटिव, सेल्स एग्जीक्यूटिव, फील्ड ऑफिसर्स, एरिया ऑफिसर्स, सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव, डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट मैनेजर, एरिया मैनेजर, ब्लॉक मैनेजर, सेल्स प्रमोटर, ट्रेनी आपरेटर, आटोमोटिव, मैन्युफैक्चरिंग, टेक्नीशियन, सिक्योरिटी गार्ड, वेलनेस एडवाइजर पद हेतु चयन प्रकिया सम्पादित की जायेगी। आयु 18 से 45 वर्ष, शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक अभ्यर्थी ही प्रतिभाग कर सकते है। उपरोक्त कम्पनियां लगभग 623 रिक्तियों के साथ प्रतिभाग कर रही है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजन के दौरान ग्रामीणों को योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी

जन एक्सप्रेस। अमेठी




विकसित भारत संकल्प यात्रा के चौथे दिन जिले की त्रिलोकपुर, भगनपुर, बासुपुर, मझवारा तिलोई, राजामऊ, उतेलवा, बरसंडा व ब्यौरेमऊ में जनकल्याणकारी कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा सम्बन्धित योजनाओं के स्टॉलों को लगाया गया एवं इन स्टॉलों पर विभिन्न योजनाओं से वंचित रह गये पात्र लाभार्थियों का नामांकन किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं जनसामान्य को पंचप्रण की शपथ दिलाई।

**मेरी कहानी मेरी जुबानी** के तहत सरकार के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित व्यक्तियों द्वारा प्राप्त होने वाले लाभ के बारे में अपने-अपने अनुभवों को साझा किया गया। इस अवसर पर एलईडी वीडियो वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री का रिकॉर्ड किया गया संदेश जनसामान्य को दिखाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों राजस्व विभाग द्वारा भूमि विवाद से सम्बन्धित राजस्व चौपाल, पुलिस विभाग द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, खादी ग्रामोद्योग जल जीवन मिशन, एनआर एलएम बाल विकास पेंशन, स्वास्थ्य विभाग सहित कई अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर वर्तमान जनहित की योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए अब तक संचालित योजनाओं से वंचित लोगों के आवेदन कराए गए। और सम्बन्धित योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा गीत, नाटक आदि प्रस्तुत किया गया।

# न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में कार्तिक पूर्णिमा व गुरूनानक जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में आजाद हाउस के सौजन्य से कार्तिक पूर्णिमा व गुरू नानक जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह एवं हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी नानक देव जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम में स्कूल की छात्रा उमरा ने अपने सहपाठियों को गुरू नानक के जीवन से जुड़ी अनेक जानकारियों से अवगत कराया। उन्होंने नानक देव को जाति-पांति से परे, प्रेम, एकता, समानता, भाईचारा और आध्यात्मिक ज्योति का संदेश देने वाला बताया। कार्तिक पूर्णिमा के सम्बन्ध में बताते हुए कहा कि यह हिन्दू धर्म का सबसे महत्वपूर्ण पर्व है। इस शुभ दिन लोग व्रत रखते हैं और गंगा स्नान करते हैं। अंत में प्रधानाचार्य ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कार्तिक पूर्णिमा में गंगा स्नान, हवन, दान, व्रत रखकर भगवान विष्णु का पूजन बेहद शुभ और पुण्य फलदाई माना जाता है। इसे 'त्रिपुरी पूर्णिमा' भी कहते है। इसी तरह सिख धर्म में कार्तिक पूर्णिमा के दिन को प्रकाशोत्सव के रूप में मनाया जाता है। क्योंकि इसी दिन सिख सम्प्रदाय के संस्थापक गुरूनानक देव का जन्म हुआ था। इसे गुरूपर्व या प्रकाश पर्व के नाम से भी जानते हैं। नानक देव का कहना था कि दूसरों की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। मानवता की सेवा ही जीवन का मूल सिद्धांत होना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दिव्यांग सेवा ईश्वरीय कार्य, उनके जीवन में खुशहाली लाना प्राथमिकता : मेनका गांधी

**✻ 1243 दिव्यांगो को वितरित किया सहायक उपकरण**

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर



पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र दौरे के दूसरे दिन सामाजिक न्याय और आधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की एडिप योजना के तहत चयनित 1243 दिव्यांगों को 186 लाख 95 हजार कीमत के 2361 कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण वितरित किए।

शहर के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित भव्य समारोह को संबोधित करते हुए सांसद मेनका संजय गांधी ने कहा दिव्यांगजन दिव्य शक्ति संपन्न होते हैं।दिव्यांग सेवा ईश्वरीय कार्य होता है।उनके जीवन में खुशहाली लाना हमारी प्राथमिकता है। श्रीमती गांधी ने कहा जिले में 15 हजार दिव्यांग है।

सरकार दिव्यांगों को आवास, शौचालय, मुफ्त गैस कनेक्शन आदि देने का काम कर रही है। आपको बतादें सांसद मेनका गांधी के पहल पर एलिम्कों की विशेषज्ञ टीम ने 22 से 28 जून तक पांच तहसीलों व जिला पंचायत परिसर में दिव्यांगजन परीक्षण शिविर लगाकर लाभार्थी चयनित किये थे। इसके पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा, विधायक विनोद सिंह, ताहिर खान, भाजपा नेता रामचन्द्र मिश्र ने कार्यक्रम को संबोधित किया। पूर्व सांसद मेनका सहित मंचासीन नेताओं ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सांसद मेनका, जिलाध्यक्ष डा.आरए वर्मा विधायक विनोद सिंह व ताहिर खान आदि ने हरी झंडी दिखाकर दिव्यांगो को 212 मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, 533 ट्राई साइकिल, 214 फोल्डिंग व्हील चेयर वितरित किए। इसके अतिरिक्त 865 वैशाखी, 286 वाकिंग स्टीक,7सीपी चेयर, 1एडिएल किट,14 ब्रेल केन, 48 रोलेटर, 75 कान की मशीन, 24 सुगम्य केन, 2 स्मार्ट फोन एवं 103 कृत्रिम अंग एवं कैपिलर्स भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम में एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक सीताराम वर्मा, ऊषा सिंह, डॉ सीताशरण त्रिपाठी डीएम कृतिका ज्योत्सना, एसपी सोमेन वर्मा, सीडीओ अंकुर कौशिक, पीडी केके पांडे, प्रतिनिधि रणजीत कुमार, मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी, ब्लाक प्रमुख डॉ कुंवर बहादुर सिंह, शिव कुमार सिंह, योगेन्द्र प्रताप सिंह, नन्दन चतुर्वेदी, संतोष दूबे जफर खान, राजेश पाण्डे आदि मौजूद रहे।।संचालन खण्ड विकास अधिकारी कादीपुर ज्ञानेन्द्र मिश्रा ने किया।इसके बाद सांसद श्रीमती गांधी तहसील जयसिंहपुर में बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह व कमला नर्सिंग होम बरौसा में समाजसेवी चन्द्रशेखर शुक्ला द्वारा आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में शामिल हुई। 2:00 बजे सांसद श्रीमती गांधी बरौसा से दियरा , लंभुआ, जौनपुर होते हुए एम्फी थियेटर मैदान काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी में छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित महानाट्य मंचन **जाणता राजा** कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हो गई।इसके पूर्व श्री जनता दरबार लगाकर सांसद ने सैंकड़ो फरियादियों की समस्याओं को निस्तारित किया।मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि रविवार को सांसद श्रीमती गांधी विकास खण्ड कार्यालय परिसर कूरेभार में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम व ग्राम सरवन में शैलेन्द्र सिंह प्रधान के प्रीतिभोज कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पूर्वांचल एक्सप्रेस होते हुए दिल्ली को प्रस्थान करेंगी।

# आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय सचिव सुभासपा ने भरी हुंकार

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर



सुभासाप राष्ट्रीय सचिव अलका पाण्डेय ने जिले के विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम में शामिल हुई। सर्वप्रथम पूर्व विधयाक राम चन्द्र चौधरी के घर पूर्व में सम्पन्न हुए विवाह कार्यक्रम में न पहुँच पाने पर आज परिवार को आशीर्वाद दिया। इसके उपरान्त राष्ट्रीय सचिव ने विजेठुआ महाबीरन में बजरंग बली का आशीर्वाद लिया। विजेठुआ महाबीरन में आगमन पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

राष्ट्रीय सचिव श्रीमती अलका पाण्डेय ने कहा कि आगामी लोक सभा चुनाव को पूरे दम खम से लड़ा जाएगा। उन्होंने इस अवसर पर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सतीश मिश्र व संघटन मंत्री राहुल श्रीवास्तव % मोनू% को निर्देशित किया कि आगामी लोक सभा चुनाव को मजबूत बनाने के लिए जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की फौज खड़ी करें और आम जन मानस का भरपूर सहयोग करें। राष्ट्रीय सचिव का पायगीपुर चौराहे व अमेठी के मुसाफिरखाना में कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

राष्ट्रीय सचिव अलका पाण्डेय ने राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर को मंत्री बनाये जाने के सवाल पर कहा कि देर का फल मीठा होता, उन्होंने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व व प्रदेश के मुख्यमंत्री पर भरोसा जताते हुए कहा जल्द ही योगी सरकार कैबिनेट के विस्तार होगा जिसमें अध्यक्ष जी शामिल होगी। एक सवाल पर उन्होंने कहा प्रदेश में सपा अपने अंतरकलह से जूझ रही है। सपा के मुखिया पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो अपने परिवार नहीं हुआ वो प्रदेश व राष्ट्र का क्या भला कर सकता है।

विभिन्न कार्यक्रमो में दर्जनों पदाधिकारियों व सैकड़ो कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता सुभाष यादव, प्रदेश सचिव संजय दूबे, सुभासपा आई टी सेल के जिला अध्यक्ष दुर्गेश पाण्डेय, अनुराग श्रीवास्तव,देव पटेल, अभिषेक पटेल, शिवम पाण्डेय मौजूद रहे।

# जूनियर की मान्यता पर चल रहा है इंटर कॉलेज, अभिभावकों ने की शिकायत

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

जनपद सुल्तानपुर के कुड़वार बाजार स्थित के एन टी पब्लिक स्कूल पूरे राम भद्र पंडित गांव में विद्यालय इन दिनों चर्चा पर है अभिभावकों का आरोप है कि जूनियर हाई स्कूल की मान्यता लेकर विद्यालय प्रबंधन कमेटी इंटर कॉलेज की कक्षा विद्यालय में संचालित कर रहे हैं। शिकायत के बाद भी स्थानीय प्रशासन बेखबर साबित हो रहा है शासन से जिले में सूचना के बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी को अवैध विद्यालय अपनी सूची में नहीं दिखाई दिए। सूत्रों द्वारा पता चल रहा है कि जिला मुख्यालय से लेकर खंड शिक्षा अधिकारी महीने की मोटी रकम लेकर विद्यालय संचालित करवा रहे हैं यही नहीं प्रबंध कमेटी बच्चों को विद्यालय में किताब ड्रेस की व्यवस्था खुद सप्लाई कर रहे है जिसे लेकर चहु ओर चर्चा है। क्षेत्र में अवैध विद्यालय संचालन होने के बाद भी एबीएसए से कुड़वार से शिकायत करने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। हजारों छात्रों का भविष्य खतरे में है छात्र व छात्राओं को विद्यालय में महंगे दामों में एडमिशन का क्षेत्र के दूसरे विद्यालय में बच्चों का एडमिशन करवा देते हैं। दूर दराज गवई विद्यालय में एडमिशन के बाद बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। वही नई शिक्षा नीति के अनुसार आयोग से यह भी सूचना आई है कि विद्यालय में जितने बच्चे हैं 80त्न से ऊपर उनकी उपस्थिति होना अनिवार्य है परंतु कई बेखौफ प्रबंध कमेटी शिक्षा माफिया छोटे-मोटे विद्यालय के बच्चों को अपने यहां पंजीयन कर माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की मान्यता बरकरार बनाए हुए हैं।

# सिख पंथ के संस्थापक गुरूनानक देव की 555वीं जयंती के साथ मनाया गया राष्ट्रीय संविधान दिवस

जन एक्सप्रेस। रायबरेली




शनिवार को न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल त्रिपुला, रायबरेली में सिख पंथ के संस्थापक एवं सिखों के प्रथम गुरूनानक देव की 555वीं जयंती के साथ राष्ट्रीय संविधान दिवस मनाया गया। विद्यालय में आयोजित कायर्क्रम के अंतर्गत विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने गुरुनानक जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धा-सुमन समर्पित किये। इस अवसर पर विद्यालय की छात्रा आराध्या ने भारतीय संविधान की स्थापना दिवस के विषय में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय संविधान विश्व का लिखित एवं विस्तृत संविधान है, इसमें 395 अनुच्छेद एवं 12 अनुसूचियाँ हैं। भारतीय संविधान संघात्मकता एवं एकात्मकता का मिश्रण है, जिसके निर्माण में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की महत्वपूर्ण भूमिका थी। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र लक्षदीप अंबेडकर जी की भूमिका में आकर्षण के प्रमुख केंद्र रहे, इसी श्रृंखला में विद्यालय की छात्रा अनन्या ने गुरुनानक जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान जब अनुग्रह करते हैं तो अपने प्रतिनिधि के रूप में किसी न किसी महापुरुष को इस धरती पर अवतरित करते रहे हैं गुरुनानक देव जी उसी का एक रूप हैं। उनका जीवन शरद ऋतु के चंद्रमा के समान शीतल एवं उज्ज्वल रहा है, उन्होंने अपने उपदेशों से जन सामान्य को सेवा, समपर्ण, त्याग एवं भाईचारे की भावना का संदेश दिया, जो मानव समाज के लिए आदर्श है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरुनानक देव जी ऐसे व्यक्तित्व के धनी महापुरुष थे, जिन्होंने मानवीय संविधान में बंध कर संस्कारित जीवन जीने की प्रेरणा दी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सुव्यवस्थित समाज के लिए एक प्रभावी संविधान का होना आवश्यक होता है और उसका अनुपालन करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य होना चाहिए। कार्यक्रम का कुशल संचालन विद्यालय की शिक्षिका पिंकी जायसवाल के नेतृत्व में विद्यालय की छात्रा सृष्टि ने किया।

# चोर ने शुभांगी हॉस्पिटल में किया हाथ साफ, कम्प्यूटर से हार्डडिस्क की गायब

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर



शहर के प्यारेपट्टी रोड़ स्थित सुप्रसिद्ध सर्जन राजेश गौतम का शुभांगी हास्पिटल है। बीती शाम चोर लगभग 7 बजे बडें नाटकीय ढंग से शुभांगी हास्पिटल में दाखिल हुआ, और सीधे उस कमरें में पहुंचा जहां मरीजों व अस्पताल के सारे आंकडें कम्प्यूटर में सेफ किया जाता है। चोर आराम से कमरें में घुसकर कम्प्यूटर से हार्ड डिस्क निकाल कर गायब हो गया। चोर को शायद पता था कि अस्पताल का सारा डेटा कम्प्यूटर हार्ड डिस्क में है। दूसरी तरफ चोर सीसीटीवी कैमरें में भी कैद हो गया। डॉक्टर राजेश गौतम ने चोरी की सूचना जैसे ही पुलिस को दिया। चौकी इंचार्ज शाहगंज अनूप सिंह मौके पर पहुंचकर बारीकी से पड़ताल करने के पश्चात अस्पताल के सभी कर्मियों की डिटेल लिया और बताया कि अतिशीघ्र चोर पुलिस के पकड़ में होगा। वही डॉ. राजेश गौतम ने बताया कि पुलिस द्वारा पूरा सहयोग मिल रहा है। उम्मीद है कि पुलिस इसका जल्द पता लगा लेगी। चौकी इंचार्ज शाहगंज ने बताया कि मौके से आवश्यक चीजे संकलित कर लिया है। हमारी जांच जारी है, बहुत जल्द चोरी का खुलासा हो जाएगा।

# यूपी विधानसभा सत्रः सदन में मोबाइल लेकर नहीं जा सकेंगे नेता, 66 साल बाद नए नियमों से संचालित होगा सत्र



* यूपी विधानसभा का सत्र 66 साल बाद नये नियमों के साथ संचालित होगा
* सत्र के दौरान महिला सदस्यों को बोलने में वरीयता दी जाएगी
* सत्र के दौरान झंडा बैनर ले जाने की अनुमति नहीं होगी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र आगामी 28 नवंबर से शुरू होने जा रहा है। 66 साल बाद योगी सरकार में विधानसभा सत्र नये नियमों के साथ संचालित होगा। पिछले सत्र में ही बदलावों को अनुमति मिलने के बाद अब इस सत्र से इन्हें लागू कर दिया जाएगा। इसके अंतर्गत अब नेताओं को सदन में मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा सत्र के दौरान सदन में झंडा और बैनर ले जाने पर भी प्रतिबंध होगा। वहीं योगी सरकार के दौरान नारी शक्ति को प्राथमिकता देने के संकल्प का सदन में भी असर देखने को मिलेगा। सत्र के दौरान महिला सदस्यों को बोलने में खास वरीयता दी जाएगी। मंगलवार से शुरू होने जा रहे यूपी विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सदन के वर्तमान और भूतपूर्व सदस्यों के निधन पर शोक व्यक्त किया जाएगा। वहीं 29 नवंबर को प्रथम पहर में सदन में औपचारिक कार्य, जिसमें अध्यादेशों, अधिसूचनाओं, नियमों आदि को सदन के पटल पर रखा जाएगा। साथ ही विधेयकों का पुनर्स्थापन कार्य होगा। दोपहर 12ः30 के बाद वित्तीय वर्ष 2023-24 के अनुपूरक अनुदानों की मांगों का प्रस्तुतिकरण एवं अन्य विधाई कार्य निपटाए जाएंगे। इस सत्र की सबसे खास बात ये रहेगी कि महिला सदस्यों को बोलने में वरीयता दी जाएगी। सत्र के तीसरे दिन 30 नवंबर को वित्तीय वर्ष 2023-24 के अनुपूरक अनुदानों पर चर्चा होगी। सदस्यगणों की मांगों पर विचार एवं मतदान होगा। साथ ही विनियोग विधेयक का सदन की अनुज्ञा से पुनर्स्थापन का कार्य होगा। इसके अलावा अन्य विधाई कार्य निपटाए जाएंगे। वहीं शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन 1 दिसंबर को विधायी कार्य निपटाए जाएंगे।

# भाजपा महानगर ने बूथ पर वोटर चेतना विशेष महाअभियान चलाया



* भाजपा महानगर बूथ प्रवास कर घर-घर पहुंचे जनप्रतिनिधि

**जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी**

**लखनऊ।** भाजपा महानगर के अंतर्गत वोटर चेतन महाअभियान वृहद स्तर चलाया गया जिसमे बूथ कार्यकर्ताओं के माध्यम वोटर लिस्ट का अवलोकन करके घर-घर संपर्क कर वोटर को बढ़ाने तथा संशोधन करने का काम के साथ वोटर लिस्ट में त्रुटियो में सुधार, नाम कटवाने का काम किया गया सभी 2304 बूथ इकाइयों में से 2060 बूथ पर संपर्क अभियान तेजी से किया गया। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने लखनऊ महानगर के कई बूथ पर जाकर वोटर लिस्ट का अवलोकन कर जागरूक करते हुए बांस मंडी चौराहा स्थित इंडस्ट्रियल इंटर कॉलेज पहुंचकर मतदाताओं से जनसंपर्क किया। वहीं वोटर चेतन विशेष महा अभियान में प्रदेश महामंत्री एवं लखनऊ प्रभारी त्र्यंबक त्रिपाठी इंदिरा नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर ए ब्लॉक, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह कपूरथला स्थित अलीगंज मोंटेसरी स्कूल, प्रदेश महामंत्री शिव भूषण सिंह लक्ष्मण पुरी कॉलोनी स्थित फॉर्मेटिव डे स्कूल, लखनऊ महापौर सुषमा खकर्वाल मनकामेश्वर वार्ड, एमएलसी मुकेश शर्मा गवर्नमेंट जुबली कॉलेज, विधायक डॉ नीरज बोरा मोहिबुल्लापुर स्थित बाल निकुंज इंटर कॉलेज सेक्टर ए और डी, पूर्व प्रत्याशी विधानसभा पश्चिम अंजनी श्रीवास्तव मेहंदी गंज स्थित जगन्नाथ प्रसाद साहू इंटर कॉलेज, पूर्व प्रत्याशी विधानसभा मध्य रजनीश गुप्ता भवाना सिंह शिवालय रोड विशाल मोंटेसरी स्कूल, पूर्व महानगर उपाध्यक्ष मनीष शुक्ला द मॉडर्न पब्लिक इंटर कॉलेज, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित गुप्ता नरही स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा कृष्णा नगर स्थित महानगर पब्लिक इंटर कॉलेज, अध्यक्ष राजधानी बैंक हरशरण लाल गुप्ता कृष्णा नगर स्थित महानगर पब्लिक इंटर कॉलेज, पूर्व क्षेत्रीय पदाधिकारी श्रीमती जयति श्रीवास्तव राजाजीपुरम स्थित सेंट एजनीज कॉलेज में वरिष्ठ नेता गण द्वारा बूथों पर प्रवास करके वोटर चेतन विशेष महा अभियान रहे।

# थाना समाधान दिवस में पुलिस ने फरियादियों की सुनी फरियाद

* लेखपाल की उदासीनता के चलते समस्याओं का नहीं हुआ निस्तारण

**जन एक्सप्रेस । इटौंजा-लखनऊ**



लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना पर समाधान दिवस थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। बता दें कि इटौंजा थाना समाधान दिवस में पांच शिकायतें आई जिसमें तीन राजस्व ज़मीन संबंधित शिकायते व दो शिकायते पुलिस विभाग से संबंधित शिकायते फरियादियों ने की। वहीं जिसमें किसी भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो पाया। वहीं 70 वर्षीय बुजुर्ग केदार निवासी कमालपुर कायस्थ ने जमीन कब्जे की शिकायत पत्र थाना प्रभारी को दिया, थाना प्रभारी ने शिकायती पत्र संबंधित लेखपाल प्रवीन को दिया, लेकिन लेखपाल ने शिकायत लेकर बुजुर्ग को कहा हम कुछ नहीं कर सकते। वहीं केदार ने बताया कि पिछले कई मीना से शिकायत कर रहा हूं लेकिन लेखपाल ध्यान नहीं दे रहे है। इस मौके पर थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी, कानून को राजेन्द्र प्रसाद, लेखपाल सत्यपाल, प्रवीन शुक्ला, उपनिरीक्षक पंकज मिश्रा, महोना चौकी प्रभारी धर्मेंद्र जैन, महिगवां चौकी प्रभारी पटेल राठी एवं फरियादी मौजूद रहे।

# लखनऊ विश्वविद्यालय के 103वें स्थापना दिवस का केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा ने किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय अपने स्थापना के 103वां साल पूरा कर रहा हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में शनिवार शाम को फाउंडेशन ईयर का शुभारंभ मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा व कुलपति ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के 6 पूर्व छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान लखनऊ यूनिवर्सिटी काफी टेबल बुक भी लॉन्च की गई। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा, ष्जो भी काम आपको मिले उसे पूरे मनोयोग से करें। गोस्वामी जी ने मानस में लिखा है कि कर्म प्रधान विश्व रचि राखा, जो जसी करे वो तस फल चाखा। छात्रों के साथ मेरा अध्यापकों को भी यही संदेश हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय को न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश में अब सम्मान मिल रहा हैं। हालिया रैंकिंग में उच्च स्थान मिलना ये दर्शाता हैं कि विश्वविद्यालय अनुसंधान पर फोकस कर रहा हैं। शिक्षा को आधुनिक दौर में अनुसंधान करना जरूरी हैं। एनईपी के क्रियान्वयन में भी आपने दिशा देने का काम किया है। इसके लिए भी आपको शुभकामनाएं।

# सरोजनीनगर में आरंभ हुआ सोलर-विद्युत जनचेतना अभियान

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

बिजली उत्पन्न करने के लिए पारंपरिक संसाधनों के कारण ग्लोबल वार्मिंग यानी धरती के तापमान में निरंतर बढ़ोत्तरी जिससे पर्यावरण को क्षति हो रही है। सौर ऊर्जा भारत की भावी ऊर्जा आवश्यकताओं और जीवाश्म ईंधन का सर्वश्रेष्ठ विकल्प है। भावी पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण प्रदान करने और उनके सुरक्षित भविष्य के लिए डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा सोलर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सरोजनीनगर को सोलर विधानसभा बनाने के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के संकल्प क्रम में शनिवार को क्षेत्र में सोलर-विद्युत जनचेतना अभियान के अंतर्गत नुक्कड़-नाटक व सोलर चेतना रथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नुक्कड़-नाटक के माध्यम से लोगों को रूफ्टॉप सोलर सिस्टम लगवाने की प्रक्रिया एवं इसके फायदे, सब्सिडी और बचत के बारे में बताया गया तथा पारंपरिक संसाधनों से होने वाले दुष्प्रभावों, ऊर्जा संरक्षण व सौर ऊर्जा के लाभ के प्रति जागरूक किया गया। सोलर चेतना रथ कार्यक्रम के अंतर्गत रथ को हरी झंड़ी देकर रवाना किया गया। यह रथ सरोजनीनगर के हर घर में सोलर पैनल लगवाने के लिए जनता को प्रोत्साहित करेगा।

क्षेत्र की जनता को सोलर पैनल लगवाने के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े इसके लिए विधायक द्वारा इस तरह के अभिनंदनीय आयोजन हेतु क्षेत्रीय जनता ने तारीफ की। इस दौरान एकमुश्त समाधान योजना (ओ.टी.एस.) एवं सोलर रूफ टॉप योजना का पंजीकरण कैंप लगाकर आवेदन भी स्वीकार किया गया। बता दें कि सरोजनीनगर को सोलर मॉडल बनाने की दिशा में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा अभी तक कई प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जा चुकी है। इस दिशा में सबसे पहले श्लखनऊ सोलर सिटीरू मॉडल निर्वाचन क्षेत्र - सरोजनीनगरश् संगोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें आरएमआई नॉलेज पार्टनर के रूप में यूपीनेडा का सहयोगी रहा। यह कार्यक्रम उपभोक्ताओं के लिए डेवलपर्स और फाइनेंसरों से सौर ऊर्जा खरीदने से जुड़ी प्रक्रिया, लागत और लाभों के बारे में जानकारी प्रदान करने का एक बेहतरीन मंच साबित हुआ।

इसके उपरांत डॉ. राजेश्वर सिंह के आशियाना आवास पर सरोजनीनगर हर घर सोलर अभियान के अंतर्गत श्विद्युत सोलर तथा जनप्रतिनिधि संवाद कार्यक्रमश् का आयोजन किया गया। इसमें अधिशासी अभियंता और अधीक्षण अभियंता की उपस्थिति में सरोजनीनगर को सोलर मॉडल विधानसभा के रूप में स्थापित करने के लिए भविष्य कार्ययोजना क्रियान्वन पर चर्चा और विचार-विमर्श हुआ। साथ ही सोलर अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सोलर रथ रवाना किया गया था।

# तिब्बत संसदीय दल ने महापौर को सौंपा 10 सूत्रीय मांग पत्र

**लखनऊ।** लालबाग स्थित लखनऊ नगर निगम मुख्यालय पर तिब्बत के संसदीय दल के तीन सांसदों ने लखनऊ की प्रथम नागरिक मा. महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल से शिष्टाचार भेट की। तिब्बत के सासंद ने 10 सूत्रीय मांग पत्र सौंप कर महापौर व लखनऊ की जनता से आजाद तिब्बत की अलख जगा कर, विश्व पटल पर उनके आजाद देश की मांग को हर पटल पर अहिंसा के साथ रखे जाने का आग्रह किया। तिब्बत की धार्मिक व सांस्कृतिक विरासत को चीन द्वारा दमनकारी नीति अपनाकर लगातार भारी क्षति पहुंचायी जा रही है व मूल तिब्बत के नागरिको को उनके देश में अल्पसंख्यक बता कर उनका दमन किया जा रहा है। साथ ही तिब्बत के इतिहास को मिटाने का काम किया जा रहा है। साथ ही साथ चीन द्वारा भारत की अखंडता व सम्प्रभुता को जो नुकसान पहुंचाया जा रहा है ।

# लक्ष्मी रूपी 21 बेटियां सज धज कर बनीं दुल्हन

* ब्लास्टर शो एवं कोल्ड अतिशबाजी के बीच वरमाला पहनाते ही होने लगी फूलों की बारिश

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

युवा व्यापार मंडल, डालीगंज हसनगंज व्यापार मंडल, बिटिया फाउंडेसन अध्यक्ष एवं विवाह आयोजन के मुख्य संयोजक मनीष गुप्ता ने बताया कि डालीगंज स्थित रामाधीन सिंह उत्सव लॉंन मे सर्व समाज की 21 बेटियों के विवाह उत्सव का 9वां आयोजन है। बेटियों का विवाह बिटिया फाउंडेसन द्वारा व्यापारी समाज एवं सर्वसमाज के सहयोग से पिछले 14 वर्षो से भव्य रूप से किया जा रहा है। उत्सव की शुरुआत बारात से हुई। जब 21 दूल्हों की बारात सड़क पर गुजरी तो हर कोई बारात को देखने के लिए उतावला रहा। बारात शाम 5 बजे भुईयन देवी मंदिर बाबूगंज से शुरू हुई। बैंड बाजे की धुनों पर थिरकते बाराती रामाधीन पहुंचे। बारात का स्वागत संघ प्रांत प्रचारक श्री कौशल जी, सह प्रचारक प्रशांत भाटिया द्वारा किया गया। बिटिया फाउंडेसन से जुड़े सहयोगियों ने सभी दुल्हो एवं उनके परिजनों को माला पहना और तिलक लगा कर स्वागत किया। लखनऊ व्यापार मंडल अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा, राजेंद्र अग्रवाल, पवन मनोचा, अभिषेक खरे ने द्वारचार पूजन संपन्न कराया। दुल्हो के मंच पर आते ही विशाल बावला एंड ग्रुप द्वारा भजन एवं देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति की गयी। साथ ही सूरज एंड ग्रुप एवं पारंगत कलाकारों द्वारा सीता स्वयंबर, कथक, सूफी नृत्य, राधा कृष लीला, महाआरती, महिसासुर वध का मंचन किया गया। फूलो की होली के साथ ही कार्यसमिति की महिला सेविकाये विद्या गुप्ता, शिवा गुप्ता, रुपाली नेहा अग्रवाल, मनीषा,सीमा, सुषमा अग्रवाल,नैना, सोनी सिंह, लता, ममता मिश्रा,संतोष दीपाली तलवार,एकता अग्रवाल ने डांडिया नृत्य कर समा बांधा। इसी बीच बिटिया विवाह उत्सव के सभी सहयोगी सेवक भाई बन सभी दुल्हन बनी बहनो को पालकी मे बैठा कर विशाल जयमाला मंच तक बारी बारी से नाचते गाते लाने लगे। उधर राजकुमार जैसे सज कर तैयार दूल्हे पलके बिछाये अपनी दुल्हनों का स्वागत करने लगे। विवाह उत्सव को बड़ी एलईडी स्क्रीन पर लाइव शो दिखाने की व्यवस्था के साथ ही इलेक्ट्रीक कोल्ड आतिशबाजी एवं ब्लास्टर शो के बीच सभी पार्वती रूपी वधुओ ने ईश्वर को साक्षी मान कर अपने शिव रूपी वर को वरमाला पहनाई। सम्पूर्ण विवाह स्थल पर फूलो की बारिश होने लगी। विवाह उत्सव मे मुख्य अतिथि उपमुख्य मंत्री बृजेश पाठक, नीरज सिंह, दिनेश शर्मा, महापौर सुषमा खार्कवाल, भाजपा प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता, नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, विधायक डा नीरज बोरा, अंजनी श्रीवास्तव, रजनीश गुप्ता, अरुण शंकर शुक्ला, निजी सचिव मुख्य मंत्री किशोर पंत, सहकारी बैंक चेयरमैन हरशरण लाल गुप्ता ने सभी वर वधु को शुभाशीस प्रदान किया अतिथियों का स्वागत बिटिया फाउंडेसन के संरक्षक एवं नगर उपाध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल, भारत भूषण गुप्ता,अतुल गुप्ता, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष अभिषेक खरे,अनिल बर्मानी , सुमित गुप्ता, मुकेश जिंदल, अनुराग मिश्रा, विनोद अग्रवाल, जितेंद्र चौहान, रवीन्द्र गुप्ता, टिंकू सोनकर, उमेश शर्मा, सुहैल हैदर अल्वी,पार्षद अभिलासा सुदर्शन कटियार, रंजीत यादव के द्वारा स्वागत किया गया। हजारो की संख्या मे मजूद जनमानस समूँह द्वारा प्रत्येक पल को अपनी आँखों मे ऐसे बसाया जा रहा था मानो उनके जीवन के सबसे सुन्दर पल गठित हो रहे हो। बिटिया विवाह उत्सव के सहयोगी टेंट कारोबारी अमन तलवार, भोजन व्यवस्था को देख रहे संदीप सिंह वर्मा, विवाह स्थल के शुभम सिंह वर्मा, दिव्यांशु सनी वर्मा, अतुल गुप्ता, मुकेश जिंदल, मनोज सिंह पुजारी, हितेश, चन्दन, सोनू जायसवाल, शिवाकांत तिवारी, एडवोकेट बृजेश गुप्ता, अभिषेक, अलोक अग्रवाल, प्रियंक गुप्ता, मोहित, मनीष सिंह, मनोज, सुनील, राकेश त्रिपाठी, पुन्नी, गोपाल अग्रवाल, नितिन, संतोष गुप्ता, सुमित गुप्ता, रामू गुप्ता, मनीष पार्थ, दीपक मेहरोत्रा, अभिषेक अग्रवाल, राजू, सुभाष गुप्ता, अनुज, सर्वेश, गुलशन अरोरा, गोपाल, विवेक,गौतम,सचिन बाथम, राजीव गुप्ता, आशीष द्वारा सर्वसमाज की बेटियों के विवाह को भव्य उत्सव की तरह मनाने के लिए पिछले आठ माह से जो कड़ी मेहनत की गयी थी। आज वही शुभ दिन आया था। संस्था द्वारा विवाह के पूर्व सभी वर वधु के परिचय वीडियो शूट सहित सगाई ,गोद भराई, तिलक रश्मे भी की गयी है।

# उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने दिया निर्देश, समय से पूरे कराएं निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज



* उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने निर्देश दिया है कि मेडिकल कॉलेजों का निर्माण समय पर पूरा किया जाए
* उन्होंने तीमारदारों के लिए भी उचित इंतजाम करने के निर्देश दिए

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

यूपी के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को सचिवालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में चिकित्सा शिक्षा एवं चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की। उन्होंने उच्च अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेजों को गुणवत्ता के साथ एवं अनुबंध की समयसीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें ताकि आगामी सत्र से फेज-3 के 14 मेडिकल कॉलेजों में चिकित्सा शिक्षा शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ किया जा सके। उन्होंने निर्माणाधीन नर्सिंग कॉलेजों में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि नर्सिंग कॉलेजों को मेडिकल कालेजों के ही पास बनाया जाए। उपमुख्यमंत्री ने एसजीपीजीआई, केजीएमयू, डॉ. राम मनोहर लोहिया आदि संस्थानों में आपातकाल सेवाओं को और बेहतर करने के आदेश दिये हैं जिससे कि वहां पर आने वाले लोगों को किसी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े और मरीजों का बेहतर इलाज हो सके। प्रदेश के धार्मिक स्थल जनपदों में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर किया जाए जिससे कि वहां पर आने वाले पर्यटकों, श्रद्धालुओं तथा स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को आदेशित किया कि प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों की रंगाई-पुताई करवाई जाएं। उन्होंने कहा कि सीएससी, पीएससी तथा हेल्थ वेलनेस सेंटरों को पूर्ण क्षमता के साथ संचालित किया जाए। आवश्यक दवाओं का पर्याप्त भण्डार सुनिश्चित किया जाए। प्रदेश में बढ़ रही ठंड के दृष्टिगत सभी अस्पतालों में आवश्यक प्रबंध किये जाएं। अस्पतालों में आने वाले मरीजों के साथ-साथ उनके तीमारदारों हेतु भी उचित प्रबंध किये जाएं। बैठक में प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सेन शर्मा, सचिव रंजन कुमार, महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा किंजल सिंह, महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य दीपा त्यागी सहित विशेष सचिवगण एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नगर विकास विभाग ने की नगरीय निकाय निदेशालय से स्वच्छता योद्धा कार्यक्रम की शुरुआत

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के प्रदेश को साफ एवं स्वच्छ बनाने के मुहिम संबंधी प्रयासों को एक कदम और आगे ले जाने के लिए नगरीय निकाय निदेशालय द्वारा राजधानी लखनऊ से एक अनूठी पहल शुरू की गई।विभिन्न नगरों की सफाई व्यवस्था में सहयोग करने के लिए आज स्वच्छता योध्दा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष संजय गुप्ता की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारी प्रथम स्वच्छता योद्धा बने तथा व्यापारियों ने निदेशालय के कंट्रोल रूम में बैठकर पूरे प्रदेश की सफाई व्यवस्था का औचक जायजा लिया तथा राजधानी लखनऊ के कई बाजारो, सीतापुर, कानपुर, बाराबंकी, मेरठ, काशी, प्रयागराज सहित कई जिलों की बाजारों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नगर विकास मंत्री एके शर्मा एवं नगर विकास विभाग द्वारा सफाई के क्षेत्र में उच्च स्तरीय किये जा रहे प्रयासों व नई तकनीक के प्रयोग की सराहना की गई। अधिकारियों ने बताया कि मंत्री के विजन और निर्देश पर प्रदेश के नगर क्षेत्रों को स्वच्छ और साफ बनाने के लिए अनेकों स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिससे प्रदेश के हजारों कूड़ा स्थलों को साफ किया गया और ऐसे स्थलों का सुशोभन भी किया गया। मंत्री ने डीसीसीसी की व्यवस्था संचालित कराई है और विभाग का टोल फ्री नंबर 1533 भी उन्हीं के प्रयासों से शुरू हो पाया था। मंत्री ने ही प्रदेश में पहली बार सुबह 5 बजे से सफाई की शुरुआत कराई तथा बाजारो एवं भीड़-भाड़ वाले स्थान पर दो से तीन बार सफाई करने का भी प्रावधान कराया।



## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### खुली ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **18.12.2023** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदाकर्ता निविदा फॉर्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड व क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जाएगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, डिपॉजिट रसीद एफ.डी.आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

| निविदा सूचना सं. | 015002023 दिनांक 25.11.2023 | |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | 1. सहायक मण्डल इंजीनियर रायबरेली के अधीन अमेठी–रायबरेली–उतरठिया सेक्शन (सीसी+8+2टी सेक्शन, प्रस्तावित 130 किमी प्रति घंटा सेक्शन) पर आरसीसी बॉक्स के साथ/रायबरेली में स्टोन स्लैब पुलों का प्रतिस्थापन [कुल–56 संख्या (पुल संख्या 331, 337, 353, 357, 364, 373, 374, 379, 393, 396, 405, 415, 423, 444, 446, 448, 450, 452, 454, 455, 459, 463, 478, 492, 493, 504, 515, 516, 517, 518, 519, 538, 539, 542, 548, 553, 564, 566, 579, 633, 645, 656, 657, 671, 678, 680, 682, 686, 689, 690, 692, 701, 706, 711, 738, 740)] का कार्य ]। 2. सहायक मण्डल इंजीनियर प्रतापगढ़ के अधीन जंघई–जाफराबाद सेक्शन (सीसी+8+2टी सेक्शन) पर स्टोन स्लैब पुलों (48 संख्या) को आरसीसी बॉक्स से बदलना का कार्य। | |
| अनुमानित लागत | 1. ₹12,88,42,650.13 | 2. ₹11,03,48,586.26 |
| धरोहर राशि | 1. ₹7,94,200/- | 2. ₹7,01,800/- |
| कार्य समापन की अवधि | क्र.सं. 1 एवं 2 के लिए: स्वीकृत पत्र की तिथि से 15 माह | |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 04.12.2023 | वेबसाइट www.ireps.gov.in |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 18.12.2023 को 15:00 बजे | |

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। 3723/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# पुराने पैतरों पर फिर क्यों लौट रहा पाकिस्तान

**टीटवाल में 75 साल में पहली बार दिवाली मनाई गई। सभी धर्मों के लोग इस आयोजन में शामिल हुए। दीए जलाए गए। सीमा पर तैनात जवानों ने भी उत्साह से दिवाली मनाई। नियंत्रण रेखा के नजदीक पुंछ में तो भजन-कीर्तन के साथ आतिशबाजी भी की गई। एक तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में पहली बार सियाचिन में सेना के जवानों के साथ दिवाली मना कर इसका शुभारंभ किया था। श्रीनगर में 35 साल बाद पहली बार दशहरे पर शोभायात्रा निकाली गई और रावण दहन के कार्यक्रम में पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा भी शामिल हुई।**

*संघर्ष विराम के आए दिन उल्लंघन के बीच पाकिस्तान फिर पुराने पैतरों पर आ गया है। 2021 के बाद जम्मू-कश्मीर में बढ़ी आतंकियों की सक्रियता इसका स्पष्ट संकेत है। इस साल भी सर्दी शुरू होते ही आतंकियों के हमले तेज हो गए हैं। बीते पांच दिन में पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकियों के साथ सुरक्षाबलों की तीन बड़ी मुठभेड़ जाहिर करती हैं कि सीमा पार से घुसपैठ कराने की साजिश बड़े स्तर पर की जा रही है। साथ ही पाकिस्तान अपनी आर्थिक बदहाली से ध्यान हटाने के लिए भी परिवर्तन के दौर से गुजर रहे केंद्रशासित प्रदेश में माहौल सामान्य न होने का संदेश भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देना चाहता है। राजोरी में 28 घंटे से अधिक चली मुठभेड़ में सेना के दो कैप्टन समेत पांच सैन्यकर्मियों का सर्वोच्च बलिदान बताता है कि तीन बार प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ के पिछले महीने पाकिस्तान लौटने के बाद वहां की सेना और खुफिया एजेंसी आईएसआई अपने प्यादे को गद्दीनशीं करने के लिए आतंकियों को नए सिरे से खाद-पानी देने लगी है। फरवरी 2024 में वहां संसदीय आम चुनाव होना है और नवाज को चौथी बार प्रधानमंत्री बनाने की योजना है। अपने मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए पस्त पाकिस्तान का अपने आंतरिक हालात से ध्यान हटाना पहली प्राथमिकता है। पड़ोस में घुसपैठ और जनहानि के बूते अपने अवाम को प्रलोभन देना भी इसी का हिस्सा है। हालांकि राजोरी की मुठभेड़ में पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकीकारी समेत दो आतंकियों को मार कर सेना ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने पराक्रम का परिचय दिया है। कारी ने पहली जनवरी को जिले के ढांगरी गांव में बच्चों समेत सात हिंदुओं की हत्या कर समूचे तंत्र को दहला दिया था। राजोरी में जिस तरह सेना पर हमला किया गया है, 13 सितंबर को अनंतनाग में भी यही तरीका अपनाया गया था। गौरतलब है कि राजोरी में अक्तूबर 2021 में भी नौ सैन्यकर्मियों ने आतंकियों से जूझते हुए शहादत दी थी। अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में सेना ने कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश करते लश्कर-ए-ताइबा के पांच आतंकी मार गिराए थे। 16 नवंबर को कुलगाम की मुठभेड़ में भी लश्कर के ही पांच स्थानीय दहशतगर्द ढेर कर दिए गए थे। इसके अगले ही दिन राजोरी के बुद्धल इलाके में संदिग्ध आतंकियों से मुठभेड़ हो गई थी। हर मुठभेड़ में प्रशिक्षित आतंकियों की पराजय, स्थानीय लोगों की उनके प्रति बेरुखी और सुरक्षा बलों का पराक्रम पाकिस्तान को परास्त कर देता है। पाकिस्तान की बौखलाहट यूं ही नहीं है। 2019 में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद 31 अक्टूबर को पुनर्गठन के चार साल हो चुके हैं। पाकिस्तान के सीमावर्ती राजस्थान के विधानसभा चुनाव की सभाओं में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गर्व और आत्मविश्वास से बताते हैं कि 370 हटाए जाने पर जम्मू-कश्मीर में खूनखराबे की आशंका जताने वाल देश के राजनीतिक दलों और विदेश के नेताओं को देख लेना चाहिए कि केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद यहां कितनी तेजी से तरक्की हो रही है। चार साल में नए जम्मू-कश्मीर में परिवर्तन को ऐसे समझा जा सकता है कि यहां आजादी के बाद पहली बार विदेशी पूंजी का निवेश हुआ है। खाड़ी देशों समेत कुल 80 हजार करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव आए हैं। करीब दो हजार करोड़ का निवेश हो भी चुका है। दुबई का इमर समूह तो श्रीनगर में 500 करोड़ खर्च कर विशाल मॉल बना रहा है। यही नहीं, श्रीनगर में नाइट लाइफ शुरू हो गई है। स्थानीय लोग और सैलानी इसका लुत्फ उठा रहे हैं। जी20 के सफल आयोजन ने अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**हलाल प्रमाणपत्र को लेकर जो गहरे से समझनेवाली बात है वह यह कि सिर्फ मीट प्रॉडक्ट तक सीमित नहीं, बल्कि स्नेक्स, मिठाइयां, अनाज, तेल, कॉस्मेटिक्स, साबून, शैम्पू, टूथपेस्ट, नेल पॉलिश, लिपस्टिक, चश्मा, जैसे तमाम उत्पादों के लिए भी अनिवार्य किया गया जबकि एक भारतीय नागरिक के तौर पर कोई भी व्यक्ति उद्योग-व्यापार उसी तरह कर सकता है, जैसे देश के अन्य आम नागरिक करते हैं, नियमों के स्तर पर इस्लाम को माननेवालों को अलग से कोई छूट नहीं है, फिर इस हलाल सर्टिफिकेट की मजहबी आड़ में एक वर्ग विशेष में अनर्गल प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है कि ऐसे उत्पाद का प्रयोग न करें, जिसे इनकी कंपनी द्वारा हलाल प्रमाणपत्र न दिया गया हो।**

# काश, 'हलाल' पर सभी सीएम योगी आदित्यनाथ हो जाएं !



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**आश्चर्य होता है यह इनकी हिम्मत देखकर, देश में संवैधानिक नियम-कानूनों की खुलेआम ये धज्जियां उड़ा रहे हैं और अभी भी सीएम योगी को छोड़कर कोई अन्य सीएम या राज्य शासन यह साहस नहीं दिखा सका है कि गलत को गलत ही कह पाए! वस्तुतः जो कानून को न माने, उसे कानून के नियमों का भी ज्ञान हर तरीके से कराया जाना चाहिए।**

उत्तर प्रदेश के अभी हाल ही में एक खबर आई और देखते ही देखते देश के 80 प्रतिशत लोगों के चेहरे खिल उठे। भारत का बहुसंख्यक हिन्दू समाज लम्बे समय से यह मांग प्रशासन से कर रहा है कि आखिर देश में मुसलमानों की संख्या सिर्फ 15 प्रतिशत है तो बाकी की 85 फीसदी जनसंख्या को हलाल के नाम पर सामान खरीदने के लिए क्यों मजबूर किया जा रहा है? यहां मांसाहार में हलाल का होना उनकी मजहबी मान्यताओं के अनुसार समझ में आता है किंतु किसी भी कंपनी, संस्था या छोटे दुकानदार, वस्तु निर्माता को इसके लिए मजबूर नहीं किया जा सकता कि यदि उसने हलाल सर्टिफिकेट नहीं लिया है तो उसके सामान को बाजार के चलन में नहीं आने दिया जाएगा। भला, यह कैसी मनमर्जी है ? वास्तव में हलाल प्रमाणपत्र के नाम पर ऐसा करनेवालों ने उन तमाम नियमों को भी एक झटके में ताक में रख दिया है, जो भारत सरकार एवं राज्य सरकारों ने फूड प्रोसेसिंग, नागरिक खाद् सुरक्षा के लिए अनिवार्य किए हैं। इसलिए ही आज इस गोरख धंधे को तुरन्त बंद कर देने की अवाज उठाई जा रही है। यह पूरा खेल हर कंपनी में हलाल सर्टिफिकेट की आड़ में जबरन मुसलमानों को रोजगार दिलाने और एक अवैध समानान्तर अर्थव्यवस्था खड़ी कर लेने का है। जिससे कि आतंकवाद को पोषित करने का संदेह भी सामने आता रहा है। यह बेवजह नहीं है, इसके पीछे भी ठोस प्रमाण मौजूद हैं। मुंबई में हुए 26/11 के हमले के लिए अमेरिका के हलाल प्रमाणित एक बूचड़ खाने से पैदा इकट्ठा किया गया था। इसका खुलासा तब हुआ जब इस आतंकी हमले की जांच के दौरान लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकयों डेविड हेडली (दाऊद गिलानी) और तहव्वुर राणा को गिरफ्तार किया गया। भारत में आतंकवादियों को कानूनी सहायता मुहैया कराने में हलाल सर्टिफिकेट से होनेवाली आय का उपयोग कैसे किया जा रहा है, इसका यह प्रमाण देखिए, जमीयत उलेमा ए-हिंद हलाल ट्रस्ट दिल्ली कई केसों में आतंकवादियों को जेल से छुड़ाने के लिए काम कर रहा है। जर्मन बेकरी ब्लास्ट केस (मिर्जा हिमायत बेग बनाम महाराष्ट्र सरकार)- फरवरी 2010 में पुणे के जर्मन बेकरी ब्लास्ट में 17 लोगों की हत्या और 64 लोग घायल हुए थे। इस आतंकी हमले का दोषी इंडियन मुजाहिद्दीन का आतंकी मिर्जा हिमायत बेग था।



**ऐसे ही अनेक साक्ष्य आज आपको मौजूद मिल जाते हैं, जो यह पुख्ता करने के लिए पर्याप्त हैं कि कैसे 'हलाल' सर्टिफिकेट के नाम पर इकट्ठी की गई राशि का उपयोग आतंकवाद और गैर इस्लामिक लोगों को मारने, उनको धमकाने और इस्लाम के कन्वर्जन में किया जाता है।**

पुणे की सेशन कोर्ट के स्पेशल जज एन. पी. धोते ने 18 अप्रैल, 2013 को बेग को फांसी की सजा सुनाई थी। इसे कानूनी सपोर्ट यही जमीयत उलेमा ए-हिंद हलाल ट्रस्ट मुहैया कराती रही है। यह एक दूसरा केस है, (अब्दुल रहमान बनाम कर्नाटक सरकार), अब्दुल रहमान ने रावलपिंडी में लश्कर-ए-तोइबा के आतंकी कैंप में प्रशिक्षण लिया था। साल 2004 में वह अवैध तरीके से मुंबई आया और मस्जिदों में मुसलमानों को जिहाद के नाम पर भारत के खिलाफ लड़ने के लिए उकसाता था। इसी तरह से पलारीवत्तम आईएसआईएस केस (अर्शी कुरेशी एवं अन्य बनाम केरल सरकार) यह केस फिलहाल एनआईए के अधीन है। इसके अंतर्गत केरल के रहने वाले बेस्टिन विन्सेंट ने इस्लाम धर्म अपनाकर अपना नया नाम याह्या रख लिया था। याह्या साल 2017 में आईएसआईएस में शामिल होने के लिए अफगानिस्तान भाग गया था। या फिर यह जयपुर का आईएसआई केस (सिराजुद्दीन बनाम राजस्थान सरकार) देख लीजिए, जिसमें कि मूलतः गुलबर्ग, कर्नाटक का रहने वाला मोहम्मद सिराजुद्दीन जयपुर में आईएसआईएस के लिए भर्ती का काम देखता था। वहीं, 26/11 मुंबई ब्लास्ट (सईद जबूद्दीन बनाम महाराष्ट्र सरकार ) - सईद जबूद्दीन का सम्बन्ध इंडियन मुजाहिद्दीन और लश्कर ए-तोइबा से है। वस्तुतः जमीयत उलेमा ए-हिंद हलाल ट्रस्ट दिल्ली द्वारा आतंकियों को महंगे वकील एवं अन्य कानूनी सहायता के मामले यहीं नहीं रुकते दिखते, 2011 पुणे ब्लास्ट (असद खान और अन्य बनाम महाराष्ट्र एटीएस)- पुणे की जेएम रोड आतंकी हमले में इंडियन मुजाहिद्दीन का आतंकी असद खान मुख्य आरोपी है। इंडियन मुजाहिद्दीन केस (अफजल उस्मानी बनाम महाराष्ट्र एटीएस) - अफजल उस्मानी अहमदाबाद के 2008 आतंकी हमलें का आरोपी था। साल 2013 में वह नेपाल भागने की कोशिश में था लेकिन उससे पहले ही महाराष्ट्र एटीएस ने उसे उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया था। 2010 बेंगलुरु ब्लास्ट (कतील सिद्दीकी बनाम कर्नाटक सरकार) - बैंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम पर हुए आतंकी हमले के मुख्य आरोपी यासीन भटकल के साथ जिसमें इंडियन मुजाहिद्दीन का ओपरेटिव कतील सिद्दीकी भी शामिल था। यासीन भटकल यह इंडियन मुजाहिद्दीन का आतंकी है जोकि एनआईए की मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल था। यासीन को 2013 में बिहार के मोतिहारी से गिरफ्तार किया गया था। यह 2008 अहमदाबाद ब्लास्ट, 2010 बेंगलुरु ब्लास्ट, और 2012 पुणे ब्लास्ट का मुख्य आरोपी है। जब आप खोजने जाते हैं तो इस प्रकार के अनेक प्रकरण सामने आते हैं, जिनमें कि जमीयत उलेमा ए-हिंद हलाल ट्रस्ट दिल्ली जैसी हलाल प्रमाणपत्र देनेवाली संस्थाएं इन आतंकियों को तमाम कानूनी सहायता उलब्ध कराने के साथ ही किसी न किसी रूप में आर्थिक सहायता मुहैया कराती हुई दिखाई पड़ती हैं। भारत के अलावा दूसरे गैर-मुस्लिम देशों में भी हलाल प्रमाणन और आतंकवादियों के आपसी संबंधों का खुलासा बहुत बड़े स्तर पर हो ही चुका है। इसमें पश्चिम और यूरोप के कई देश शामिल हैं, जैसे फ्रांस में हलाल खाद्य सामग्री का 60 प्रतिशत कारोबार उन संस्थाओं द्वारा किया किया है जिनका कि मुस्लिम ब्रदरहुड से संबंध है। इसी तरह से कनाडा की हलाल प्रमाण संस्था मुस्लिम एसोसिएशन पर आतंकी संगठन हमास को वित्तिय सहायता उपलब्ध कराने के आरोप जगजाहिर हैं।

## एक्सप्रेस कविता

*नफरतों से प्यार का नही रास्ता बनता ,*
*लालच,लोभ से कोई नही वास्ता बनता।*
*जहां राग, द्वेष और दुश्मनी व्याप्त हो,*
*ऐसे में कोई सच्चा नही रिश्ता बनता।*
*कौन किसी का दुखड़ा सुनता है यहां,*
*ऐसे में कोई किसी से नही वास्ता बनता।*

*ऊपरी तौर पर मिलते , सब अच्छे से,*
*दिलों से दिल का रास्ता नहीं मिलता।*
*हर तरफ सन्नाटा अकेलापन क्यों है,*
*भाई भाई से खास नही रिस्ता रखता।*
*रिश्ते, प्यार, सहानुभूति अब हवा हो गई ,*
*दो मीठे शब्द बोलने वाला नही सच्चा मिलता।*
*कैसे दिखावटी रिश्ते बच गए हैं,*
*अपनों से सच्चा कोई नही वास्ता रखता।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*अगर आप बुरी परिस्थिति में भी सकारात्मक रहते हैं, तो ये आपकी जीत ही है।*




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्दशी 15:56 तक |
| नक्षत्रः | भरणी 14:06 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | रविवार |
| योगः | परिघा, 25:30 |
| सूर्योदयः | 06:56 |
| सूर्यास्तः | 17:20 |
| चंद्रमाः | मेष राशि में |
| राहुकालः | 16:02-17:20 |
| विक्रमी संवत्ः | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्तः | 11:47-12:28 |

## जन एक्सप्रेस

### कौन किस पर भारी !

*होगी किसकी जीत ।*
*कौन किस पर भारी ।।*
*ज़ोर शोर से सबकी ।*
*है अपनी तैयारी ।।*
*सबके अपने दावे ।*
*और है विचार ।।*
*फैसला पर जनता का ।*
*करना भी स्वीकार ।।*
*अपने अपने क्षेत्र में ।*
*ठोक रहे सब ताल ।।*
*दिन है वो नज़दीक ।*
*करने को कमाल ।।*
*चढ़ा सियासी पारा ।*
*पाने को अधिकार ।।*
*हैं सारे आश्वस्त ।*
*उन्हें पहनना हार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# लंबा जीवन जीने के लिए डाइट में शामिल करें आयुर्वेदिक सात्म्य आहार

**प्राचीन** समय से भारत में स्वस्थ रहने और बीमारियों से राहत पाने के लिए आयुर्वेद पर विश्वास किया जा रहा है। इसी कड़ी में आयुर्वेदिक सात्म्य आहार भी आयुर्वेदिक चिकित्सा के सिद्धांतों पर आधारित खाने का एक ऐसा पैटर्न है, जो आपके अंदर कई तरह के ऊर्जा को संतलित करने वाले खाद्य पदार्थों पर केंद्रित होता है। आयुर्वेदिक सात्म्य आहार आपके शरीर के प्रकार के आधार पर आपके लिए खाद्य पदार्थों का चयन करता है, कि आपके सेहत के लिए क्या खाना बेहतर होता है और क्या नहीं। आयुर्वेदा डॉक्टर वरलक्ष्मी यनमन्द्रा ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर कुछ ऐसे ही खाद्य पदार्थों के बारे में बताया है, जिसके सेवन से आपकी सेहत बेहतर रहती है और आप लंबे समय तक स्वस्थ रहते हैं।



**लाल चावलः** सभी किश्म के चावलों में से सिर्फ 60 दिनों में तैयार होने वाला लाल चावल सेहत के लिए सबसे ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। इसके सेवन से त्रिदोषों को संतुलित करने में मदद मिलती है। ये चावल पचाने में हल्का होता है और सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है।

**मूंग दालः** मूंग की दाल सभी दालों में सर्वोत्तम होती है, और प्रोटीन से भरपूर होने के कारण पाचन में भी हल्का होता है। मूंग दाल में आयरन, फाइबर के गुण मौजूद होते हैं, सुबह खाली पेट भीगे हुए मूंग की दाल खाने से खून बढ़ता है, पेट लंबे समय तक भरा हुआ महसूस होता है।

**घीः** आयुर्वेद के अनुसार घी सभी वसाओं में सर्वोत्तम होता है। इसके सेवन से पित्त और वात दोनों को संतुलित करने में मदद मिलती है। घी के सेवन से दिमाग की शक्ति बढ़ती है। यह एंटी-ऑक्सीडेंट, ओमेगा 3 फैटी एसिड से भरपूर होता है और एक बेहतरीन एंटी-इंफ्लेमेटरी भोजन के रूप में जाना जाता है।

**सोंठः** आयुर्वेद में सोंठ को एक सार्वभौमिक औषधि के रूप में माना जाता है। सोंठ अमा को खत्म करने के लिए सर्वोत्तम है और कफ, वात दोनों को नियंत्रित करता है। सोंठ में एंटी-ऑक्सिसडेंट, एंटी-बैक्टीरियल, और एंटी-इंफ़्लेमेटरी गुण होते हैं। इसके सेवन से पाचन क्रिया बेहतर रहती है और बुखार-जुकाम जैसे इंफेक्शन से भी राहत मिलता है।

**आंवलाः** आंवले में नमक को छोड़कर सभी स्वाद होते हैं। यह मुख्य रूप से पित्त को संतुलित करता है लेकिन अन्य दोषों के बढ़ने का कारण नहीं बनता है और इसे करी, अचार आदि जैसे कई रूपों में खाया जा सकता है। आंवला खाने से पाचन क्रिया बेहतर ढंग से काम करती है, और शरीर से टॉक्सिक पदार्थ निकालने में मदद मिलती है।

### आयुर्वेद में इन खाद्य पदार्थों को सुपरफूड कहा जाता है क्योंकि

- पेट की सेहत का ख्याल रखे।
- दिमाग को तेज बनाए।
- इंद्रियों को बढ़ाता है।
- किसी भी स्रोत को अवरुद्ध नहीं करता है।
- जीवन लंबा करने में मदद करता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# नोटा के विकल्प को ईवीएम से हटाये जाने पर विचार किया जाना चाहिए



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**आज की तारीख में बात करें तो नोटा केवल और केवल आपके विरोध को दर्ज कराने तक ही सीमित माना जा सकता है। आजादी के 75 साल बाद और दुनिया की सबसे बेहतरीन चुनाव व्यवस्था के बावजूद मतदान प्रतिशत 90 से 100 प्रतिशत के आंकड़े को नहीं छूना चिंता का विषय है।**

**पांच** साल में एक बार मिलने वाले अवसर को नकारात्मक सोच या गैरजिम्मेदारी से खो देना किसी भी हालात में उचित नहीं माना जा सकता। लोकतंत्र के महायज्ञ में प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का उपयोग कर मतदान करके अपनी आहुति देने का अवसर मिलता है। ऐसे में मतदान का बहिष्कार या फिर लापरवाही के कारण मतदान नहीं करना किसी अक्षम्य अपराध से कम नहीं कहा जा सकता है। वर्तमान परिदृश्य में नोटा प्रयोग भी मंथन का विषय होना चाहिए। नोटा के प्रावधान को लेकर पक्ष विपक्ष में अनेक तर्क दिए जा सकते हैं पर समय आ गया है कि उस पर बड़ी बहस हो और उसको अधिक प्रभावी या कारगर बनाने के प्रावधान किये जाये। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मतदान को लेकर की गई टिप्पणी भी इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाती है कि यदि हम मताधिकार का प्रयोग नहीं करते हैं तो फिर सरकार के खिलाफ किसी तरह की शिकायत करना उचित नहीं ठहराया जा सकता। कमोबेश यह सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी की भावना रही है और इससे साफ साफ संदेश हो जाता है कि सजग व जिम्मेदार नागरिक के रूप में प्रत्येक मतदाता का दायित्व हो जाता है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग करे। अब तो निर्वाचन आयोग ने मतदान सुविधाजनक भी बना दिया है। बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान का अवसर प्रदान कर दिया है वहीं मतदाताओं के लिए जागरूकता अभियान से लेकर निष्पक्ष चुनाव के लिए कारगर कदम उठाये जाने लगे हैं। भले ही सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद ईवीएम में नोटा यानि कि नन ऑफ द अबव का प्रावधान कर दिया गया हो पर एक जागरूक व जिम्मेदार मतदाता के लिए नोटा के प्रयोग को समझदारी भरा निर्णय नहीं माना जा सकता। कारण साफ है नोटा का बटन दबाकर अपनी भावना तो व्यक्त कर सकते हैं पर उसका इस मायने में कोई अर्थ नहीं रहता कि किसी की जीत हार में उसका खास असर नहीं पड़ता। राजस्थान के ही 2013 और 2018 के विधानसभा चुनावों का विश्लेषण किया जाए तो साफ हो जाता है कि 2013 के विधान सभा चुनावों में 4 करोड़ 8 लाख से अधिक मतदाताओं में से 5 लाख 89 हजार से कुछ अधिक यानी कि केवल 1.92 प्रतिशत मतदाताओं ने नोटा का प्रयोग किया। इसी तरह से 2018 के विधान सभा चुनावों का विश्लेषण किया जाए तो 4 करोड़ 77 लाख से कुछ अधिक मतदाताओं में से 4 लाख 67 हजार से कुछ अधिक यानी कि 1.3 प्रतिशत मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाकर विरोध दर्शाया। अब एक ओर 2018 में नोटा प्रयोग में कमी आई है तो इसके साथ ही नोटा अपने आप में नकारात्मकता को दर्शाता है। हालांकि आपने नोटा का प्रयोग कर यह संदेश दे दिया कि आपकी नजर में कोई भी उम्मीदवार खरा नहीं उतर रहा पर सोचने वाली बात यह भी है कि इनमें से कोई एक उम्मीदवार ही विजयी होगा। आपका नोटा का बटन जीत हार के अंतर को तो कम कर सकता है। नोटा के प्रयोग के स्थान पर उपलब्ध विकल्पों में से ही किसी एक को चुनना ज्यादा बेहतर माना जा सकता है। हालांकि एक समय था जब कई बूथों पर विरोध स्वरूप मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय कर लिया जाता था या फिर लोगों द्वारा उपलब्ध उम्मीदवारों में किसी को भी मत देने योग्य नहीं समझने के कारण विरोध का मत यानि कि नोटा के प्रयोग की मांग की जाती रही। नोटा का परिणाम प्रभावी तरीके से राइट टू रिजेक्ट होता तो अधिक कारगर होता। तस्वीर का दूसरा पक्ष यह भी है कि अमेरिका सहित दुनिया के कई देशों में उसकी कारगरता के अभाव के कारण नोटा के प्रावधान को हटाया जा चुका है। यों कहें कि कई देशों में नोटा के प्रावधानों को कारगर नहीं पाने के कारण हटा दिया गया है। अमेरिका की ही बात करें तो वहां नोटा का प्रावधान रहा है पर 2000 आते आते उसे हटा दिया गया। इसी तरह से रूस में 2006 और पाकिस्तान में 2013 में नोटा प्रावधान को हटाया जा चुका है। देश के प्रबुद्ध नागरिकों, बुद्धिजीवियों, राजनीतिक विश्लेषकों, कानूनविदों को नोटा को लेकर गंभीर बहस छेड़नी होगी जिससे नोटा को वास्तव में चुनावों में हथियार के रूप में उपयोग किया जा सके। आज की तारीख में बात करें तो नोटा केवल और केवल आपके विरोध को दर्ज कराने तक ही सीमित माना जा सकता है। एक दूसरी बात और जिस पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता है। आजादी के 75 साल बाद और दुनिया की सबसे बेहतरीन चुनाव व्यवस्था के बावजूद मतदान प्रतिशत 90 से 100 प्रतिशत के आंकड़े को नहीं छूना चिंता का विषय है। आज हालात बदल चुके हैं। कोई भी किसी को मतदान के अधिकार से जोर जबरदस्ती या अन्य कारण से रोक नहीं सकता। भारतीय चुनाव आयोग की निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था को सारी दुनिया द्वारा सराहा जाता है।

**ऐसे में मतदान का बहिष्कार या मतदान नहीं करना जिम्मेदार मतदाता का काम नहीं हो सकता। पांच साल में एक बार आने वाले इस अवसर का उपयोग सकारात्मक सोच व उपलब्ध विकल्पों के आधार पर ही बेहतर तरीके से किया जा सकता है। इसलिए मतदान को अपना कर्तव्य समझ कर घर से बाहर निकलें और मताधिकार का उपयोग अवश्य करें यह सभी मतदाताओं के दिलोदिमाग में होना चाहिए।**

# पांच परिषदीय विद्यालयों का ताबड़तोड़ डीएम ने किया औचक निरीक्षण, परखी व्यवस्थाएं

✻ पीएस रत्तासराय के बहुरेगे दिन, एसपी ने लिया गोद

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**



शनिवार को परिषदीय विद्यालयों की शिक्षण कार्य की गुणवत्ता, शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन,विद्यालय परिसर की साफ-सफाई तथा भवन का जायज़ा लेने के उद्देश्य से डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा संग ब्लॉक सदर अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय जिंसी, पूर्व माध्यमिक विद्यालय लखीमपुर (प्रथम), पीएस रत्तासराय, पीएस एवं यूपीएस फत्तेपुर का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान डीएम ने एसपी संग शिक्षकों की उपस्थिति के सम्बंध में भी बच्चों से ही पूछताछ की। हेड मास्टर ने डीएम को विद्यालय में नामांकित बच्चों के सापेक्ष उपस्थित बताई। डीएम ने कक्षा में छात्रों से पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्कूल में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने परिवार व जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। डीएम ने शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ सांस्कृतिक, खेल व उनके रूचि के अनुसार जागरूक भी करें। डीएम ने बच्चों से विभिन्न रंगों, आकृतियों के बारे में पूछते हुए बच्चों को दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की परख की। साथ ही पठन पाठन,साफ सफाई,मध्याह्न भोजन आदि की जांच की। डीएम शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ सांस्कृतिक, खेल व उनके रूचि के अनुसार जागरूक भी करें। निरीक्षण के दौरान डीएम ने छात्र-छात्राओं से रूबरू होते हुए उन्हें मन लगा कर पढ़ने, गुरूजनों व माता-पिता का आदर करने, स्वच्छता अपनाने की नसीहत दी।

### पीएस रत्तासराय के बहुरेगे दिन, एसपी ने लिया गोद

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह के समक्ष पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने पीएस रत्तासराय में सुविधाओं का अभाव देखकर इस विद्यालय को गोद लेने की बात कही। एसपी गणेश प्रसाद साहा इस विद्यालय की व्यवस्थाओं और सुविधाओं से सुसज्जित करने का जिम्मा उठाया है। बताते चलें कि पीएस रत्तासराय में शिक्षा और व्यवस्था को सुदृढ करने की गरज से एसपी ने यह निर्णय लिया है। एसपी ने बताया कि इस स्कूल को उस एरिया का मॉडल बनाने के लिए प्रयास किया जाएगा, जिससे अगल-बगल के साथ-साथ तहसील के स्कूल सीख लेंगे।

## हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर का डीएम ने किया औचक निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

शनिवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने तहसील व ब्लॉक (सदर) की ग्राम पंचायत फत्तेपुर में संचालित हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने मौजूद सीएचओ सोमना वर्मा से सभी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही साफ-सफाई को लेकर खास ध्यान रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम के पूछने पर सीएचओ ने बताया कि आज 13 मरीज को देखकर उन्हें जरूरी सलाह, दवाएं प्रदान की गई। डीएम ने तैनात सीएचओ को नियमित रूप से उपस्थित रहकर आने वाले मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने नियमित रूप से साफ सफाई कराने तथा सेंटर पर मूल मूलभूत सुविधा को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने एमओआइसी को समय-समय पर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों का निरीक्षण करते हुए कमियों को दूर करने के निर्देश दिए।

## जलमिशन को कर्मचारी लगा रहे पलीता

✻ मानक के विपरीत हो रहा है पानी की सप्लाई का कार्य

**जन एक्सप्रेस । मुन्नालाल विश्वकर्मा**



तिकुनिया खीरी।ग्राम पंचायत बरसोला कलां में हर घर जल मिशन के अंतर्गत बन रही पानी सप्लाई की टंकी में मानक विहीन कार्य होने से नाराज ग्राम पंचायत के लोगो ने मानक विहीन कार्य होने की बात बताई जिसमे एक कर्मचारी के द्वारा जांच में मानक के विपरीत कार्य को सही करने की बात कही क्या कहते हैं ग्राम प्रधान मानक के विपरीत में बात सही है ग्रामीणों ने इसका विरोध किया है जिसमे एक कर्मचारी ने जांच की है कार्य को मानक के हिसाब से कार्य करने को बोला गया है किकायत के बाद भी अगर कार्य सही नही किया गया तो उच्च अधिकारियों को ज्ञापन दिया जायेगा।

### कारागार का किया डीएम-एसपी ने निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी।** 25 नवंबर को कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, कारागार की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के लिए मंगलवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। पाकशाला, जेल चिकित्सालय व कारागार की बैरकों का निरीक्षण किया। डीएम-एसपी ने सभी बैरकों में प्रवेश करके गहनता के साथ जांच-पड़ताल किया। निरीक्षण के दौरान कोई भी आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिला।

## हरदेव राजा स्थान पर हवन पूजन हुआ सम्पन्न



**जन एक्सप्रेस । अमीर नगर खीरी**

अमीर नगर क्षेत्र के ग्राम राजगढ़ स्थित बाबा हरदेव राजा के स्थान पर प्रति वर्ष कि भांति इस वर्ष भी बडे धूमधाम से हवन पूजन किया गया गाँव और समाज की भलाई और खुश हाल जीवन के लिए ग्राम देवता के नाम से बाबा हर देव राजा की पूजा की गई और भंडारे का आयोजन किया गया इस मौके पर गाँव के पुजारी पुजारी नहर उर्फ विजय मिश्रा निराकार मिश्रा गोला विधायक माननीय अमन गिरि सम्मिलित हुऐ गाँव जवाहर पाल राजेश कुमार सूरज कश्यप, सौरभ पाल समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे।

## चीनी मिल से बरसती राख, आम नागरिक परेशान

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी**

बजाज हिंदुस्तान शुगर मिल गोला की चिमनियों से निकलने वाले धुएं के साथ भारी तादात में निकलती काली राख आम नागरिकों के लिए समस्या का कारण बनी हुई है। नगर के सभी घरों में काली राख 24 घंटे बरसती रहती है जिससे कपड़े सुखाना और घर को साफ सुथरा बनाए रखना मुश्किल होता जा रहा है। श्वास और अस्थमा जैसे रोगियों सहित आम नागरिकों को भी सांस लेने में दिक्कत आ रही है।इस मामले में आम नागरिक की समस्या को देखते हुए पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने एक पत्र बजाज हिंदुस्तान शुगर मिल को लिखने के लिए ई ओ को निर्देशित किया था। अधिशासी अधिकारी जी लाल ने बजाज हिंदुस्तान शुगर मिल को पत्र लिखकर आम नागरिकों की समस्याओं से अवगत कराते हुए तत्काल राख की समस्या से निजात दिलाए जाने की बात कही है।नगर पालिका गोला के अधिशासी अधिकारी जी लाल द्वारा बजाज चीनी मिल प्रबंधन तंत्र को प्रेषित पत्र में कहा गया है कि चीनी मिल से उड़ती हुई काली राख आम लोगों के लिए समस्या बनी हुई है। खुले आसमान के नीचे साफ कपड़े सुखाना मुश्किल हो रहा है। कपड़े गंदे हो जाते हैं। घरों के आंगन और छतों में काली राखी गिरती है जिससे महिलाओं के सामने बड़ी समस्या उत्पन्न हो रही है। अस्थमा और सांस रोग के मरीजों के साथ आम आदमियों को भी सांस लेने में दिक्कत है। कई बार आंख में राख पड़ जाती है और श्वास नली में भी राख जाने की संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। नगर पालिका ने उप जिला अधिकारी को भी पत्र भेजकर इस समस्या से अवगत कराकर समाधान की मांग की है।

## सआदत इंटर कॉलेज में आयोजित हुई ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता

**जन एक्सप्रेस । नानपारा/बहराइच**



युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में सआदत इंटर कॉलेज परिसर में शनिवार को ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख बलहा प्रतिनिधि कृपाराम वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया। श्री वर्मा ने सबसे पहले प्रांगण में मौजूद खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया इसके बाद खेल प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाई और प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इससे पूर्व खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए श्री वर्मा ने कहा कि विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन गांव से ही शुरू हुआ था जिसमें कबड्डी प्रमुख खेल के रूप में आज भी जानी जाती है। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। इसलिए प्रत्येक युवा को खेल में रोगी रखनी चाहिए। इस अवसर पर अजय गुप्ता क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी विकास खंड बलहा, राजितराम जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी बहराइच एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आये बालक, बालिकाओं ने प्रतिभाग किया।

## पराली जलाने के मामले में दो लेखपाल निलंबित

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी**



खेतों में पराली जलाने की घटनाओं की सूचना मिलने पर उप जिला अधिकारी गोला रत्नाकर मिश्रा ने संबंधित क्षेत्र के दो लेखपालों को निलंबित कर दिया है। उप जिलाधिकारी रत्नाकर मिश्रा ने बताया कि उन्हें सेटेलाइट द्वारा लिए गए चित्र से जानकारी मिली कि संबंधित क्षेत्र में पराली जलाने का काम किसानों द्वारा किया गया है। इसकी सूचना संबंधित लेखपाल ने तहसील में नहीं दी थी । जानकारी मिलने पर संबंधित क्षेत्र के लेखपाल शशिकांत तोमर और पंकज कुमार को निलंबित करते हुए उनसे स्पष्टीकरण तलब किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी तहसील क्षेत्र में जागरूकता फैलाकर किसानों को आगाह किया जा चुका है कि वह पराली जलाने का काम न करें और संबंधित लेखपालों को भी निर्देशित किया जा चुका है कि पराली जाने की घटनाएं होने पर तत्काल सूचित करें । इसके बावजूद यदि कोई व्यक्ति पराली जलाने का काम करता है तो उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई निश्चित रूप से की जाएगी।

## डीएम ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर पुनरीक्षण कार्य का लिया जायज़ा

✻ प्रा.वि. सिदरखी की व्यवस्थाओं का लिया जायज़ा, बीएलओ मयंकर प्रताप के प्रयासों को सराहा

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत तृतीय विशेष अभियान तिथि के दौरान संचालित गतिविधियों का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-287 पयागपुर अन्तर्गत मतदान केन्द्र प्राथमिक विद्यालय ऐनी अहलियापुर व सिदरखी का औचक निरीक्षण पुनरीक्षण कार्य का जायज़ा लिया। इस दौरान डीएम ने प्राथमिक विद्यालय सिदरखी की व्यवस्थाओं को भी परखा। मतदान केन्द्र प्राथमिक विद्यालय सिदरखी के निरीक्षण के दौरान डीएम ने बूथ लेबिल अधिकारी मयंकर प्रताप से प्रपत्र 06, 07 व 08 की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की। बीएलओ ने बताया कि निरीक्षण के समय तक 03 अदद प्रपत्र 06 व 02 अदद प्रपत्र 07 प्राप्त हुए है। बीएलओ द्वारा यह बताये जाने पर उसके द्वारा ग्राम में घर-घर जाकर भी लोगों को पुनरीक्षण अभियान की जानकारी दी जाती है तथा प्रपत्र भी एकत्र किये जा रहे हैं। डीएम ने बीएलओ के प्रयासों की सराहना करते हुए निर्देश दिया कि पुनरीक्षण अभियान के दौरान 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा वर्ग तथा दूसर जगह से ब्याह का ग्राम में आयी बहुओं के प्रपत्र 06 भरवाये जाने पर विशेष फोकस करें। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि पुनरीक्षण अभियान के दौरान अधिक से अधिक अर्ह नागरिकों का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराये जाने हेतु ग्राम स्तरीय अधिकारियों कर्मचारियों, कोटेदार, ग्राम प्रधान व अन्य सम्बन्धित से भी अपेक्षित सहयोग प्राप्त किया जाय। मतदान केन्द्र के निरीक्षण के पश्चात डीएम ने विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका गुलिस्ता रिज़्वी से विद्यालय में नामांकित बच्चों की संख्या, आधारहीन बच्चों की संख्या, छात्र-छात्राओं की औसत उपस्थिति, खातों में धनराशि के अन्तरण व अन्य बिन्दुओं की बाबत जानकारी प्राप्त की। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि विद्यालय में नामांकित बच्चों की संख्या 88 तथा औसत उपस्थिति लगभग 65 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि सहायक अध्यापिका अनुप्रिया अवकाश पर हैं जबकि शिक्षा मित्र पुष्पा गुप्ता व विमला वर्मा उपस्थित हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों मानक के अनुसार फल व दूध का वितरण किया जाता है। आज मेन्यू के अनुसार बच्चों को एम.डी.एम. में सब्ज़ी-चावल परोसा गया है। गुलिस्ता रिज़्वी द्वारा यह बताये जाने पर कि 10 बच्चे ऐसे हैं जिनका आधार अभी नहीं बना है। डीएम ने निर्देश दिया कि प्रयास कर अवशेष बच्चों का शीघ्र की आधार कार्ड बनवा दिया जाय। इसी प्रकार मतदान केन्द्र प्राथमिक विद्यालय ऐनी अलहियापुर के निरीक्षण के दौरान डीएम ने बूथ लेबिल अधिकारी रमेश से प्रपत्रों की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि गया कि निरीक्षण के समय तक 05 अदद प्रपत्र 06 व 01 अदद प्रपत्र 07 प्राप्त हुए है। यहां पर भी डीएम ने निर्देश दिया कि पुनरीक्षण अभियान के दौरान अधिक से अधिक अर्ह नागरिकों का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराये जाने हेतु ग्राम स्तरीय अधिकारियों कर्मचारियों, कोटेदार, ग्राम प्रधान व अन्य सम्बन्धित से भी अपेक्षित सहयोग प्राप्त किया जाय। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी कैसरगंज अमन वर्मा मौजूद रहे

## तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को मारी ठोकर, दो की मौत, एक घायल

✻ शुक्रवार की देर रात तिलकोत्सव कार्यक्रम से वापस लौट रहे थे हादसे के शिकार युवक

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर एक बाइक पर सवार तीन लोगों में से दो की मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के शिकार युवक एक सहकर्मी के तिलक समारोह से वापस लौट रहे थे। सभी स्मार्ट प्वाइंट के कर्मचारी बताए जाते हैं। बहराइच शहर के डिगिहा तिराहे पर स्मार्ट बाजार स्थित है। इस स्मार्ट बाजार में कार्यरत देहात कोतवाली के गनियापुर निवासी विमल मिश्रा का शुक्रवार को तिलकोत्सव कार्यक्रम था। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए स्मार्ट बाजार में उसके साथ सेल्समैन का काम करने वाले शहर के दरगाह थाना अंतर्गत अहिरौरा गांव निवासी अनुराग चौधरी (23) पुत्र अमरनाथ, पयागपुर के झाला तरहर निवासी रवि पांडे (21) पुत्र राज किशोर पांडे और सुरक्षा गार्ड के रूप में तैनात अयोध्या के गोसाईगंज देवापुर बहादुरकापुरा निवासी विकास सिंह (25) पुत्र उदयभान देर रात स्मार्ट बाजार के बंद होने पर बाइक से बनियापुर के लिए रवाना हुए। बाइक सवार तीनों युवक जब बहराइच सीतापुर हाईवे पर मोगरिहा गांव के पास पहुंचे तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन नें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार खड्ड में जा गिरे और बाइक उछल कर दूर चली गई। राहगिरों की सूचना पर मौके पर पहुंची बड़नापुर चौकी की पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर सभी घायलों को रात में ही जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में डॉक्टरों ने स्मार्ट बाजार कर्मी रवि और अनुराग को मृत घोषित कर दिया जबकि सुरक्षा गार्ड विकास सिंह को भर्ती कर उसका इलाज शुरू किया गया है। दुर्घटना की सूचना पाकर अयोध्या से विकास के परिवारीजन भी बहराइच आ गए हैं। घायल विकास की हालत भी नाजुक बताई जा रही है। कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मा गौड़ ने बताया कि अज्ञातवाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक रात में घायल हुए थे उनमें दो की मौके पर ही मौत हो गई थी, दोनों स्मार्ट बाजार के कर्मचारी थे, उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। सुरक्षा गार्ड घायल है उसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक नें बताया कि बाइक को टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

## जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन 30 नवम्बर को

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उ.प्र. के निर्देशानुसार जिला विज्ञान क्लब के तत्वावधान में महाराज सिंह इण्टर कालेज बहराइच में 30 नवम्बर 2023 को जनपद स्तरीय विज्ञान माडल प्रतियोगिता आयोजित होगी। यह जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र देव ने दी। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में कक्षा 09 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर चयनित प्रतिभागियों को क्रमशः 05, 03 एवं 02 हजार रूपये के साथ ही दो प्रतिभागियों को एक-एक हजार रूपये के सांत्वना पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। डीआईओएस श्री देव ने जिले के समस्त शासकीय, शासकीय सहायता प्राप्त, वित्त विहीन, सीबीएसई माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि विद्यालय स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में निर्धारित तिथि एवं स्थान पर ससमय प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें। श्री देव ने बताया कि अधिक जानकारी के लिए जिला विज्ञान क्लब के समन्वय डॉ. नन्द कुमार शुक्ल मो.न. 7007403390 से संपर्क किया जा सकता है।

### कमिश्नर के निर्देश पर एसपी ने किया तबादला

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** आयुक्त देवीपाटन मंडल के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने कल देर रात दो थाना प्रभारी के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया। पुलिस अधीक्षक ने देर रात हुजूरपुर थाने पर तैनात थानाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सिंह को पुलिस लाइन स्थानांतरित किया है। जबकि हरदी थाने पर तैनात दिलीप कुमार शुक्ला को हुजूरपुर थाने की जिम्मेदारी सौंपी है। पुलिस अधीक्षक की कार्यवाही से पुलिस विभाग में हड़कंप मचा है।

## समाधान दिवस पर कैसरगंज में आए नौ मामले, दो का निस्तारण डीएम व एसपी ने लिया जायजा



**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवस का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने थाना कैसरगंज का निरीक्षण कर मौजूद फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए। थाना कैसरगंज के निरीक्षण के दौरान बताया गया कि 09 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए हैं जिसमें 02 का निस्तारण कर दिया गया है। शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर भेजी गयी है। थाना दिवस के निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने मौजूद फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई की तथा पूर्व में निस्तारित प्रकरणों की गुणवत्ता को भी परखा। इसके पश्चात डीएम व एसपी ने थाना परिसर में निर्माणाधीन थाना भवन व आवासीय ब्लाक का निरीक्षण करते हुए कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया कि मानक व गुणवत्ता के साथ कार्य को समय से पूर्ण कराया जाय। इस अवसर पर अजय यादव व थानाध्यक्ष राजनाथ सिंह व अन्य मौजूद रहे।

## हर पढ़ने वाले की घर तक पहुंचाई जाएगी शिक्षा : प्रो. सीमा

✻ किसान पीजी कॉलेज पहुंची राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति, दिया प्रेरक भाषण

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**




राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन मुक्त विश्वविद्यालय कि कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय के माध्यम से हर पढ़ने वाले व्यक्ति के घर तक शिक्षा पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा की नई शिक्षा नीति के तहत प्राइवेट परीक्षा की व्यवस्था समाप्त हो जाने के बाद अब मुक्त विश्वविद्यालय एकमात्र ऐसा माध्यम है जो सर्विस पेशा दिव्यांग तथा ऐसे व्यक्तियों को शिक्षा प्रदान कर सकता है जो विद्यालय में नियमित रूप से उपस्थित नहीं हो सकते हैं। प्रोफेसर सीमा सिंह शनिवार को अपराह्न किसान पीजी कॉलेज के डॉक्टर जे बी सिंह सभागार में छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन के 12 स्टेट रीजनल सेंटर 1417 अध्ययन केंद्र चल रहे हैं यहां त्रिस्तरीय व्यवस्था का संचालन हो रहा है अध्ययन केंद्र स्टेट रीजनल सेंटर से जुड़े हैं और स्टेट रीजनल सेंटर सीधे कुलपति स्तर तक सूचनाओं पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि इस मुक्त विश्वविद्यालय की ओर से ऑनलाइन शिक्षण की भी व्यवस्था की गई है जिससे विद्यार्थी अपने घर बैठकर विद्या अध्ययन कर सकता है। सेवानिवृत्ति मंडल रेल प्रबंधक उमेश कुमार सिंह ने कहा कि पढ़ने की कोई उम्र नहीं होती है मुक्त विश्वविद्यालय में 20 साल से 82 साल तक के विद्यार्थी होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रोफेसर सीमा सिंह उनकी पत्नी है जिन्होंने विवाह के 18 साल के बाद बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में प्रवक्ता के रूप में काम करना शुरू किया था। कॉलेज प्रबंधन समिति के सचिव मेजर डॉक्टर एसपी सिंह ने कहा कि बहराइच प्रोफेसर सीमा सिंह का मायका है और यहां वह पाली बड़ी है इसलिए यहां के युवाओं का दर्द वह भली भांति समझती है उन्होंने कहा कि राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन का अध्ययन से केंद्र इस महाविद्यालय में भी शीघ्र संचालित होगा और पत्रकारिता तथा टूरिज्म के पाठ्यक्रम यहां संचालित किए जाएंगे जिससे छात्र-छात्राएं अपना भविष्य निर्माण कर सके कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर प्रोफेसर विनय सक्सेना ने आकांटों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रोफेसर सीमा सिंह तथा उनके पति सेवानिवृत्ति मंडल रेल प्रबंधक उमेश कुमार सिंह के भाषण को छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा पद बताया इस मौके पर राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर की निरंजना सिन्हा प्रोफेसर छत्रसाल सिंह प्रो.अनीता सिंह, अभिषेक सिंह संजय सिंह समेत अनेक लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन बीएड विभाग के प्रभारी प्रोफेसर ओ पी सोनी ने किया। इस मौके पर विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने प्रोफेसर सीमा सिंह का बुके भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर महाविद्यालय के सभी विभागों के प्रभारी तथा असिस्टेंट प्रोफेसर उपस्थित रहे। कार्यक्रम से पूर्व कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने महाविद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय ठाकुर हुकुम सिंह बिसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

# गुणवात्तापूर्ण व गुणदोष के आधार पर शिकायतों का करें निस्तारणः डीएम

* छोटी-बड़ी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में करें दर्ज- एसपी

जन एक्सप्रेस । उरई



डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी डॉ. ईरज राजा ने प्रदेश सरकार की मंशानुरूप थाना समाधान दिवस रामपुरा में आये फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुना। साथ ही शिकायतों को समयाबधि के अन्तर्गत निस्तारण के संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये।डीएम ने कहा कि शिकायतकर्ताओं द्वारा दी गई शिकायत प्रार्थना पत्र को गुणवत्तापूर्ण व गुणदोष के आधार पर निस्तारण करें। जिससे फरियादियों को इधर-उधर न भटकना पड़े। उन्होने कहा कि शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता की जांच अब सीधे फरियादियों से फोन पर वार्ताकर ली जायेगी, यदि निस्तारण में लापरवाही मिली तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होने कहा कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त जमीनी विवाद शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाये तथा राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उक्त शिकायतों को समयबधि के अन्दर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। एसपी ने कहा कि थाना दिवस में छोटी-बड़ी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज करा जाये तथा उनका समयसीमा के अन्तर्गत मौके पर जाकर निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाये, ताकि उन प्रकरणों की पुनरावृत्ति न की जाये। इस अवसर पर एएसपी असीम चौधरी, एसडीम माधौगढ़ शशि भूषण, सीओ माधौगढ़ शैलेंद्र कुमार बाजपेई आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# एडीजे/सचिव जिला विधिक प्राधिकरण ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । उरई



एडीजे/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेंद्र कुमार रावत ने जिला कारागार उरई का निरीक्षण किया। इसके बाद बैरकों में जाकर बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्या जानी। साथ ही बंदियों को आवश्यकता अनुसार निशुल्क अधिवक्ता देने के निर्देश दिए। इसके बाद पाकशाला में खाना के गुणवत्ता की जांच की।
जोकि मानक के अनुसार सही पाई गई। इसके बाद उन्होंने महिला बैरक में महिलाओं से वार्ता की। महिलाओं के द्वारा कोई भी समस्या का ना होना बताया गया।
महिलाओं को सेनेट्री पैड तथा आवश्यक दैनिक उपयोग की वस्तुओं तथा महिलाओं के साथ रह रहे बच्चों को सर्दी के कपड़े व समय से पौष्टिक आहार दिए जाने के जेल अधीक्षक को निर्देश दिए। साथ ही जेल परिसर की साफ सफाई देखी और साफ सफाई देखकर प्रशंसा की। इस मौके पर जेल अधीक्षक नीरज देव, कारापाल प्रदीप कुमार, उपकारापाल अमर सिंह उपस्थित रहे।

## सरकार की मंशा है डिजिटल बने इंडिया- घनश्याम अनुरागी

# एसके महाविद्यालय में बांटे गए स्मार्टफोन



जन एक्सप्रेस । उरई

स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के तहत प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरूप शनिवार को एसके महाविद्यालय अमगुवां उरई में बीएड कर रहे 90 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण किए गए। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि आज के कुछ वर्षों पहले लेनदेन एवं अन्य काम डिजिटल हो जाएंगे, यह हमारी सोच से परे था। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी के अथक परिश्रम एवं क्रांतिकारी सोच से आज हम डिजिटल इंडिया का जो सपना संजोए थे, वह साकार होने जा रहा है। इसलिए बांटे गए स्मार्टफोन को जनहित में उपयोग करें तथा राष्ट्र को समृद्ध बनाएं। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. नवाब सिंह जादौन, प्रबंधक डॉ. सीपी गुप्ता, एसआर ग्रुप के बाइस चेयरमैन रमाकांत द्विवेदी तथा प्रबंधक अशोक कुमार राठौर सहित कई गणमान्य नागरिक एवं कॉलेज के शिक्षकगण तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## मण्डलीय विज्ञान प्रदर्शनी मे श्रेयस उपाध्याय ने मारी बाजी



जन एक्सप्रेस । महोबा

सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज महोबा के कक्षा दशम के छात्र श्रेयस उपाध्याय ने मण्डलीय विज्ञान प्रदर्शनी मे मॉडल बनाकर चित्रकूट मण्डल मे प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय तथा जनपद महोबा का नाम रोशन किया। विद्यालय मे प्रधानाचार्य कमलेश सिंह सहित वरिष्ठ आचार्य जयनारायण तिवारी तथा संगीताचार्य पं0 जग प्रसाद तिवारी, अनिल त्रिवेदी, सुनील द्विवेदी तथा स्वतंत्र कुमार मिश्रा, सहित समस्त आचार्यो ने छात्र श्रेयस उपाध्याय को पुरस्कृत करते हुए छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्यगण तथा छात्र उपस्थित थे।

# ऐतिहासिक सम्पदा से भरी पड़ी है वीर भूमि महोबा नगरी

जन एक्सप्रेस । महोबा

हमारा महोबा हजारों वर्षों का इतिहास समेटे है और विभिन्न कालों के ऐतिहासिक और स्थापित के बेहतरीन नमूने देखते ही लोग आज भी होठों तले उंगली दबा लेते है। लेकिन ऐतिहासिक धरोहरों के प्रति जितनी सजगता दिखनी चाहिये। कहीं न कहीं उसका आभाव दिखता है।
इस संदर्भ में हमारा मकसद कुछ प्रमुख धरोहरों की जानकारी देने के साथ ही सत्ता में ही नहीं बल्कि आम जन में भी चिंता का भाव पैदा करना है कि सभ्यता और संस्कृति के इन भौतिक दस्तावेजों को क्या उपेक्षित छोड़ा जा सकता है।
**रहेलिया का सूर्य मंदिरः-** यह स्थान महोबा मुख्यालय से दक्षिण की ओर करीबन 5 किमी की दूरीपर रहेलिया तट पर स्थित है। इस मंदिर का निर्माण चन्देल नरेश राहिलदेव बर्मन के द्वारा कराया गया था।
**कीरत सागरः-** महोबा नगर से रेलवे स्टेशन की ओर यह स्थित है। चन्देल नरेश कीर्तिदेव बर्मन द्वारा इस कीरत सागर का निर्माण कराया गया था। जो कि आज भी गवाह के रूप में विद्यमान है।



बड़ी चण्डिका मन्दिर

**बड़ी चण्डिका मन्दिरः-** महोबा छतरपुर मार्ग पर वीरभूमि डिग्री कालेज के सामने दायीं ओर बड़ी चण्डिका मन्दिर स्थित है। इसकी स्थापना चन्द्र बर्मन द्वारा की गई थी।
**छोटी चण्डिका मन्दिरः-** यह मन्दिर मदन सागर के पश्चिम मे व गोरखगिरी की पूर्व के तलहटी में स्थित है।
**ताला सैयद की मजारः-** कीरत सागर के तट के निकट ही ताला सैयद की मजार आज भी सर्व धर्म सम्भाव एवं सामाजिक समरसता का संदेश देती है। यह स्थान पहाड़ी पर होने के कारण अत्यन्त रमणीक है।
**खखरा मठः-** शहर के निकट बसे मदन सागर जल के बीचो बीच बना हुआ खखरा मठ सदियों से आज भी सीना ताने खडा है और जिसे देखत ही अचरज सा पैदा हो जाता है और लाग म नही मन सोचने लगते है कि आखिर बीचों बीच ज लमें यह मठ कैसे तैयार किया गया होगा।
**गोरखगिरीः-**गुरू गोरखनाथ की तपो स्थली गोरखागिरी मदन सागर के तट पर स्थित है। यह स्थान आज भी प्राकृतिक सौन्दर्य से ओतप्रोत है।
**मनियादेव मन्दिरः-** मदन सागर के तट पर स्थित यह मन्दिर भी काफी प्राचीन है। मंगलवार एवं शनिवार को लोग दर्शन करने भी आ जाते है।
**दिसरापुर सरोवरः-** महोबा के वीर आल्हा ऊदल के पिता दक्षराज और मलखान के पिता बच्छराज का यहां निवास माना जाता है। यह तो मात्र नजीर है इसके अलावा आल्हा की बैठक, ताल कोठी, चरखारी ड्योढ़ी दरवाजा गोवर्धन नाथ मन्दिर सेनापति महल, कुलपहाड़ टोला ताल,मंगलगढ़ का किला,बेलाताल झील, सालट का चन्देली महल, उरवारे का मठ जिसमें तीन गर्भग्रह है और तलघर स्थित है यह अद्वितीय ग्रेनाइट पत्थरों से निर्मित है।
रामकुण्ड, शिवताण्डव, रायकोट,भैरव योगनी मन्दिर, कानून के महावीर, आल्हा की गिल्ली, कल्याण सागर, श्रीनगर का किला, हवेली दरवाजा, विजय सागर पक्षी बिहार, गांव मकरबई मे तीन गुमटो वाला चन्देल कालीन निर्मित मठ, पांषाण कालीन कला का बेजोड़ नमूना है। इसके अलावा अन्य दर्शनीय स्थल भी बड़े पैमाने पर मौजूद है।

## दो दिवसीय अखिल भारतीय दंगल 30 से

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** दो दिवसीय अखिल भारतीय दंगल के आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। भाजपा जिला मंत्री व जिला पंचायत सदस्य तेज प्रकाश शिवहरे ने बताया कि अखिल भारतीय विराट दंगल का आयोजन बरभौली गांव में सिद्ध पारा बाबा स्थान पर 30 नवंबर व एक दिसंबर को किया जाएगा। दंगल में देश के विभिन्न प्रांतों के नामीगिरामी पहलवान अपने दांवपेच दिखाएंगे। बरभौली में प्रतिवर्ष दंगल का आयोजन किया जाता है। यहां का दंगल बुंदेलखंड में खासा प्रसिद्ध है। उन्होंने लोगों से दंगल देखने के लिए पहुंचने की अपील की है। (संवाद)
सक्रिय टीबी खोज अभियान शुरू
चरखारी (महोबा)। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सक्रिय टीबी खोज अभियान शुरू कर दिया गया है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि यह अभियान पांच दिसंबर तक चलेगा।

# एसपी ने दो निरीक्षक व 18 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में किया बदलाव

जन एक्सप्रेस । उरई




एसपी ने जिले की कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने को लेकर शुक्रवार की रात एक बार फिर फेरबदल कर दिया। जिसमें दो निरीक्षक व 18 उपनिरीक्षक के कार्यक्षेत्र में बदलाव किए है।
पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने जिले की कानून व्यवस्था को दुरुस्त कर अपराधियों की कमर तोड़ने के लिए महकमें में बड़ा बदलाव कर दिया। जिसमें इंस्पेक्टर जगदम्बा प्रसाद दुबे को पुलिस लाइन से अतिरिक्त निरीक्षक कोतबाली जालौन नियुक्त किया। वहीं इंस्पेक्टर कृष्ण बिहारी को अपराध शाखा से अतिरिक्त निरीक्षक सदर कोतवाली नियुक्त किया, तो वहीं कुठौंद थाने में तैनात बरिष्ठ उपनिरीक्षक शिवकरन सिंह को बरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना रेढ़र बनाया है। इसके अलावा रेढ़र थाने में तैनात बरिष्ठ उपनिरीक्षक राकेश सिंह को कुठौंद थाने में उपनिरीक्षक पद की जिम्मेदारी सौपी है। बल्कि पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक शांशक बाजपेयी को कुठौंद थाने में बरिष्ठ उपनिरीक्षक पद की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा पुलिस लाइन में ही तैनात उपनिरीक्षक सुरेंद्र कुमार को सदर कोतवाली की महत्वपूर्ण चौकी मंडी की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही पुलिस लाइन से ही उपनिरीक्षक बृजेश कुमार को सदर कोतवाली में ही चौकी प्रभारी मेडिकल नियुक्त किया गया है। वही उपनिरीक्षक सतपाल सिंह को पुलिस लाइन से सदर कोतवाली की चौकी कांशीराम कालोनी की जिम्मेदारी सौंपी गई। वही उपनिरीक्षक गोविंद सक्सेना को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी कस्बा जालौन नियुक्त किया गया है। इसके अलावा पुलिस लाइन से ही उपनिरीक्षक रामकिशोर को रामपुरा थाने की सिद्धपूरा चौकी का प्रभार सौंपा गया। वहीं कोतवाली कालपी की चौकी ज्ञान भारती में उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह को थाना गोहन की चौकी ईटो का प्रभारी बनाया गया है।

## मृतक की बेटे की तहरीर पर मुक़दमा दर्ज, दो गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/तरकुलवा,देवरिया।** थाना क्षेत्र के जलुआ पटखौली गांव में शुक्रवार की रात भूमि विवाद में पट्टीदारों ने एक ही परिवार के चार लोगों को लाठी डंडे से जमकर मारपीट कर घायल कर दिया था। स्थानीय लोगों ने घायलावस्था में चारों को सीएचसी तरकुलवा पहुंचाया। जहां स्थिति गंभीर देख डॉक्टरो ने चारो को मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया। इलाज के दौरान राजेंद्र यादव पुत्र तीर्थराज की मौत हो गई।मृतक के बेटे विजय सेन यादव की तहरीर पर तरकुलवा पुलिस ने विनोद यादव पुत्र पुरुषोत्तम यादव, नवमी यादव पुत्र भृगुराशन, कपिल देव पुत्र नवमी, प्रभाकर पुत्र विनोद, बलराम पुत्र मैनेजर, मिंटू पुत्र बलराम, रामप्यारे पुत्र हीरा के खिलाफ हत्या समेत गंभीर धाराओ में मुकदमा दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस पूछताछ कर रही है।

# महिला उत्पीड़न छोड़ सटोरियों को पकड़ने में लगी पिंक बूथ पुलिस

## अपने ही महकमे पर खड़े किए किये सवालिया निशान

जन एक्सप्रेस । उरई




शुक्रवार की रात पिंक बूथ प्रभारी ने मंडी चौकी क्षेत्र में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने महिला समेत चार सटोरियों को हिरासत में लिया। जिन्हें कोतवाली लेकर कार्यवाही की गई। पिंक बूथ प्रभारी का यह कार्य सुर्खियां बटोर रहा है। पुलिस महकमे में हो रही चर्चा के अनुसार पिंक बूथ प्रभारी अपने ही महकमे की फजियत कराने पर तुली हुईं हैं।
विवरण में बताते चले कि जिले में महिला उत्पीड़न के मामलों पर लगाम लगाने व उन्हें न्याय दिलाने के उद्देश्य से जिले की सभी तहसीलो में पिंक बूथ बनाए गए थे। जिनमे महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती भी की गई है। लेकिन जिस उद्देश्य से इन बूथों की स्थापना की गई थी उसे धता बताते हुए पिंक बूथ प्रभारी अपना ही राग अलापने लगीं हैं। इसकी बानगी शुक्रवार की रात देखने को मिली जब पिंक बूथ प्रभारी रंजना सिंह अपने हमराहियों के साथ मंडी चौकी क्षेत्र में जा पहुंची जहां उन्होंने महिला समेत चार लोगों को हिरासत में ले लिया। पकड़े गए लोगो को पुलिस कोतवाली ले आई जहां अवैध रूप से सट्टा संचालित किए जाने की उनपर कार्यवाही की गई। वही महकमे में चर्चा है कि पिंक बूथ प्रभारी अपने ही महकमे की किरकिरी करने में लगीं हुईं हैं। अपने सीमा क्षेत्र में कार्यवाही करने के बजाए वह इधर-उधर हाथ पांव मार रहीं हैं। वहीं इस मामले को लेकर सीओ सिटी गिरजा शंकर त्रिपाठी का कहना है कि अवैध रूप में सट्टे का व्यापार संचालित किए जाने की सूचना पर पिंक बूथ प्रभारी ने कार्यवाही की है। सूचना मिलने पर पुलिस किसी भी क्षेत्र में कार्यवाही कर सकती है।

# डीएम-एसपी ने थाना समाधान दिवस मे सुनी जनसमस्याएं



जन एक्सप्रेस । महोबा

डीएम मृदुल चौधरी व एसपी श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा थाना चरखारी में मौजूद रहकर थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनसुनवाई की गयी। इस दौरान फरियादियों से उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया जिसके क्रम में उनकी समस्याओं के समाधान हेतु वहां मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित करते हुये मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त हुई सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि के आधार पर किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाए जिससे आमजनमानस को बिना वजह परेशान होना पड़े। जनपदीय पुलिस व प्रशासन के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल, थाना पर थाना समाधान दिवस आयोजित कर जनता की समस्याओं को सुना गया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए उनके त्वरित व विधिक निस्तारण हेतु संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

## मासिक बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस/भटनी,देवरिया।** निर्धारित कार्यक्रम के तहत बीआरसी पर प्रधानाध्यापकों की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी राजेश यादव ने पचास से कम नामांकन को पूरा करने, समर्थ एप पर हाजिरी बनाने नेट परीक्षा की तैयारी निपुण लक्ष्य के एप के प्रयोग डीबीटी कार्य, आधार का कार्य सौ प्रतिशत करना और ड्रेस के फोटो कार्य आदि बिंदुओं पर चर्चा करते हुए समीक्षा किया तथा कार्य को गति देने की बात कही ।बैठक में प्रमुख रूप से प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष स्वतंत्र तिवारी प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष ओम प्रकाश शुक्ला त्रिगुणानंद तिवारी नागेश मणि रामदास यादव सुधांशु राय रुद्र प्रताप माधव शुक्ला घनश्याम तिवारी अवधेश रावत जावेद विमलेश राम प्रवेश मिश्रा चंद्रभूषण मिश्रा आशुतोष गुप्ता सतीश तिवारी संदीप तिवारी अजीत सिंह विनीत सिंह अभय सिंह वीरेंद्र यादव राजेश सिंह मदन तिवारी घनश्याम तिवारी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार में समाज का हर वर्ग है परेशानः अखिलेश प्रताप सिंह

जन एक्सप्रेस । सलेमपुर, देवरिया



आज महंगाई, बेरोजगारी, भ्र्ष्टाचार चरम पर है, भाजपा सरकार में समाज का हर वर्ग परेशान हैं। उक्त बातें रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के बनकटा दीक्षित सहित दर्जनों गांवों के भ्रमण के बाद सलेमपुर कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पूर्व विधायक अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा।उन्होंने कहा कि आज जनता ने जिस आशा और विश्वास के साथ भाजपा की सरकार बनाई थी, उस पर वह खरा नहीं उतरी।
मनमोहन सिंह जी की सरकार के बाद देश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। छात्र, नौजवान बढ़ते बेरोजगारी से परेशान है, बेतहाशा बढ़ रहे पेट्रोलियम पदार्थों के दाम के कारण आम आदमी का जीवन जीना दूभर हो गया है।इन सभी समस्याओं से निजात का एक मात्र उपाय केंद्र व प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाना जरूरी है। जनता भी कांग्रेस के तरफ आशा भरी निगाहों से देख रही है। आज किसान डीएपी, यूरिया खाद के लिए परेशान हैं लेकिन यह सरकार इसको उपलब्ध नहीं करा पा रही है। हम सभी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को भाजपा के जनविरोधी नीतियों को जनता के बीच जाकर उजागर करने की आवश्यकता है।जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस का हर कार्यकर्ता जनसंघर्ष कर रहा है।सम्बोधित करने के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह राकेश, डॉ धर्मेन्द्र पांडेय, मार्कण्डेय मिश्र, भरथ मणि त्रिपाठी, आलोक त्रिपाठी, राजन,शिवशंकर सिंह, रामविलास तिवारी, मनोज पांडेय, सैयद फिरोज अहमद,सत्यम पांडेय, सुरेंद्र यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# घायल बच्चों के अभिभावकों ने पुलिस को दी तहरीर, पुलिस ने मामला किया दर्ज

जन एक्सप्रेस । उरई

कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फुलेला निवासी शत्रुघन सिंह पुत्र विशम्भर दयाल ने कोतवाली में तहरीर दी। जिसमें बताया कि हमारे ग्राम के बच्चे व बच्चियां पंचानन चौराहा जालौन रोड स्थित सूरज ज्ञान मॉडर्न पब्लिक स्कूल में पढ़ते है। जो प्रतिदिन विद्यालय की गाड़ी से ग्राम फुलेला से आते जाते हैं।
जो रोज की ही तरह बीते दिन 22 नबम्बर को बच्चे उक्त बाहन से सुबह 7.30 बजे सवार होकर विद्यालय जा रहे थे। तभी रास्ते में कोच कैलिया बाईपास पर बाहन के ड्राइबर आशीष पुत्र मोहर सिंह निवासी देवगांव के कान में इअर फोन लगे होने की लापरवाही से गाड़ी में सवार अथर्व पुत्र अनिल, रितिक पुत्र चन्द्रपाल, कार्तिक पुत्र राहुल, मानवी पुत्री पुष्पेंद्र, सूर्यांश पुत्र पुष्पेंद्र, रुद्र प्रताप पुत्र शत्रुघन, शिवम पुत्र गंगाराम, क्षितिज पुत्र अनिल कुमार, दक्ष पुत्र मानवेन्द्र, पूर्वी पुत्री अनिल कुमार, बिक्की पुत्र रविन्द्र, सौम्या पुत्री अनिल कुमार, सोहेल पुत्र अजीज, सानू पुत्र अजीज, कार्तिक पटेल पुत्र हरिओम व माधव पुत्र रजनीकांत, तनिश पुत्री रजनीकांत निवासीगण ग्राम फुलेला घायल हो गए।
बताया कि विद्यालय के प्रबंधक व स्टाफ द्वारा हम लोगों व बच्चों से ठीक ब्यौहार नहीं किया जा रहा है और बच्चों के इलाज में सहयोग भी नहीं कर रहे है। जबकि ग्वालियर में आईसीयू में भर्ती अथर्व पुत्र अनिल की गम्भीर हालत है। वहीं झांसी मेडीकल कालेज में भर्ती सौम्या सोहेल सानू और बिक्की की हालत भी गम्भीर बनी हुई है। फिलहाल पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# भूमि पूजन के साथ पांच दिवसीय नेशनल सीनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ

**अयोध्या में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने वैदिक मंत्रों की बीच भूमि पूजन करने के बाद प्रतियोगिता का किया शुभारंभ**

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन पर अयोध्या के जीआईसी के मैदान पर आयोजित होने वाली पांच दिवसीय नेशनल सीनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता का शनिवार को शुभारम्भ हुआ। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने वैदिक मंत्रों की बीच भूमि पूजन करने के बाद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए देश के सभी राज्यों से 1200 खिलाड़ी यहां पहुंचे हैं। उद्घाटन के बाद केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा इंडियन राउंड, कंपाउंड व रिकर्व तीन तरह की प्रतियोगिता यहां कराई जाएगी। उन्होंने कहा देश के प्रधानमंत्री ने खेलों और खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी है। वहीं प्रदेश की योगी सरकार ने उन्होंने खिलाड़ियों को उत्साहित किया है। उसी का परिणाम है लगातार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलों में बहुत अच्छी उपलब्धि हमारे खिलाड़ी प्राप्त कर रहे हैं और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। तीरंदाजी एक ऐसा खेल है जिसके माध्यम से हम पौराणिक संस्कृति से जुड़ते हैं और सुसंस्कृत भी होते हैं। जो युद्ध अभ्यास हमारे पूर्वजों ने किया था हम उस अभ्यास को स्मरण भी करते हैं। यह खेल रोमांचपूर्ण होता है। यह खेल अपने संस्कृति को अपने सुसंस्कृत जीवन की पृष्ठभूमि को मजबूती देता है। आने वाले समय में ओलंपिक के लिए फर्स्ट स्टेज के लिए हम क्वालीफाई करेंगें। तुर्की में होने वाले प्रतिस्पर्धा के लिए हम पूर्ण रूप से सेलेक्ट होंगे। हमारे खिलाड़ी इसके प्रतिभागी बनेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए यहां आई महिला खिलाड़ी भी काफी उत्साहित दिखीं। उन्होंने कहा रामनगरी में पहली बार तीरंदाजी प्रतियोगिता हो रही है। भगवान राम भी धनुर्धर थे।आज उन्हीं की जन्मभूमि पर तीरंदाजी प्रतियोगिता हो रही है। उद्घाटन के मौके पर प्रदेश के खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव, तीरंदाजी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश अवस्थी, सेक्रेटरी अजय गुप्ता, सांसद लल्लू सिंह, विधायक रामचंद्र यादव, महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, ओलंपियन आईएएस एलवाई सुहास, कमिश्नर गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, डीएम नीतीश कुमार, एसएसपी राज करण नैय्यर के साथ अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

## विशाल भंडार का आयोजन आज

**जन एक्सप्रेस/बारुन बाजार - अयोध्या।** श्रीमद् भागवत मुख्य यजमान गुरु चरन लाल कौशल के यहां हो रही श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन 26 नवंबर को किया जा रहा है जिसको लेकर कई बैठक का आयोजन किया जा चुका है इस दौरान कथावाचक अनन्या शर्मा ने 7 दिन तक चली कथा में श्रीमद् भागवत कथा की महिमा बताइए लोगों से भक्ति मार्ग से जोड़ने सत्य कर्म करने को कहा भंडारे को लेकर बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कई बूथों का निर्माण किया गया जिसमें बूथ नंबर 7 के प्रभारी रूपेश जायसवाल संरक्षक समाजसेवी रवि पांडेयअनुराग देव विकास अंबेश पिंटू बिजली विभाग राहुल आदि लोगों की गरिमा मयी उपस्थिति रही समाजसेवी रवि पांडे ने उपस्थित व्यक्तियों को संबोधित करते हुए प्रसाद के बारे में बताया यह तीन अक्षर से मिलकर बना हुआ है पहले पर प्रा का अर्थ प्रभु होता है दूसरा सा का अर्थ साक्षात तीसरा द का अर्थ दर्शन होता है जिसमें हम सब प्रसाद कहते हैं मनुष्य का शरीर ईश्वर का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ प्रसाद है जीवन में प्रसाद का अपमान करने से भगवान का अपमान होता है।

# अविवि ने प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को हेल्थ एवं हाइजीन से जागरूक किया

**अभिभावक बच्चों को फास्ट फूड देने से बचे: डॉ0 दीपशा दूबे**

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**




डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र तथा महिला शिकायत एवं कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा गोद लिए हुए गांव माधवपुर मसौधा के प्राथमिक विद्यालय में बच्चों का स्वास्थ परीक्षण किया गया। बच्चों को हेल्थ एवं हाइजीन के बारे में जागरुक करते हुए विश्वविद्यालय के स्वास्थ केंद्र की होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. दीपशा दूबे ने बताया कि हमें हाथों को पूर्ण स्वच्छ करके ही भोजन ग्रहण करना चाहिए।

उन्होंने बताया कि हाथों के नाखूनों में गंदगी के साथ अनेक सूक्ष्म जीवाणु रहते हैं जो की संक्रमण व रोग का प्रमुख कारण होते है। उन्होंने विद्यार्थियों को संतुलित आहार के बारे में बताते हुए कहा कि हमारे भोजन में प्रोटीन, विटामिन, कार्बोहाइड्रेट, कैल्शियम एवं खनिज लवण सभी पोषक तत्व संतुलित मात्रा में होना चाहिए। घर के बने हुए भोजन में हमें दाल से प्रोटीन दूध से कैल्शियम, रोटी व चावल से कार्बोहाइड्रेट, हरी साग सब्जियां व फलों से विटामिन एवं खनिज लवण सरलता से प्राप्त हो सकते हैं। कार्यक्रम में उन्होंने विद्यार्थियों को फास्ट फूड से बचना चाहिए। मां के हाथ से बने हुए भोजन को ही प्राथमिकता के साथ ग्रहण करना चाहिए। अभिभावकों को अपने बच्चों में सभी प्रकार के भोजन लेने की आदत डालनी होगी।कार्यक्रम में बच्चों को पुष्टाहार भी वितरित किया गया। इसी दौरान विद्यालय के सभी बच्चों का लंबाई एवं भार को मापा गया एवं उनकी समस्याएं भी सुनी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकोष्ठ की समन्वयक प्रो0 तुहिना वर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि दीक्षांत सप्ताह के तहत बच्चों का स्वास्थ परीक्षण किया गया। इसके साथ ही उन्हें जागरूक किया गया है। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 स्नेहा पटेल ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ निहारिका सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम प्रधान ऋषिकेश वर्मा, प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती गरिमा, सुश्री वर्षा का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर डॉ0 महिमा चौरसिया, सुश्री गायत्री वर्मा, छात्र आकाश मिश्रा सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# श्रवण क्षेत्र धाम में दीपोत्सव की तैयारी पूरी

**जन एक्सप्रेस । अंबेडकर नगर**



जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा प्रस्तावित दीपोत्सव कार्यक्रम की समीक्षा श्रवण क्षेत्र स्थल पर की गई। श्रवण क्षेत्र धाम पर तीन नदियों का संगम स्थल है, जिसे त्रिवेणी की तरह विकसित कर, स्थाई घाटों के अतिरिक्त भी अस्थाई घाटों का निर्माण कराया जा चुका है, जिनको पक्के घाट के रूप में विकसित करने की कार्य योजना तैयार की जा चुकी है इन घाटों को आसपास की चार ग्राम सभाओं चीउटीपारा ,कुड़िया चितौना, मूसेपुर गिरंट एवं बैजपुर के निवासियों द्वारा गोद लिया जाएगा। इस त्रिवेणी स्थल पर प्रयागराज के संगम का जल भी प्रविष्टि किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु तीन विकास खण्डों भीटी, अकबरपुर एवं कटेहरी के अधिकारियों/ कर्मचारियों साथ तहसील भीटी एवं अकबरपुर की टीम लगाई गई है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार रामघाट, जानकी घाट आदि 28 घाटों पर आमजन मानस एवं स्वयंसेवकों के सहयोग से तथा अवस्थित भवनों पर सवा लाख दीपों के प्रज्जवलन के साथ ही भजन, गायिका, तृप्ति शक्या की भजन संध्या का आयोजन भी है। इसके पूर्व 26 नवंबर को सुंदरकांड पाठ, हवन, कलश पूजन तथा प्रसाद वितरण के उपरांत सांस्कृतिक संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

27 नवंबर को इस स्थल पर पूर्ण कराए गए कार्यों का लोकार्पण एवं प्रस्तावित कार्यों का शिलान्यास भी किया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा श्रवण क्षेत्र महोत्सव के अध्यक्ष अनुपम पांडे तथा उनके टीम के सहयोगियों डॉ. हरीश सिंह, दिलीप सिंह कमलेश श्रीवास्तव के प्रयासों की सराहना की गई तथा उपस्थित अधिकारियों परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी अकबरपुर, भीटी,डीसी मनरेगा, बेसिक शिक्षा अधिकारी ,जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी तथा खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए गए कि सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। जनपद वासियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक प्रतिभाग करने हेतु अपील की गई। इस मौके पर ओमप्रकाश गोस्वामी, मीडिया प्रभारी विवेक पांडे, हरीश सिंह मंडल अध्यक्ष अमरजीत मौर्य, सुनील मिश्रा ,राजेश गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

# टेंट हाउस की गोदाम में आग लगने से दो लोगों की जिंदा जलकर दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**



अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र जलालपुर रोड पर स्थित नितिन टेंट हाउस के गोदाम में शुक्रवार रात शार्ट सर्किट से आग लग जाने से गोदाम में सो रहे दो युवकों की जलकर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई राजकुमार निषाद पुत्र रामसूरत निवासी इंद्रलोक कॉलोनी थाना अकबरपुर और सूरज विश्वकर्मा पुत्र राम उजागिर निवासी नारायणपुर प्रीतमपुर थाना हंसवर टेंट हाउस की गोदाम पर मजदूरी करते थे प्रतिदिन की तरह शुक्रवार की शाम गोदाम में बाहर से शटर बंद करके सो रहे थे इसी बीच आधी रात को बिजली के शार्ट सर्किट से अचानक आग लग जाने से गोदाम में सो रहे है दोनों मजदूर बुरी तरह से झुलस गए घटना की जानकारी अगल-बगल के लोगों को होने पर उन्होंने तुरंत फायर ब्रिगेड को फोन कर बुलाया फायर ब्रिगेड के पहुंचने पर काफी मशक्कत करने के बाद शटर को खोला गया और आग पर काबू पाया गया उसके बाद झूलसे हुए दोनों व्यक्तियों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर डॉक्टर में दोनों लोगों को मृत घोषित कर दिया।

वहीं दूसरी ओर बसखारी थाना क्षेत्र के एन एच 233 पर एक ही बाइक पर सवार होकर शादी समारोह में सम्मिलित होने जा रहे एक ही गांव के तीन युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी सूचना मिलने पर आसपास के लोगों ने उनको जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया प्राप्त जानकारी के अनुसार आजमगढ़ जनपद के अतरौलिया थाना क्षेत्र के चनइता गांव के निवासी प्रदीप ओमप्रकाश और घनश्याम तीनों युवक अंबेडकर नगर जनपद के बसखारी थाना क्षेत्र के सिंहपुर गोहिला गांव में शादी समारोह में सम्मिलित होने जा रहे थे इसी बीच सामने से आ रही अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गए एक ही गांव के तीन लोगों की भीषण सड़क दुघर्टना में मौत की खबर मिलने पर गांव में हाहाकार मच गया और परिजनों में कोहराम मच गया।दुर्घटना में घायल पांचों शवों को पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# इंटर हाउस कबड्डी प्रतियोगिता में आर्किड हाउस विजयी



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल मे शनिवार को इंटर हाउस कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

आर्किड हाउस ने 27-22 से जीत दर्ज कर प्रतियोगिता अपने नाम की। जानकारी के अनुसार 25 नवंबर को सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इंटर हाउस कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय प्राचार्य आसिम रूमी एवं समन्वयक आफाक हुसैन रहे। कार्यक्रम आयोजक आशीष श्रीवास्तव एवं अमन जयसवाल जूनियर के दिशा निर्देशन में विद्यालय की चारों हाउस की टीमों में जबरदस्त कबड्डी के मैच हुए। कबड्डी के मैच में निर्णय को की भूमिका में बिजॉय सेनापति एवं श्रीमंता रहे। विद्यालय प्रधानाचार्य आसिम रूमी ने सभी टीमों के प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त करते हुए प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता की प्रथम मैच में लिली और ऑर्किड हाउस का मैच हुआ जिसमें आर्केड हाउस ने लिली को 29-16 से हराया। द्वितीय मैच में ट्यूलिप हाउस एवं लैवेंडर हाउस के मध्य में कांटे का मुकाबला हुआ जिसमें ट्यूलिप हाउस ने लैवेंडर हाउस को 36-24 से हराया। फाइनल मैच में ट्यूलिप हाउस और ऑर्किड हाउस ने एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी किंतु अंत में ऑर्किड हाउस ने ट्यूलिप हाउस को 27-22 से हरा दिया और प्रतियोगिता का चैंपियन बना।

विद्यालय प्रधानाचार्य एवं समन्वयक द्वारा विजेता टीम को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। प्रधानाचार्य ने विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन के लिए अति आवश्यक है वह हमारे अंदर टीम भावना उत्पन्न करते हैं। प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय अध्यापक आशीष श्रीवास्तव, अमन जयसवाल सीनियर, कुमार जूनियर के साथ साथ विद्यालय के छात्रों तन्मय पांडे, वीरभद्र त्रिपाठी, सौरभ सिंह, हर्षित पांडे, कृष मिश्रा व शिवम यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## रामलला के लिए आया सिंध प्रांत से सिंधी पारंपरिक ऋतु वस्त्र

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** रामलला के लिए आया सिंध प्रांत से सिंधी पारंपरिक ऋतु वस्त्र कार्तिक मास की त्रियोदशी के शुभ अवसर पर पूज्य साई हरीश लाल का शुभ आगमन शिवालय मन्दिर परिसर में हुआ, मुख्य महंत गणेश राय दास ने पूज्य साई को अंग वस्त्र पहनाकर ऋतु फल भेट किया। इस अवसर पूज्य साई उत्तर प्रदेश सिंधी समाज के अध्यक्ष ओम प्रकाश ओमी की उपस्थिति में सिंध प्रांत से आई सिंधी अजरक महंत को समर्पित की। यह अजरक श्री राम जन्मभूमि में विराजमान प्रभु राम लला को सिंधी समाज हर्षोल्लास के साथ अर्पित करेगा। यह जानकारी शिवालय परिवार के मीडिया प्रभारी क्षितिज साधवानी ने दी इस दिव्य अवसर पर बहन काजल खत्री ने पूज्य साई की आरती कर व चंदन तिलक कर स्वागत किया और नन्हे-मुन्ने बच्चों ने साई जी को पुष्प भेंट करके आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दिव्य अवसर पर सखी बाबा युवा मंडल अध्यक्ष जीतू खत्री, परिक्रमा भंडारा प्रभारी राजेश चावला, युवा समाजसेवी राजेश जसवानी, संजय सेहता, गौरव वरयानी, उज्वल सहता, वासदेव राम आदि मौजूद रहे।

# विद्यालय में छात्र-छात्राओं के बीच फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डिवाइन पब्लिक स्कूल में शनिवार को फैंसी ड्रेस कंपटीशन का आयोजन किया गया। नर्सरी कक्षा से कक्षा तीन तक के बच्चों के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पर्यावरण सम्बन्धी, कार्टून व अन्य किरदारों में बच्चों को उनके अभिभावकों ने तैयार करके विद्यालय में भेजा। जानकारी के अनुसार 25 नवंबर को डिवाइन पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं के बीच फैंसी ड्रेस कंपटीशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नर्सरी क्लास से कक्षा 3 तक के बच्चों को शामिल होने की अनुमति दी गई थी । विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों को पर्यावरण संबंधी गेटअप व कार्टून तथा मनचाहे कपड़ों में विद्यालय आने की अनुमति दी गई थी । कंपटीशन में शामिल होने वाले बच्चों ने पेड़ पौधों, फल सेब केला व अन्य तरह के पर्यावरण से जुड़े किरदारों में खुद को बनाकर कंपटीशन में भाग लिया। वहीं कुछ छात्राएं परी के किरदार में, कुछ छात्र पुलिस यूनिफार्म में व कुछ फौजी के वेश में तैयार होकर कंपटीशन में शामिल हुए थे। कुछ बच्चों ने टीचर और डॉक्टर की वेश भूषा में तैयार होकर कॉम्पटीशन में शामिल हुए थे। विद्यालय में मौजूद शिक्षको ने बच्चों के फैंसी ड्रेस कंपटीशन को बेहतर तरीके से संचालित करवाया और डिवाइन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक आशीष उपाध्याय ने खुद इस कंपटीशन में बतौर जज की भूमिका निभाते हुए बच्चों के अभिनय साज सज्जा को देखा । विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों के अभिनय और गेटअप के आधार पर प्रबंधक आशीष उपाध्याय द्वारा फैंसी ड्रेस कंपटीशन में प्रतिभा करने वाले छात्रों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को चयनित कर लिया गया है, जिन्हें शिक्षण सत्र के अंतिम दौर में विद्यालय के प्रबंधक द्वारा सम्मानित किया जाएगा। प्रबंधक श्री उपाध्याय ने बताया कि बच्चों का फर्स्ट सेकंड और थर्ड निकलना इतना आसान नहीं है । उन्होंने बताया कि बच्चे बहुत ही मनमोहक और आकर्षक ड्रेस में तैयार होकर के आए हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मृत महिला का शव जमीन ने निकलवाकर कराया जाएगा पोस्मार्टम, डीएम ने दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस/बलरामपुर।** जिले के डीएम अरविन्द सिंह ने महिला की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस के अनुरोध पर शव को मजिस्ट्रेट, पुलिस एवं निकट सम्बन्धियों की उपस्थिति में जमीन से खोदवाकर पोस्टमार्टम कराने के आदेश दिए हैं। मामले में जिलाधिकारी द्वारा एसडीएम तुलसीपुर को इसके लिए मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। मामला तहसील तुलसीपुर अन्तर्गत ग्राम बरगदहा सोना पचपेड़वा का है जहां के निवासी भरथी यादव पुत्र भारत यादव की पुत्री की संदिग्ध मृत्यु 21 नवम्बर को हो गई थी। प्रकरण में परिजनों की तहरीर पर थाना पचपेड़वा में मुकदमा दर्ज किया गया है। बताते चलें कि पीड़ित की बेटी का विवाह रक्षाराम पुत्र राम तीरथ निवासी शिवपुर भगवानपुर के साथ तीन वर्ष पूर्व हुआ था। पीड़ित की बेटी की संदिग्ध मृत्यु के बाद ससुराल वालों ने शव को दफना दिया गया। संदिग्ध मृत्यु के मामले में पुलिस के अनुरोध पर प्रकरण का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने कानूनी अभिमत के आधार पर मृतका के शव को जमीन से निकलवाकर पोस्टमार्टम कराने के आदेश दिये हैं।

# शीतलहर की तैयारियों और बचाव को लेकर डीएम के अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक

**रैन बसेरे, अलाव व गौ आश्रय स्थलों में आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित कराने के दिए निर्देश, अभियान चलाकर वाहनों पर रेफ्लेक्टर लगवाने के दिए निर्देश**

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



ठंडक का आगज हो चुका है आगामी दिनों में शीत लहर पड़ने की भी संभावना है जताई जा रही है। जिसकी तैयारियां और बचाव को लेकर शनिवार को डीएम के अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गईं। बैठक में आश्रयहीन व्यक्तियों के लिए रैन बसेरों की स्थापना, रैन बसेरों में मानक अनुरूप प्रबन्धों को सुनिश्चित कराये जाने, प्रत्येक रैन बसेरे के लिए नोडल अधिकारी एवं प्रत्येक रैन बसेरे के लिए केयर टेकर नियुक्त किया जाने, ठण्ड से बचाव हेतु अलाव जलाये जाने वाले स्थलों का चिन्हांकन किये जाने, अलाव वाले स्थलों पर आवश्यकता अनुसार लकड़ी इत्यादि का प्रबंध किये जाने, सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत परिवहन विभाग द्वारा अभियान चलाकर वाहनों पर रेडियम रेफ्लेक्टर लगवाया जाने, लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत ब्लैक स्पाट्स का चिन्हांकन कर साइन बोर्ड एवं रेफ्लेक्टर लगवाया जाने, अलाव जलाये के लिए आवश्यक लकड़ी का क्रय किये जाने, गौ आश्रय केन्द्रों व आश्रय स्थलों में गौवंशों के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किये जाने, शीत लहर से बचाव हेतु क्या करें-क्या न करें का व्यापक प्रचार-प्रसार कराये के सम्बन्ध विस्तृत समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी श्री सिंह ने सभी उपजिलाधिकारियों एवं अधिशाषी अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्त नगरीय क्षेत्रों में आश्रयहीन व्यक्तियों व बाहर से आने जाने वाले व्यक्तियों के ठहरने हेतु रैन बसेरे के लिए स्थल का चिन्हांकन कर लें तथा चिन्हित स्थलों की सूचना उपलब्ध करा दें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यह ध्यान रखा जाय कि रैन बसेरे सार्वजनिक स्थलों पर हों ताकि लोग आसानी से पहुंच सकें। रैन बसेरों का व्यापक प्रचार-प्रसार भी कराया जाय। उन्होंने कहा कि रैन बसेरों में मानक अनुरूप सुविधाएं एवं प्रबन्धों जैसे शौचालय, बिस्तर, चारपाई, अलाव, प्रकाश, साफ-सफाई इत्यादि का समुचित प्रबन्ध सुनिश्चित कर लिया जाय। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक रैन बसेरे के लिए एक नोडल अधिकारी नामित करते हुए उसका दायित्व निर्धारित किया जाय कि वह रैन बसेरे में सभी आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित करायें तथा रैन बसेरे में प्रतिदिन निवास करने वाले व्यक्तियों की संख्या व विवरण जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करायेंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक रैन बसेरे के लिए एक केयर टेकर नियुक्त किया जाय, केयर टेकर का दायित्व होगा कि वह रैन बसेरे में उपस्थित रहकर समस्त आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित कराने के साथ ही देखभाल करेगा। रैन बसेरे में निवासित होने वाले प्रत्येक व्यक्ति का नाम, पता, मोबाइल नम्बर, आने का दिनांक व जाने का दिनांक व समय आदि का विवरण रजिस्टर में दर्ज करेंगे। इसके साथ ही ठण्ड से बचाव हेतु अलाव जलाये जाने के लिए स्थलों का चिन्हांकन उपजिलाधिकारियों एवं नगर निकायों के अधिशाषी अधिकारियों द्वारा कर लिया जाय और चिन्हांकित स्थलों की सूची भी उपलब्ध कराई जाय। सड़क दुर्घटनाओं से बचाव को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि ठण्ड के मौसम में घने कोहरे के कारण सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। कोहरे के कारण सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के दृष्टिगत एआरएम रोडवेज एवं एआरटीओ को निर्देशित किया कि रोडवेज बसों एवं अन्य वाहनों पर अभियान चलाकर रेडियर रेफ्लेक्टर लगवाये जायें।

# महिला यात्री को दुकानदारों ने पीटा, चेहरे व शरीर पर आयीं चोटें

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

अयोध्या धाम को साफ सुथरी एवं सुंदर छवि से निखारने में केंद्र एवं प्रदेश की सरकार दिन-रात एक कर काम कर रही है। अयोध्या को विश्व की सुंदरतम नगरी बनाए जाने के उद्देश्य से पर्यटन विभाग में नगरी को विकसित करने में जुटा है। पर्यटक अयोध्या में ज्यादा से ज्यादा की संख्या में आएं इसके लिए तन्मयता से योगी सरकार काम कर रही है।

हजारों करोड़ रुपयों का बजट अयोध्या की धरती पर केंद्र एवं प्रदेश की सरकारों ने जारी करते हुए पर्यटकों की सभी सुविधाओं के लिए कार्य कर रही है।

वहीं अयोध्या के मनबढ़ छवि के दुकानदार जो गैर जनपदों से आकर व्यापार करते हैं तथा दूर दराज से आए हुए पर्यटकों के साथ हाथापाई एवं मारपीट कर उन्हें लहूलुहान कर देते हैं। इसी प्रकार का एक मामला आज हनुमानगढ़ी एवं कनक भवन के बीच रास्ते में पूजा पाठ एवं फोटो की दुकान के मालिकों ने झांसी से आई महिला यात्री अनीता पत्नी अज्ञात के साथ हुआ है।

दुकानदार ने धक्का मुक्की के साथ मार-मार महिला यात्री को लहूलुहान कर दिया है। यह वाकया तब हुआ जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या धाम से गए चंद समय ही बीता था और स्थानीय दुकानदारों के द्वारा इस तरह के घटना को अंजाम दिया गया। बताते हैं कि जब झांसी से दर्शन पूजन के लिए आया एक परिवार कनक भवन दर्शन को जाते समय एक पूजा पाठ सामग्री एवं फोटो की दुकान पर सामान को खरीदने की नीयत से रुक गया तथा दुकानदार से बारगेनिंग को लेकर कहां सुनी हुई। कहा सुनी धीरे-धीरे विवाद का रूप लेती गई तथा दो- तीन दुकानदारों ने एकजुट होकर बाहर से आए महिला यात्री को एकजुट होकर मारने पीटने लगे तथा महिला यात्री के साथ के लोगों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा तथा महिला यात्री के सर से खून निकलने लगा। हाथापाई का विवाद इतना बढ गया कि मामला थाना राम जन्मभूमि तक पहुंच गया।

थाना राम जन्मभूमि की पुलिस सूचना पाते ही तत्काल हरकत में आई और दोनों पक्षों को कार्यवाही के लिए थाने में ले गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार इसी प्रकार की एक घटना चंद दिनों पहले भी हो चुकी है। अयोध्या के दुकानदारों के इस हरकत से योगी की सरकार पूरी तरीके से शर्मसार हो रही है। उत्तर प्रदेश की सरकार की छवि को कुछ चंद दुकानदारों के कारण धूमिल किया जा रहा है। हनुमानगढ़ी मंदिर के सामने दुकानदार आए दिन श्रद्धालुओं से भिड़ जाते हैं और उन्हें काफी बुरा भला कहते हैं। पुलिस ने कहा कि अभी इस मामले में किसी पक्ष से तहरीर नहीं दी है।

# निश्चित रूप से भविष्य में ग्रामीण खिलाड़ी खेलों में देश का नाम रोशन करेंगे: संजय सिंह गंगवार

* एकल अभियान अभ्युदय युद्ध क्लब का दो दिवसीय खेलकूद समारोह का राज्य मंत्री ने किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार






**पीलीभीत।** एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब द्वारा सम्भाग ब्रजमंडल का सम्भाग स्तरीय खेलकूद समारोह का आज से गांधी स्टेडियम पीलीभीत में दो दिवसीय खेलकूद का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घघाटन मुख्य अतिथि संजय सिंह गंगवार गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार,राष्ट्रीय संगठन प्रभारी एकल अभियान माधवेंद्र सिंह, कार्यक्रम अध्यक्ष बलराज पासी, विशिष्ट अतिथि आस्था अग्रवाल नगरपालिका अध्यक्ष ने सामूहिक रूप से किया। जिसके पश्चात सम्भाग के विभिन्न जनपदों से आई टीमों द्वारा मार्च पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी गई। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि संजय सिंह गंगवार ने कहा कि ग्रामीण युवाओं में काफी खेल क्षमता है। निश्चित रूप से भविष्य में ग्रामीण खिलाड़ी खेलों में देश का नाम रोशन करेंगे। मुख्य वक्ता माधवेंद्र सिंह ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को आगे लाने के लिए अभ्युदय यूथ क्लब का गठन किया गया है। बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ बेहतर खेल सुविधाएं देने के लिए केंद्र व सभी प्रदेश सरकारों को कार्य करने चाहिए। उन्होंने कहा कि अभ्युदय यूथ क्लब के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को खेलों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। कार्यक्रम संयोजक नरेश गंगवार ने उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, खिलाड़ियों तथा शिक्षकों का स्वागत करते हुए कहा कि एकल अभियान द्वारा निरंतर दूरस्थ क्षेत्रों में निवास करने वाली युवा खेल प्रतिभाओं को आगे लाकर उन्हें खेलों के प्रति प्रोत्साहित कर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती रही है। उन्होंने कहा संभाग स्तर से चयनित खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली एकल अभियान खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने का मौका दिया जाता है। श्री गंगवार ने कहा कि एकल अभियान की आगामी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता जनवरी 2024 में नागपुर में प्रस्तावित है। जिसमें ब्रजमंडल की टीमें भी प्रतिभाग करेंगी। उन्होंने कहा कि यह बहुत गर्व की बात है कि पूर्व में ब्रजमंडल सम्भाग की टीम के खिलाड़ियों ने कई पदक तथा ट्रॉफी जीत ब्रजमंडल का नाम देश में गौरवान्वित किया। बलराज पासी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई प्रतिभावान खेल प्रतिभाएं मौजूद हैं। जरूरत है उन्हें आगे बढ़ाने की इसका दायित्व एकल अभियान निभा रहा है। उन्होंने कहा कि जो भी खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर जीतकर आता है उसको विशेष रूप से सम्मानित किया जाता है, उन्होंने सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने वाले सभी शिक्षकों की भी सराहना की। उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्रों से आए खिलाड़ी संभाग स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर बहुत कुछ सीखते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आस्था अग्रवाल जी ने गुब्बारे छोड़कर खेलकूद का आगाज किया, कार्यक्रम का संचालन सम्भाग प्रमुख ज्ञानेंद्र सिंह एवं प्रभाग ग्राम स्वराज योजना प्रमुख अरविंद कन्नौजिया ने सामूहिक रूप से किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी अनिल कमल सक्सेना, कार्यक्रम सह संयोजक आरती अग्रवाल जी, सह संयोजक शेखर सक्सेना, कार्यक्रम कोषाध्यक्ष प्रभा मौर्य, किशन लाल राजपूत, शत्रुघनेन्द्र सिंह, नवीन अग्रवाल, मनोहर लाल, ओमेन्द्र ठाकुर, प्रमोद सिंह, अंकुश, ज्ञान, ओम प्रकाश, सुनील, रंजीत सिंह, शीला मौर्या आदि उपस्थित रहे।

# हमने अयोध्या में राम मंदिर बना लिया काशी मथुरा भी बना लेंगे: प्रवीण तोगड़िया

* नगर की मुख्य सड़कों से निकाली गई भव्य रैली
* कोतवाली रोड स्थित होटल में आयोजित कार्यक्रम में किया संबोधित

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



**पूरनपुर।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रवीण तोगड़िया के पहुंचने पर पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया।नगर के होटल में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित किया। शनिवार शाम पांच बजे पहुंचे अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रवीण तोगड़िया बंडा चौराहे के बाद नगर के पकड़िया चौराहा से पुरानी स्टेट बैंक के सडक होते हुए तिरंगा चौक पहुंचे। अध्यक्ष के काफिले के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता बाइक से नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। स्टेशन चौराहा होते हुए नगर पालिका चौराहा के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गेट से कोतवाली रोड से होते हुए नगर के एक होटल में पहुंचे। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भव्य मंदिर था। मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाई गई, बरसों तक वहां नमाज अदा होने का काम हुआ था। वहां फिर से भगवान राम लला की मूर्ति स्थापित कर जैसे महाराजा विक्रमादित्य ने भव्य मंदिर बनाया था ऐसा भव्य मंदिर बनाकर मंदिर तोड़ने वालों को सबक दिया है। दुनिया में वही जाति जिंदा रहती है,जो पूर्वजों का अपमान करने वाले दुश्मनों का नाम निशान मिटा देती है। हमने 6 दिसंबर को बाबरी का ढांचा ढाह कर हमारे पूर्वजों का अपमान करने वाले बाबर का धरती से नाम निशान मिटाने का काम किया। 1979 में हमने 8 करोड़ हिंदुओं से सवा रुपए एकत्र किया।एकत्र किए गए रुपए से पत्थर खरीद कर मंदिर बनाने का काम शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर करोड़ों हिंदुओं को पक्का घर,बच्चों को शिक्षा, हिंदू युवाओं रोजगार दिलाएंगे।घर तोड़ने वाले औरंगजेब को दोबारा खड़ा नही होने देंगे। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद सौ करोड़ हिंदुओं को जोड़कर रखेगा। नगर में सप्ताह में एक बार मंगलवार या शनिवार हनुमान चालीसा करने की बात कही। हनुमान चालीसा केंद्र गरीब को मुफ्त अनाज व चिकित्सा सुविधाएं मुहैया करायेगा। बढ़ती जनसंख्या के लिए जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाए जाने की मांग की। आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे हिंदू कार्यकर्ताओं को हिंदू हेल्पलाइन नंबर देखकर जरूरत पड़ने पर मदद मिलने का भरोसा दिया। इंटरनेट मीडिया के माध्यम से भी कार्यकर्ताओं को साधा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवम भदोरिया, शुभम, पंकज गुप्ता,दयाल विश्वास, रूम सिंह यादव,कौशलेंद्र भदोरिया , संजीव अग्रवाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 'विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नही होगी'

* गन्ना खरीद केन्द्रों पर दलाली पर हो पावन्दी
* ललौरीखेडा क्षेत्र पंचायत समिति बैठक में राज्यमंत्री का संवोधन

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



ललौरीखेडा क्षेत्र पंचायत समिति की आज शानिवार को ब्लाक सभागार में बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि गन्ना विकास एंव चीनी मिल राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि क्षेत्र में कराये जा रहे विकास कार्य गुणवत्तापरक होने चाहिए किसी भी लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होनें गन्ना खरीद केन्द्रों पर दलालों की सक्रियता पर पूरी तरह पाबन्दी लगाने पर जोर देते हुए कहा कि अगर कोई दलाल केन्द्रों पर दलाली करते मिलें तो उसे तत्काल् गिरफतार कराये या उसकी सूचना मुझे दे केन्द्रों पर किसी भी हालत में दलाली बर्दाश्त नही की जायेगी। बैठक में राज्यमंत्री श्री गंगवार ने कहा कि क्षेत्र में सरकार की विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत विकास कार्य कराये जा रहे है ताकि उसका लाभ क्षेत्र की जनता को मिल सके। साथ ही उन्होनें कहा कि भाजपा की डबर्ल इंजन की सरकार क्षेत्र की चौतरफा विकास एंव गरीबों तक योजनाओं का लाभ पहॅुचाने के लिए दृढ संकल्पित है। उन्होनें साफ तौर पर कहा कि विकास कार्यों को गुणवत्तापरक होना चाहियें जिसमें किसी भी तरह की लापरवाही किसी भी स्तर पर क्षम्य नही होगी। उन्होनें कुछ सदस्यों द्वारा छुटा पशुओं के उठाये गये मामले में जवाब देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित गौशालाओं में छुटा पशुओं को पहॅुचाना चाहिए ताकि क्षेत्र में यह समस्या उत्पन्न न हो सके। इससे पूर्व राज्यमंत्री श्री गंगवार के बैठक में पहॅुचने पर ब्लाक प्रमुख अजय सिंह गंगवार सहित सदस्यों एंव अधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। बैठक में खण्ड विकास अधिकारी ने क्षेत्र में कराये जा रहे कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया एंव भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों के अलावा क्षेत्र पंचायत समिति के सदस्यगण एंव ग्राम प्रधान मौजूद रहें।

## पुलिस ने अवैध तमंचा के साथ युवक को किया गिरफ्तार भेजा जेल

जन एक्सप्रेस/हजारा पूरनपुर। हजारा पुलिस को चेकिंग अभियान के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम टाटरगंज के बस स्टैंड के पास एक युवक संदिग्ध रुप से खड़ा है।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंच कर घेराबंदी की तो वह युवक पुलिस को देख कर भागने लगा तो पुलिस ने दौड़ा कर दबोच लिया। पुलिस द्वारा तलाशी लेने के दौरान उसके पास से एक 12 बोर का देशी तमंचा तथा एक 12 बोर का जिंदा कारतूस बरामद हुआ।पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम सुखराज उर्फ सुक्खा पुत्र भजन सिंह ग्राम सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज थाना हजारा जनपद पीलीभीत बताया।उधर थानाध्यक्ष परमेन्दर कुमार ने बताया कि पुलिस को गश्त व चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम टाटरगंज के बस स्टैंड के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया गया है।इसके खिलाफ कई आपराधिक मामले अन्य जिलों में भी दर्ज हैं।पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया गया है। पकड़ने वाली पुलिस टीम में कंबोजनगर पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राकेश कुमार सहित अन्य पुलिस स्टाफ शामिल रहा।

## थाना समाधान दिवस में तहसीलदार ने सुनी समस्याएं



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

**हजारा(पूरनपुर)।** नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के थाना हजारा में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ।पूरनपुर के तहसीलदार ने पहुंच कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर समाधान करने का आश्वासन दिया है। थाना समाधान दिवस के अवसर पर नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के थाना हजारा में थानाध्यक्ष की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें पूरनपुर के तहसीलदार हबीब उर रहमान अंसारी ने पहुंचकर फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए उसका निस्तारण करने के लिए अधिनिस्थों को निर्देश दिया है।थाना समाधान दिवस के मौके पर चक रोड संबंधी एक प्रार्थना पत्र आया जिसका समाधान करने के लिए संबंधित लेखपाल को निर्देशित करते हुए तहसीलदार ने शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया है।इस मौके पर तहसीलदार हबीब उर रहमान अंसारी कानूनगो अदनान रसीद राजस्व लेखपाल आशीष निषाद,राहुल कुमार, भूपेंद्र शर्मा, श्याम मौर्य के अलावा थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार मौजूद रहे।

## केंद्र सरकार छोटे व्यापारियों को दे रही है बढ़ावा लेकिन अतिक्रमा हटाओ से हो रहा है हम सभी छोटे व्यापारियों को नुकसान: नंदकिशोर कश्यप

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



शनिवार को लघु उद्योग से जुड़े दर्जनों कार्यकर्ता नगर पालिका अध्यक्ष आस्था अग्रवाल से मिले और उन्होंने अतिक्रमण अभियान को रोकने का आग्रह किया और साथ ही उन्हें स्थाई करने का आग्रह किया। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल में लघु उद्योग के जिला अध्यक्ष नंदकिशोर कश्यप ने कहा हर वर्ष प्रतिक्रमण के नाम पर हम जैसे छोटे व्यापारियों का उत्पीड़न होता है जहां केंद्र सरकार हम जैसे छोटे व्यापारियों को मुद्रा लोन देकर छोटे व्यवसाय को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है वहीं पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर हम जैसे छोटे व्यापारियों के अरमानों पर पानी फेरने का काम होता हैं। अगर यह अतिक्रमण चलाया जाता है तो इससे सैकड़ो की संख्या में बेरोजगार रेडी पटरी वाले होंगे और उनके परिवार पर भुखमरी के बादल छाए में देर नहीं लगेगी। इस पर नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा नगर पालिका आपके साथ है अति शीघ्र जिलाधिकारी से मिलकर इस समस्या का समाधान निकालेंगे आप किसी को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं हैं। हम हमेशा आपके साथ हैं किसी भी गरीब का उत्पीड़न किसी दशा में नहीं होगा प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष नंदकिशोर कश्यप जिला महामंत्री मनोज पांडे जिला उपाध्यक्ष नितिन शुक्ला इंद्रजीत सक्सेना भारतीय मजदूर संघ जिला अध्यक्ष, गुड्डू कश्यप महेश मौर्या सोनू भाई बंटी गोंडी भैया सुनील शर्मा वीरेंद्र पांडेय आदि मौजूद रहें।

## फास्ट फॉरवर्ड

### नौकरी दिलाने के नाम पर युवक पर लगाया शारीरिक शोषण का आरोप



जन एक्सप्रेस। जौनपुर/सुईथाकला। सरपतहा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति द्वारा पड़ोसी गांव के युवक पर नौकरी दिलाने के नाम पर लड़की के साथ शारीरिक शोषण व मारपीट का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाने पर लिखित रूप से तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गयी है। बताया जाता है कि विगत एक माह पूर्व उक्त गांव की पीड़ित की लड़की लापता हो गई थी। मामले में पीड़ित द्वारा स्थानीय थाने पर सूचना मिलने के बाद पुलिस गुमशुदगी मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही थी। इसी बीच शुक्रवार को लापता लड़की घर पहुंच कर परिजनों को आपबीती बतायी। आरोप है कि बसिरहा गांव निवासी बृजेश कुमार पुत्र जगदीश का चचेरा भाई सुबाष और पूर्व प्रधान पुत्र राज विंद नौकरी दिलाने के नाम पर लड़की को बृजेश के साथ भेज दिए। आरोप है कि बृजेश लड़की को लखनऊ और पूना ले गया। लड़की का कहना है कि इस दौरान उसके साथ शारीरिक शोषण भी किया गया। इसी बीच शुक्रवार को बृजेश द्वारा घर वापस लाकर बुमकहा गांव के पास छोड़ दिया गया। जब लड़की आरोपी के घर गई तो वहां भी उसके साथ लोग मारपीट किए।घर पहुंच कर लड़की द्वारा परिजनों से आपबीती सुनाई। जिस पर पीड़ित व्यक्ति द्वारा मामले में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गयी है। उक्त मामले में तहरीर मिली है मामले की जांच पड़ताल जारी है जांच के उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

### शहीदों की बदौलत मेरा हिंदुस्तान जिंदा है: कविता तिवारी



जन एक्सप्रेस। जौनपुर। सुजानगंज थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित कवि सम्मेलन और सांस्कृतिक कार्यक्रम शुक्रवार देर रात तक चला जिसमे देश के कई कवि और कलाकारों ने अपने रचनाएं व्यक्त की। वीर रस की कवियित्री कविता तिवारी की बेटियों पर पढ़ी गई कविता लक्ष्य के समक्ष जिसने न सीखा हारना, हो सके तो आप लोग बेटियां न मारना में सभी दर्शक तालिया बजाने पर मजबूर हो गए। अगर माटी के पुतले देह में ईमान जिंदा है तभी इस देश की समृद्धि का अरमान जिंदा है, ना भाषण से है उम्मीदें न वादों पर भरोसा है शहीदों की बदौलत मेरा हिंदुस्तान जिंदा है कविता पर दर्शकों में उत्साह भर दिया। इसके अतिरिक्त हास्य कवि अनिल चौबे की बुजुर्गो पर हास्य कविता जैसे तैसे बीत गई जवानी, आशाराम सा बुढ़ापा न गवाना चाहता हु और मेरी अंतिम इच्छा यही है की बस एक बार राधे मां को गोद में उठाना चाहता हु पर लोग खूब हंसे। कार्यक्रम का संचालन कर रहे दिनेश बावरा ने युआवो पर तंज कसते हुए कहा की मोबाइल चलाना तो सिख लिया ,थोड़ा देर बंद करना सीखिए पर दर्शकों ने तालिया बजाई। इसके बाद काशी से आए कलाकारों द्वारा गंगा आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। भोजपुरी कलाकार रितेश पांडेय के गीत ए गौरा भांग किया दा पर दर्शक झूम उठे। सुर संग्राम विजेता आलोक कुमार के गीत परदेसियों से ने अंखियां मिलाना पर दर्शकों ने खूब तलाई बजाई। इसके अलावा रविंद्र सिंह ज्योति, अनुराग पंडित, पारुल नंदा आदि लोगो ने भी अपने गीत प्रस्तुत किए। आयोजक प्रमोद पाठक ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ल, पूर्व सांसद अनिल शुक्ल, जिलाधिकारी जौनपुर अनुज झा, पुलिस अधीक्षक जौनपुर अजय पाल शर्मा, विधायक बदलापुर रमेश मिश्र, राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख मुंगरा बादशाहपुर सत्येंद्र सिंह, विनय सिंह समेत अन्य दिग्गज मौजूद रहे।

# नौ दिसम्बर से पहले आवेदन न करने वाले युवा नही बन पाएंगे वोटर: डीएम

* बूथ संख्या 111,112 पर बीएलओ की खामी से भड़के जिलाधिकारी
* नगर में क़ई बूथों पर पुनरीक्षण का चल रहे कार्य का लिया जायजा

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



**खेतासराय।** डीएम अनुज कुमार ने शनिवार को क़स्बे में आधा दर्जन बूथों पर पहुँचकर जायज़ा लिया। बीएलओ को जरूरी निर्देश के साथ ही खामी मिलने पर उन्हें फ़टकार भी लगाया । निर्देशित किया कि मतदाता सूची का सर्वे सही तरीक़े से किया जाना चाहिए । इस मे किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। दोपहर पहुँचे जिलाधिकारी सबसे पहले आदर्श कन्या इंटर कालेज के बूथ पर पहुँचे । यहाँ उन्होंने बूथ संख्या 113,114,115,116,117 का निरीक्षण किया । इस दौरान कार्य मे लगे बीएलओ से बातचीत की उन्हें जरूरी हिदायत देकर प्राथमिक विद्यालय खेतासराय पहुँचे। दो बूथ 111,112 पर खामियां देख उन्होंने बीएलओ को फटकारा। यहाँ रजिस्टर में बीएलओ द्वारा सर्वे रजिस्टर ठीक से नही भरा पाया गया। डीएम ने पुनः सर्वे करने के लिए निर्देश दिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जिन महिलाओं का विवाह हो चुका है, मृतक तथा प्रदेश से बाहर रहने वालों का नाम चिन्हित के मतदाता सूची से नाम विलोपन करें । श्री झा ने आह्वान किया कि 1 जनवरी 2024 को योग्य होने वाले युवा अपने बीएलओ को नौ दिसम्बर से पहले आवेदन जरूर करें अन्यथा वोटर बनने से वंचित हो सकते है। इस मौके पर जिलाधिकारी के साथ एसडीएम शाहगंज शैलेंद्र प्रसाद सिंह, एसडीएम सदर ऋषभ देशराज पुण्डरीक, लेखपाल अशोक कुमार यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे ।

# अपने संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए प्रयासरत रहते हैं बी पी सरोज: कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर

जन एक्सप्रेस। जौनपुर




विकास खंड बरसठी के सरसरा ग्राम सभा मे आयोजित नारिवंदन शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन ग्राम प्रधान अर्चना बिन्द पत्नी संजय बिन्द के द्वारा हुआ जिसमें मुख्य अतिथि भारत सरकार कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर व विशिष्ट अतिथि मछली शहर लोकसभा सांसद बी पी सरोज रहे। सांसद बी पी सरोज ने अपने संसदीय क्षेत्र में किये गए विकास कार्यो को बताया मछली शहर लोकसभा में तीन नेशनल हाईवे तीन हजार करोड़ का लाया,रेलवे स्टेशनो पर सौन्दरिय करण कराया,सरकार की सुविधाओं को जनता के बीच तक पहुंचाने का कार्य किया सांसद बी पी सरोज ने कहा पिछले 35 सालो से रहे सांसदों का कार्य मेरे इस पांच साल से कम के कार्यकाल से मिला ले जितना वो इतने सालों में न कर सके वो मात्र 5 साल में कर दिखाया। वही नारि शक्ति वंदन कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए कैबिने मंत्री अनिल राजभर ने जब कार्यक्रम में आये हजारो की संख्या में महिलाओ का आभार प्रकट किया और भारत माता के जयकारे के साथ अपने इस बात को आगे बढ़ाया भारत सरकार की योजनाओं से जुड़े कार्यो को बताया वही स्वयं सहायता समूह में इस समय उत्तर प्रदेश में दस लाख महिलाओ ने जुड़ कर इस योजना का लाभ उठाया जिससे आज घर पर बैठी पढ़ी लिखी महिलाएं भी रोजगार पा चुकी है सरकार फ्री में मिल रहे राशन को आगे भी देने का निर्णय लिया कहा किसी भी गरीब को पांच साल तक भूखे पेट नही सोने दिया जाएगा जिसका लाभ आज के समय मे गरीबो के घर घर मिल रहा है। मछली शहर लोकसभा सांसद बी पी सरोज के बारे में भी कैबिनेट मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय मे ऐसे सांसद मिलना सौभाग्य की बात है जो कि मैंने देखा है। वाराणसी के सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बैठक चल रही थी जिसमे सांसद बी पी सरोज ने खुल कर अपने बातो को रखा कहा कि मुख्यमंत्री महोदय अगर मेरे लोकसभा की जनता के समस्या का निदान मैं नही कर सकूंगा तो मेरा सांसद होना बेकार है इसके लिए आप को मेरे लोकसभा मछली शहर की समस्या को दूर करने के लिए उन कार्यो को कराना ही पड़ेगा इस बातो को सुन कर मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ काफी प्रशन्नता जाहिर करते हुए कहा कि सांसद इस तरह होना चाहिए जिससे जो अपने लोकसभा के लिए लड़ कर सरकार से कार्यो को कराए इस बात को सुनकर जनता ने सांसद का तालियों से मनोबल बढ़ाया।

## बंद रेलवे फाटक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय रेलवे का बंद फाटक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत हो गई। युवक की पहचान देर रात हो सकी। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र के खजुरहट गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार पटेल (29) पुत्र भगेलू राम पटेल किसी काम से मुंगराबादशाहपुर आये थे।उस समय रेलवे फाटक बंद था और भयंकर जाम में कई वाहन फंसे हुए थे। कुछ लोग बंद फाटक को पार कर रहे थे इसी दौरान धर्मेंद्र कुमार पटेल भी फाटक को पार करने लगा उसी समय धड़धड़ाते हुए ट्रेन आ गई जिसका स्टापेज बादशाहपुर स्टेशन पर नहीं था। उसी ट्रेन की चपेट में आने से वह गम्भीर रूप से घायल हो गया ।स्थानीय लोग जब तक उसे किसी वाहन से अस्पताल ले जाते तब तक उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर मुंगरा बादशाहपुर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। काफी देर तक शव की पहचान नहीं हो सकी थी । काफी कोशिश के बाद पुलिस शव की पहचान कर सकी। देर रात परिजनों को जानकारी हुई तो बदहवास वह मौके पर पहुंचे और शव की पहचान करते हुए दहाड़ मारकर रोने लगे। परिजनों के अनुसार वह किसी काम से मुंगराबादशाहपुर के लौंह गांव जा रहे थे रास्ते में फाटक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गए।

# विधायक का प्रयास लाया रंग सुईथाकला महराजगंज में खुलेगा 50 बेड वाला अस्पताल

* शासन जिले के सुईथाकला में 3 करोड 11लाख रुपया एवं महराजगंज स्वीकृत किया

जन एक्सप्रेस। जौनपुर





शाहगंज विधायक रमेश सिंह एवं बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्र के प्रयास से क्षेत्र के सुइथाकला स्थित सीएचसी के लिए 50बेड एंव बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्र के प्रयास से महराजगंज में 50बेड वाला अस्पताल शीघ्र ही खुल जाएगा। इस आशय में सुईथाकला को शासन द्वारा लगभग तीन करोड़ साढ़े ग्यारह लाख रुपये एंव महराजगंज को तीन करोड़ नौ लाख पैंसठ हजार की धनराशि की स्वीकृति मिल गई है। इसकी जानकारी होते ही क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल हो गया है। गौरतलब हो कि अभी तक उक्त सीएचसी में तीस बेड की सुविधा उपलब्ध थी। जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए शाहगंज बदलापुर के क्षेत्रीय विधायक रमेश सिंह रमेश चंद्र मिश्र द्वारा उक्त मामले में शासन से मांग की गयी थी। जिसको प्राथमिकता की तौर पर संज्ञान में लेते हुए शासन स्तर से 50वेड के अस्पताल को बनाने के लिए धनराशि स्वीकृति हो चुकी। जिसके लिए श्री सिंह श्री मिश्र ने मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ और उप मुख्यमंत्री वृजेश पाठक स्वास्थ्य मंत्री का आभार प्रकट किया।

# युवक फांसी के मामले में परिजनों ने थाने में किया हंगामा

* किशोरी के परिजनों पर हत्या कर शव लटकाने का लगा रहे थे आरोप
* पुलिस ने समझा बुझा कर कराया शांत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



युवक का शव किशोरी के अधबने घर में उसी के दुपट्टे से शुक्रवार को फंदे से लटका मिलने के मामले में मृतक के भाई ने किशोरी के पिता व परिजनों पर फंदे से लटकाकर हत्या का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की है। मुकदमा दर्ज करने को लेकर शनिवार सुबह आधा सैकड़ा ग्रामीण कोतवाली पहुंच कर हंगामा करने लगे। उग्र ग्रामीणों वा परिजनों को समझाने के दौरान एसएसआई से महिलाएं अभद्रता करने लगी जिसमे उसके बिल्ले उखड़ गए। मामला बढ़ता देख कोतवाली प्रभारी ने किसी तरह मृतक के परिजनों को समझा बुझाकर कार्रवाई करने का भरोसा देकर शांत कराया। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी रामप्रसाद रावत का बेटा दीपक (22) का पड़ोसी में रहने वाली किशोरी से काफी समय से नजदीकी थी। शुक्रवार दोपहर उसका शव किशोरी के घर में मिला। किशोरी के अनुसार घटना के समय पिता खेत गए थे। मां की दो साल पहले मौत हो चुकी है, इससे वह घर पर अकेली थी। इस दौरान दीपक घर आया और कमरे का दरवाजा खोलने की जिद करने लगा। न खोलने पर फंदा लगाकर जान दे देने की बात कही। किशोरी के अनुसार दीपक की धमकी से डरकर पिता को बुलाने के लिए खेत चली गई। पिता के साथ लौटी तो दीपक का शव दुपट्टे के फंदे से लटक रहा था। मृतक के परिजनो ने किशोरी सहित पिता को नामजद करते हुए हत्या कर शव लटकाने का प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की पुलिस के द्वारा कार्रवाई न होता देख परिजनों ने शनिवार को आधा सैकड़ा ग्रामीणों के साथ कोतवाली परिसर में पहुंचकर हंगामा करने लगे मामला बढ़ता देख एसएसआई असलम खान समझाने का प्रयास करने लगे तभी महिलाएं उग्र होकर एसएसआई से धक्का मुक्की करने लगी। जिसमे दरोगा की वर्दी के बिल्ले तक फट गए। जिसपर प्रभारी राजेश्वर त्रिपाठी ने परिजनो को समझा बुझाकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करने का भरोसा देकर शांत कराया। इस संबंध में कोतवाल राजेश्वर त्रिपाठी ने बताय पीएम में हैंगिंग आई है। परिजनों ने आरोप लगाया है लेकिन जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जांच में सर्विलांस सहित मृतक के मोबाइल फोन की काल डिटेल भी रिकवर की जा रही है। मृतक के परिजनो ने कोतवाली में आकर हंगामा किया लेकिन उन्हें समझा कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया है। परिजनों ने शव को खेत में दफन कर दिया है।

## 108 की एंबुलेंस मरीजों के लिए साबित हो रही वरदान

जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव



सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंद मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा दे रही है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले मरीजों को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने में काफी मदद मिलती है तथा तत्काल इलाज मिलता है। नवाबगंज विकासखण्ड के गांव रुदवारा निवासी सी पी सिंह ने शनिवार दोपहर एम्बुलेंस आपातकालीन सेवा 108 को फ़ोन कर सहायता मांगी। बताया कि उसकी पत्नी गर्भवती है किसी कारण वश तेज पेट दर्द के साथ रक्तस्राव की दिक्कत है और तत्काल इलाज की आवश्यकता है। आपातकालीन सहायता सेंटर ने तत्काल महिला मरीज के लिये 108 एम्बुलेंस भेजी। जिसके ईएमटी सुधीर कुमार ने इआरसीपी की मदद से मरीज को उपयुक्त इलाज देते हुए नवाबगंज स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया जहां अब मरीज की हालत में सुधार है।

## मारपीट करने वालों पर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

कानपुर फीलखाना निवासी राजेन्द्र कुमार ठेकेदार हैं उन्होंने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि संतोष, मोहित, गौरव से विवाद हो गया। जिस पर तीनों ने उन्हें राजधानी मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर के बाहर मारा पीटा और जातिसूचक गालियां दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। तथा पूरा आसवासन दिया की इस मामले की निष्पक्ष जाँच कर के आरोपी को सज़ा देंगे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार अधेड़ की मौत

* बैंक से लौटते समय बिहार थाना क्षेत्र में हुआ हादसा
* मृतक सुखलाल की फाइल फोटो

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत कोठरिया कुआ के पास बैंक से लौट रहे साइकिल सवार अधेड़ को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल अधेड़ को इलाज के लिए सुमेरपुर सीएचसी लाया गया। जहां चिकत्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां लेकर पहुंचने पर डाक्टर ने उसे मृतक घोषित कर दिया। परिजनो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बारासगवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तलिहाई निवासी सुखलाल लोधी (55) पुत्र स्व. दुर्जन मजदूरी करता था। शनिवार दोपहर के समय अपनी साइकिल से इंदेमऊ स्थित पीएनबी बैंक रुपए निकलने के लिए गया था। माह का अंतिम शनिवार होने के चलते बैंक बंद होने पर वह वापस लौट रहा था। अभी वह बिहार थाना क्षेत्र के कोठरिया कुआ के पास पहुंचा ही था किसी चार पहिया वाहन ने मजदूर को टक्कर मार दी जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की पहचान कर घटना की सूचना बेटे अंकित को दी। परिजनो उसे इलाज के लिए सुमेरपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां लेकर पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया मृतक की पत्नी बिंदादेई की काफी समय पहले मौत हो चुकी थी। मां के बाद अब पिता को खोने से इकलौते बेटा अंकित रो रोकर बेहाल है।

## अनियंत्रित बाइक पुलिया से टकराई, फूफा की मौत, भतीजा गंभीर

* आसीवन थाना क्षेत्र के कनिगांव के पास बीती रात हुआ हादसा
* रिश्तेदार के यहां मांगलिक कार्यक्रम से लौट रहे थे दिनों
* मृतक श्रीराम का फाइल फोटो

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



आसीवन थाना क्षेत्र अंतर्गत चकलवंशी सण्डीला मार्ग पर पीपल पौशाला से बंगलाखेड़ा सम्पर्क मार्ग पर कनिगांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार फूफा भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को मियाँगंज सीएचसी में पहुंचाया। जहां पर डाक्टर ने फूफा को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जनपद लखनऊ के रहीमाबाद थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव निवासी श्रीराम(35) पुत्र गिरधारी लाल अपनी ससुराल हसनगंज थाना क्षेत्र के छित्तेपुर गांव आया था। वहां से वह साले के लड़के बबलू पुत्र राकेश के साथ बाइक से आसीवन थाना क्षेत्र के ऐनी खुर्द गांव निवासी ममेरे ससुर सजीवन के यहां तिलक समारोह में शामिल होकर वापस ससुराल लौट रहा था। तभी कनिगांव गांव के समीप बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मियाँगंज सीएचसी में भर्ती कराया जहां पर चिकित्सक ने श्रीराम को मृत घोषित कर दिया व बबलू की नाजुक हालत देख उसे प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भर कर पोस्टमार्टम के जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक श्रीराम के दो बेटियां प्राची(6), कृष्टि ढाई वर्ष व एक बेटा लविस(4) हैं। पत्नी बिटाना सहित पूरे परिवार में कोहराम मच गया।

## कोतवाली गंगा घाट में समाधान दिवस का हुआ आयोजन



जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के रहने वाले लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। इस दौरान एसडीएम सदर नमृता सिंह और कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। जहां कुल 18 लोग फरियाद लेकर पहुंचे। जिसमें 12 मामले राजस्व से संबंधित आए। वहीं 6 मामले पुलिस से संबंधित भी आये। जिसमें किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। फरियादी मायूस होकर लौट गये।

## विश्वास के साथ की जानी चाहिए ईश्वर की पूजा

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

श्री मां गंगा सेवा समिति एवं सनातन परिवार के तत्वावधान में आयोजित राम कथा के दौरान शनिवार को कथा वाचिका ने मौजूद श्रोताओं को कथा का रसपान कराया। कथा वाचिका राज नंदनी तिवारी ने कहा की यदि हम जीवन के कष्टों को हरने के लिए ईश्वर की पूजा करते हैं, तो यह महत्व नहीं होता है कि कितनी देर तक पूजा करते है,बल्कि हम पूजा कितने विश्वास के साथ करते है, यह सबसे महत्व पूर्ण होता है, हमारे वेदों और पुराणों के सभी मंत्र सिद्ध है, बस हमको उनका जाप पूर्ण विश्वास से करना चाहिए। वर्तमान समय में हमारी नई पीढ़ी को रामायण और अपने धार्मिक ग्रंथों के विषय में जानकारी अवश्य रखनी चाहिए, जिससे उनको मतिभ्रमत्ता का शिकार न होना पड़े। इस दौरान श्रीकांत पांडे, घनाश्याम सिंह, संदीप पांडेय, के के बाजपेई, प्रशांत अवस्थी, रिंकू बाजपेई, बासुदेव शुक्ला, उदित, लाला, आदि लोग रहे।

## बकरी चोर को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

शुक्रवार रात दरवाजे पर बंधे बकरे को चुरा कर ले जा रहे चोर को मालिक ने दौड़ा कर धर दबोचा। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से चोर को थाने लेकर पहुँचे। दूसरे दिन सुबह चोर पकड़े जाने की सूचना पर गांव में पूर्व में हुई अलग अलग मवेशी चोरी की घटनाओं के सम्बन्ध में छह लोगों ने सामूहिक प्रार्थना पत्र पुलिस को देते हुए कार्यवाही की मांग की है। औरास थाना क्षेत्र के गोहली गांव निवासी तार बाबू का घर शीशी चौराहा के आगे संडीला मार्ग पर पाल ढाबा के पास बना है। जहाँ दरवाजे पर उसकी कई बकरिया बंधी थी। आरोप है कि शुक्रवार रात उसमे से एक बकरे को चोर चुरा कर ले जाने लगा। अन्य बकरियों के चिल्लाने की आवाज सुनकर बकरी मालिक तार बाबू जाग गया। उसने बकरा ले जा रहे चोर को दौड़ा कर पकड़ लिया। ग्रामीणों की मदद से रात को ही चोर को थाने ले जाकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। शनिवार सुबह तार बाबू थाने पहुँच कर बकरा चोरी के सम्बन्ध में तहरीर दी। उधर चोर पकड़े जाने की सूचना गांव में फैल गई जिस पर पूर्व में हुई अलग अलग घरों में जेवरात व नगदी सहित अन्य वस्तुओं की चोरी की घटनाओं के सम्बन्ध में गांव के ही गुड्डी, राममूरत, दिरविजय, राकेश, अंकित व प्रधान विनोद कुमार ने सामूहिक रूप से चोर के खिलाफ तहरीर दी। थानाध्यक्ष रेखा सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है घटना की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## बिल्हौर तहसील क्षेत्र के दिव्यांगो ने अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से बीआरसी परिसर बिल्हौर में समेकित शिक्षा के अन्तर्गत स्पोर्ट्स इवेंट्स एवं अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तीकरण दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी बिल्हौर रवी कुमार सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की। जिसमें विभिन्न विकास खंडों बिल्हौर ककवन शिवराजपुर चौबेपुर के दिव्यांग बच्चों ने प्रतिभाग किया ।बच्चों ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम गायन नृत्य से लेकर फुटबाल रस्सा कुर्सी दौड़ आदि की प्रतिभाग किया।दिव्यांगजनों की प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे अभिषेक नौशी नौशीन(शिवराजपुर) रेहान(चौबेपुर) कृष्णा(ककवन) अनुज(चौबेपुर) रामराज (चौबेपुर) एवं आयुष(ककवन) आदि रहे।कार्यक्रम के समापन पर सभी विजयी प्रतिभागियों को मैडल स्मृति चिन्ह एवं टिफिन गिलास आदि वितरित किये साथ ही सभी प्रतिभागियों को लंच पैकेट वितरित किये गए। कार्यक्रम के संचालन के लिये अनूप यादव, चंद्रशेखर, रामानन्द, सौरभ कटियार, आरती सिंह, वसुंधरा वर्धन, मो0 ताहिर, धर्मेद्र कटियार, प्रशांत मिश्र राधामोहन कुशवाहा, दीपक सक्सेना आदि रहे।

# नेत्रहीन, मूक वधिर, तलाकसुदा, वा विधवा का भी विकलांग एसोसिएशन ने बसाया घर

* विकलांग एसोसिएशन के सामूहिक विवाह समारोह में जोड़ों ने सातों जनम साथ निभाने का किया वादा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



बीते दिन शहर के शास्त्री नगर स्थित बड़ा सेंट्रल पार्क में विकलांग एसोसिएशन द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों का सामूहिक विवाह आयोजित किया गया, अचानक से सुबह-सुबह इस अनोखे आयोजन की चर्चा पूरे क्षेत्र में आरंभ हो गई कारण यह था कि दिव्यांगों की बारात में बाराती भी शामिल थे बारात यात्रा भी निकली जो पूरे क्षेत्र में घूमते हुए मंडप स्थल पर पहुंची जो लोग बारात में शामिल हुए थे वह झूम कर नाचे भी और उन्होंने प्रशंसा भी की विकलांग एसोसिएशन के इस आयोजन की इस मंडप में नेत्रहीन, मूक वधिर दिव्यांगजनो का विवाह हिन्दू रिती रिवाज से सम्पन्न हुआ। ज्ञातव्य हो कि कानपुर नगर में दिव्यांग जनों की 24 घंटे मदद करने वाली संस्था विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार हमेशा से ही दिव्यांग जनों का कल्याण करते चले आए हैं, श्री कुमार का हमेशा यही उद्देश्य रहा की इस समाज में दिव्यांग जनों को बराबरी का दर्जा मिले किसी भी प्रकार की उसे कभी कोई तकलीफ भी नहीं होने देते हैं, सरकारी दफ्तरों में दौड़ा भाग करके जो भी लाभ दिव्यांग जनों को मिलते हैं उन्हें बराबर दिलाने के लिए श्री कुमार को प्रयास रहते प्रयासरत रहते हुए भी देखा जाता है, रोजाना दिव्यांग जनों की समस्याओं को सुनने के लिए वह शास्त्री नगर के सेंट्रल पार्क में कैंप का भी आयोजन करते हैं, बीते दिन शनिवार को नेत्रहीन अखिल पाल का एक पैर से आंशिक दिव्यांग साधना ने, मूक वधिर विपिन कुमार कमल का मनीषा, गौरव कुमार ने सोनम के सथ सात फेरे लिये, कन्यादान एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार व ऊषा पुरी ने किया, पं सत्यकेतु शास्त्री ने विवाह सम्पन्न कराया। मुख्य अतिथि के रूप में असंगठित मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय सिंह मर्तोलिया व को आपरेटिव चेयरमैन विजय कपूर ने वर वधुओं को अपना आशीर्वाद प्रदान किया सामूहिक विवाह में प्रमुख रूप से अल्पना कुमारी, राहुल कुमार, आनन्द तिवारी, वैभव दीक्षित, गुड्डी दीक्षित, कमलेश कुमार सिंह आदि ने सहयोग किया।

## गेस्ट हाउस से चोरों ने सवा लाख किए पार

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

बरेली में रहने वाले बृजेश तिवारी ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि वह रिश्तेदारों के साथ गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के राजधानी मार्ग स्थित मंगलम गेस्ट हाउस में बारात में शामिल होने आये थे। रात के समय उन्होंने कमरे में सवा लाख रुपयों से भरा बैग रख दिया। जिसे अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। काफी देर बारात में ढूंढा गया लेकिन कोई पता नहीं चल सका। जिस पर उन्होंने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस बावत कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने बताया कि गेस्ट हाउस में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है।

## सूची से छूटे पात्र मतदाता, युवा, महिलाएं एवं दिव्यांगजन शामिल करा सकते हैं नाम

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव




लोकसभा चुनाव के चलते निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 का कार्यक्रम 9 दिसंबर तक चलेगा। देवरा कला के प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में पहुंची टीम की ओर से लेखपाल सत्यम शर्मा ने बताया कि विशेष अभियान के अंतर्गत 25 व 26 नवंबर को समस्त बीएलओ अपने-अपने मतदेय स्थलों पर मतदाताओं की सहायतार्थ प्रातः 10 बजे से सांय 4 बजे तक उपस्थित रहेंगे। सूची से छूटे पात्र मतदाता, युवा, महिलाएं एवं दिव्यांगजन अपना नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिये निर्धारित फार्म भर कर अपने बीएलओ के पास अवश्य जमा कर दें। शर्मा ने बताया कि जिन युवाओं की उम्र 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है। वे अपने मतदान केंद्र पर पहुंच कर अपना नाम मतदाता सूची में फार्म-6 भरकर नाम सम्मिलित करा सकते हैं। जिन वोटरों को अपने मतदाता पहचान पत्र में किसी प्रकार का संशोधन कराना है, तो अपने मतदान केंद्र पर संबंधित बीएलओ के पास फार्म-8 भरकर जमा करा दें।

# एक्सप्रेस वे पर आगे पीछे चल रही कारें आपस में टकराई, सवार बाल बाल बचे





जन एक्सप्रेस । उन्नाव

बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर हवाई पट्टी के निकट स्थित अचानक टायर फटने से अनियंत्रित कार आगे चल रही अन्य कार में जा टकराई। टक्कर से आगे चल रही कार पलट गई। हादसे में दोनों कार सवार बाल बाल बच गए। कन्नौज नगर के मोहल्ला मकरंद नगर निवासी चालक साहिल पुत्र हरि सिंह अपने साथी नगर के ही दीदार गंज निवासी आदित्य और उसकी पत्नी शुभी को लेकर कार द्वारा लखनऊ से कन्नौज जा रहा था। जबकि दिल्ली के शाहीन बाग निवासी आरिफ कार के जरिए आजमगढ़ से दिल्ली जा रहा था। तभी रास्ते आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे की हवाई पट्टी पर पीछे से तेज गति से आ रही आरिफ की कार का टायर अचानक फट गया। हादसे में आरिफ की कार आगे चल रही कार से जा टकराई। तेज टक्कर से अनियंत्रित होकर आगे चल रही कार पलट गई। हादसे में दोनों गाड़ियों के कर सवार बाल बाल बच गए इसके बाद यूपीडा कर्मियों द्वारा दोनों गाड़ियों को हटवाकर यातायात सुचारू रूप से चालू कराया गया।

## चार पहिया वाहन में फंसा मिला युवक का शौक

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के थाना क्षेत्र हनुमंत विहार में अरा रोड आटो स्टैंड के पास एक चार पहिया वाहन में एक युवक का शव शनिवार सुबह पाया गया। आशंका जताई जा रही है कि उसकी हत्या की गई है। सूचना पर पहुंची ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस कहना है कि उसकी मौत कैसे हुई यह सब कुछ जांच पूरी होने के बाद जानकारी हो पाएगी। परिवार के लोगों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है। सहायक पुलिस आयुक्त नौबस्ता ने बताया कि हनुमंत विहार के केडीए कॉलोनी गल्ला मंडी निवासी धर्मेंद्र उर्फ धुअन्नू नाम के युवक का शव चार पहिया वाहन महिंद्रा सुप्रो में शनिवार सुबह पाया गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर परिवार के लोग पहुंचे और पुलिस को खबर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दिया है। घटना से संबंधित जानकारी जुटाने के लिए मृतक के परिवारी जनों एवं अन्य परिचितों से पुलिस पूछताछ कर रही है। परिवार के लोगों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है।

## कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारी शुरू

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

कार्तिक पूर्णिमा मेला सोमवार को है मेले को देखते हुये बाहर से बड़े बड़े झूले आने शुरू हो गये हैं। इसके अलावा अन्य बड़ी दुकानें कई दिन पहले मेला प्रांगण में आनी शुरू हो गई हैं। इसके साथ ही बड़े झूल भी गंगा की रेती में लगाए जाते रहे हैं। लेकिन तमाम ऐसी बड़ी दुकानें हैं जिनको ऊपर ही लगवाना पड़ेगा क्योंकि बालू में लइया, खान पान की दुकानें नहीं लगाई जा सकती है। स्नान के लिये इस बार आनंद घाट, रेलवे व यातयात पुल के नीचे, गंगा विशुन घाट के सामने ही स्नान कराया जायेगा। वहीं ईओ मुकेश मिश्रा ने बताया कि मेले की तैयारियां चल रही हैं। शनिवार को घाटों की साफ सफाई और समतलीकरण का कार्य कराया गया है।

# राष्ट्रीय राज्य मार्ग के बीच में आ रहे मकान को हटाने के लिए भारी पुलिस बल तैनात

* मरियानी गांव एडीसीपी दक्षिण, एसीपी बिल्हौर व उपजिलाधिकारी बिल्हौर रही मौजूद

जन एक्सप्रेस । कोमल सिंह



**चौबेपुर**। राष्ट्रीय राज्य मार्ग का निर्माण कार्य जारी हैं। एन एच 91 के निर्माण कार्य शुरू होने के पहले जिन लोगों के मकान अग्रहित किये गए उनको मुआवजा दे दिया गया लेकिन दुर्गेश पांडेय को मुआवजा नही मिला जबकि इनका मकान आबादी में हैं। तत्कालीन लेखपाल ने गलत रिपोर्ट लगा दी। जिससे पीड़ित दुगेश पांडेय को मुआवजा नही मिल सका तो उन्होंने उच्च न्यायालय की शरण मे चले गये, मरियानी गांव में दुर्गेश पांडेय का मकान बीच सड़क में फंसा हुआ है, मुआवजा न मिलने के कारण पीड़ित उच्च अधिकारियों के चौखट पर चक्कर लगा कर परेशान हैं जबकि तत्कालीन राजस्व कर्मी ने कहा हैं कि मकान आबादी में हैं, शनिवार को अचानक जिला प्रशासन भारी पुलिस बल लेकर मौके पर पहुचे लेकिन वहां की स्थिति देखकर कहां कि जब तक निस्तारण न हो जाये मकान को न गिराया जाए वही पानी निकासी के लिए नाला बनाने का कार्य मौके पर खड़े रहकर शुरू कराया।

## ट्रेनें निकलने के कारण सरैयां क्रासिंग पर रही जाम की स्थिति

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। शनिवार दोपहर समय अप और डाउन लाइन से ट्रेनें निकलने के कारण सरैयां क्रासिंग पर जाम की स्थिति बनी रही। क्रासिंग बंद होने से एक ओर मरहला चौराहे तक वाहनों की कतार लग गई। वहीं दूसरी ओर नेतुआ गांव के सामने तक जाम लगा रहा। इसके अलावा बैराज मार्ग पर आरओबी का कार्य होने से भी वाहन सवारों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी। क्रासिंग खुलने पर वाहन सवार आपाधापी में निकलने लगे। जिससे जाम और पेंचीदा हो गया। मौजूद पुलिस कर्मियों ने आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद जाम हट सका।

# सट्टा ऐप केस : सीएम भूपेश बघेल को नहीं दिए 508 करोड़

## आरोपी के हवाले से लिखे वायरल लेटर में दावा, बीजेपी ने की जांच की मांग

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रायपुर**

ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले में छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल पर लगा आरोप वापस लिए जाने की खबर है। दरअसल, एक लेटर वायरल हो रहा है। इसमें आरोपी असीम दास के हवाले से कहा गया- मैंने सीएम बघेल को 508 करोड़ रुपए नहीं दिए हैं। मुझे शुभम सोनी ने फंसाया है। अब भाजपा ने इस लेटर की जांच की मांग की है। पार्टी का कहना है कि आखिर असीम दास किसके दबाव में वह लेटर लिख रहा है? क्या ये उसी की हैंड राइटिंग है? हालांकि वायरल लेटर को लेकर जांच एजेंसी ईडी की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। उधर, असीम की वायरल चिट्ठी रायपुर कोर्ट पहुंच चुकी है। असीम के वकील शोएब अल्वी ने बताया कि हमने लेटर को अदालत में सुनवाई के दौरान पेश किया। इसे रिकॉर्ड में शामिल किया गया है। दरअसल, 2 नवंबर को ईडी ने असीम दास को 5 करोड़ रुपए की नकदी के साथ गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने आरोपी के हवाले से दावा किया था कि सट्टेबाजी ऐप के प्रमोटर्स ने सीएम बघेल को 508 करोड़ रुपए का भुगतान किया था



### मुझे शुभम सोनी ने फंसाया है

असीम का कहना है कि 8 अक्टूबर को शुभम से मिलने दुबई गया था। शुभम ने ही उसे टिकट भेजकर घूमने बुलाया था। वहां मुलाकात के बाद वो चार दिन बाद वापस आ गया। उसे दूसरी बार 25 अक्टूबर को शुभम ने बुलाया। वहां उसने झांसा दिया कि छत्तीसगढ़ में ठेकेदारी करना है। उसने उसी काम को देखने के लिए आईफोन लाकर दिया। उसमें सिम पहले से लगा था। उसने मेरा पुराना फोन रख लिया। यहां 1 नवंबर को रायपुर पहुंचकर फ्लाइट से उतरा और पार्किंग में गया। मुझे बताया गया था कि वहां कार खड़ी है। कार नंबर के आधार पर मुझे गाड़ी मिल गई, उसमें चाबी लगी थी। मैं वहां से सीधे होटल ट्रायटन गया। वहां मेरे लिए कमरा नंबर- 311 बुक था। मुझसे कहा गया कि उसी कमरे में इंतजार करना। इसी दौरान शुभम के नाम से फोन आया और कहा गया कि होटल के बाहर मेन रोड में आओ। वहां बाहर गया तो मास्क लगाकर युवक आया उसने मुझे फोन दिया। मैं फोन लेकर पार्किंग में चला गया। फिर फोन आया कि गाड़ी के भीतर बैठ जाओ और डिक्की खोल दो।

### शुभम सट्टेबाजी का प्रमोटर नहीं है, बल्कि भिलाई के दो युवक हैं प्रमोटर

असीम ने आगे कहा कि मैंने डिक्की जैसे ही खोली काले रंग की बाइक में हेलमेट लगाकर एक व्यक्ति आया। उसने डिक्की में दो बैग रखे और चला गया। 15 मिनट बाद फिर डिक्की खोलने का फोन आया। डिक्की खोलते ही फिर दो लोग आए और तीन बैग रखकर चले गए। फिर एक युवक आया और मेरा फोन ले गया। उसने वही आईफोन दिया जो मुझे दुबई में दिया गया था। मैंने बैठे-बैठे चेक किया तो उसमें शुभम के कई वीडियो और वॉयस मैसेज थे। मुझे वहां से कमरे में जाने को कहा गया। 5 मिनट बाद किसी ने दरवाजा खटखटाया। दरवाजा खोला तो एक व्यक्ति भीतर आया। उसने कहा कि सामान उठा लो। लड़के के साथ कुछ लड़कियां भी आई थीं। मुझे गाड़ी के पास ले जाया गया। उसने गाड़ी खोलते ही पूछा कि किसका पैसा है? मैंने पूछा कि आप लोग कौन हैं? तब उन्होंने बताया कि हम ईडी वाले हैं। वो ईडी अधिकारी ठंडीलाल मीणा थे। ईडी वालों की बातों से लग रहा था कि उन्हें पता है कि पैसा कहां और किसने रखा है। असीम का दावा है कि शुभम सट्टेबाजी का प्रमोटर नहीं है। प्रमोटर, भिलाई के दो युवक हैं।

### ईडी ने मुझसे जबरन हस्ताक्षर कराया

असीम ने लिखा है कि जब मुझे ईडी वाले पकड़कर जेल ले गए, तो वहां अखबार पढ़कर पता चला कि मेरे नाम से बयान छापा गया है कि मैंने मुख्यमंत्री को 508 करोड़ दिए हैं, ये असत्य है। असीम ने दावा किया है कि वो 10वीं तक पढ़ा है। उसे अंग्रेजी नहीं आती है। ईडी वालों ने अंग्रेजी में लिखे बयान पर जबरन हस्ताक्षर कराया है। असीम ने लिखा- मुझे पता ही नहीं है कि मेरे बयान में क्या लिखा है। ईडी ने 7 दिन की रिमांड में लिया, लेकिन कोई पूछताछ नहीं की। कुछ जांच भी नहीं की गई। मुझे सिर्फ बैठाकर रखा गया। ईडी खानापूर्ति करती रही।

### सट्टेबाजों ने ईडी से सेटिंग की, दुबई छोड़कर भागे

असीम का कहना है कि सौरभ, रवि और शुभम तीनों दुबई छोड़कर चले गए हैं। जब उसकी शुभम से आखिरी मुलाकात हुई तब उसने कहा था कि 5 नवंबर की उसकी यूरोप की फ्लाइट है। उसने जब सट्टेबाजी के बारे में पूछा तो शुभम ने कहा कि रवि और सौरभ की ईडी के बड़े अधिकारी मिश्रा से सेटिंग हो गई है। वहां कोई खतरा नहीं है।

### कौन है शुभम सोनी ?

3 नवंबर को असीम दास के हवाले से ईडी ने दावा किया था कि सट्टा ऐप को लेकर सीएम को 508 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। इसके बाद 5 नवंबर को भाजपा की ओर से शुभम सोनी का एक वीडियो जारी किया गया। शुभम ने खुद को महादेव सट्टा ऐप का संचालक बताया। अब असीम का दावा है कि उसे फंसाने और मुख्यमंत्री का नाम इस मामले में जोड़ने की साजिश शुभम ने की है।

# उत्तरकाशी टनल में रेस्क्यू रुका अब वर्टिकल ड्रिलिंग होगी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। उत्तरकाशी**

उत्तरकाशी की सिल्क्यारा टनल में फंसे 41 मजदूरों को बाहर निकालने की कोशिशों में हर दिन नई-नई बाधाएं सामने आ रही हैं। मजदूरों से महज 10 मीटर दूर अमेरिकी ऑगर मशीन टूट गई, जिसके कारण रेस्क्यू का काम शुक्रवार से रुका है। इंटरनेशनल टनलिंग एक्सपर्ट अरनॉल्ड डिक्स ने कहा है कि अब ऑगर से ड्रिलिंग नहीं होगी, न ही दूसरी मशीन बुलाई जाएगी। मजदूरों को बाहर निकालने के लिए दूसरे विकल्पों की मदद ली जाएगी। इसके साथ ही 900 एमएम पाइप के अंदर से मैनुअल ड्रिलिंग, यानी हाथ से खुदाई की जा सकती है। वहीं, बी प्लान के तहत टनल के ऊपर से वर्टिकल ड्रिलिंग शुरू करने की तैयारी हो रही है। दरअसल, 21 नवंबर से सिलक्यारा की तरफ से टनल में हॉरिजॉन्टल ड्रिलिंग की जा रही थी। इसमें काफी हद कामयाबी मिली। 60 मीटर के हिस्से में से 47 मीटर तक ड्रिलिंग के जरिए पाइप डाला जा चुका है। मजदूरों तक करीब 10-12 मीटर की दूरी रह गई थी, लेकिन शुक्रवार शाम को ड्रिलिंग मशीन के सामने सरिए आ जाने से ड्रिलिंग मशीन का शाफ्ट फंस गया। जब मशीन से और प्रेशर डाला गया तो वह टूट गया। इसका कुछ हिस्सा तोड़कर निकाला गया, लेकिन बड़ा हिस्सा अभी भी वहां अटका हुआ है। इसे मैनुअल ड्रिलिंग कर निकाला जाएगा, फिर आगे खुदाई की जाएगी। दरअसल, पाइप में एक ही व्यक्ति जा सकता है और खुदाई कर सकता है। इसलिए, ऐसा करने में काफी वक्त लग सकता है।

### वर्टिकल ड्रिलिंग, लेकिन यह बेहद खतरनाक

सिल्क्यारा साइड से ड्रिलिंग फिलहाल रुकी हुई है, इसके चलते प्लान बी पर काम हो रहा है। इसमें हिल टॉप से वर्टिकली खुदाई की जाएगी। हिलटॉप साइट पर समान जुटाया जा रहा है और प्लेटफार्म तैयार किया जा रहा है जिस पर मशीन रखकर ड्रिलिंग होगी। ये वर्टिकल ड्रिलिंग का शाफ्ट है, जिसे हिल टॉप पर ले जाया जा रहा है। इस काम को सतलुज विद्युत निगम लिमिटेड अंजाम देगा। हालांकि, इसमें काफी खतरा बताया जा रहा है, क्योंकि नीचे टनल में मजदूर हैं।

# वर्ल्ड हिंदू कांग्रेस ने 'हिंदूवाद' शब्द त्यागा

## अब 'हिंदुत्व' और 'हिंदू धर्म' शब्दों का इस्तेमाल होगा, कहा, इनसे सनातन धर्म का भाव आता है



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बैंकॉक**

वर्ल्ड हिंदू कांग्रेस ने हिंदुइज्म यानी हिंदूवाद शब्द का त्याग करने की घोषणा की। इसकी जगह पर हिंदुत्व और हिंदू धर्म शब्दों को अपनाया गया है, जो सनातन धर्म का भाव जगाते हैं। वर्ल्ड हिंदू कांग्रेस के तीसरे संस्करण में कहा गया कि 'हिंदू' शब्द बहुत विस्तृत है। ये जिन चीजों को दर्शाता है, जिन बातों को अपने अंदर समाहित करता है, उन्हें बताने के लिए 'हिंदुत्व' शब्द सबसे सही है। वर्ल्ड हिंदू कांग्रेस का आयोजन हर चार साल में होता है। वर्ल्ड हिंदू फाउंडेशन ने इस बार कार्यक्रम को थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में ऑर्गेनाइज किया है। 24 नवंबर को शुरू हुआ प्रोग्राम 26 नवंबर तक चलेगा। वर्ल्ड हिंदू कांग्रेस के तीसरे संस्करण के पहले दिन के अंत में एक डिक्लेरेशन स्वीकार किया गया। इसमें लिखा था कि 'हिंदू धर्म' शब्द का पहला शब्द 'हिंदू' असीमित है। यह उन सभी चीजों को दर्शाता है जो सनातन या अनंत हैं। दूसरा शब्द 'धर्म' है जिसका मतलब है- वह जो स्थायी रहता है। इसमें यह भी कहा गया कि इसके विपरीत हिंदुइज्म शब्द के अंत में जो 'इज्म' आता है, उसका मतलब है दमनकारी और भेदभाव करने वाले स्वभाव या मान्यताएं। इन्हीं कारणों से हमारे बुजुर्ग हिंदूवाद की जगह हिंदुत्व शब्द को पसंद करते थे। हम उनसे सहमत हैं और इसलिए हमें भी हिंदुत्व शब्द का इस्तेमाल करना चाहिए। डिक्लेरेशन में कहा गया कि हिंदुत्व कोई जटिल शब्द नहीं है, इसका मतलब सिर्फ हिंदू होने से है।

### मोहन भागवत ने कल कहा था, हम सभी को आर्य बनाएंगे

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने वर्ल्ड हिंदू कांग्रेस में कहा था कि दुनिया एक परिवार है। हम सभी को आर्य यानी एक संस्कृति का हिस्सा बनाएंगे। हालांकि संस्कृति शब्द काफी नहीं है, लेकिन एक बेहतर दुनिया के लिए मुझे संस्कृति कहना होगा। अनुशासन का पालन करने के लिए भारत के सभी संप्रदायों को शुद्ध करने की जरूरत है।

### हमारा धर्म विजय पर विश्वास: संघ प्रमुख

भागवत ने कहा कि हम धर्म विजय पर भरोसा करते हैं। इसी पर हमारा धर्म टिका हुआ है। यह प्रक्रिया धर्म नियम पर आधारित है और इसी के फलस्वरूप धर्म हमारे लिए कर्तव्य बन जाता है। हमने धन विजय और असुर विजय का भी अनुभव किया है। धन विजय के मायने वस्तुओं से मिलने वाली खुशी से है, लेकिन इसमें इरादे ठीक नहीं होते। यह आत्मकेंद्रित होने जैसा है। देश ने 250 साल तक (अंग्रेजों की) धन विजय देखी। असुर विजय यानी अन्य समुदायों के लिए अग्रेशन का भाव रखना। उन्होंने (मुस्लिमों ने) 5200 साल शासन किया। इससे हमारी धरती पर तबाही मच गई थी।

### डीएमके नेताओं के बयान के कारण हिंदुत्व पर चर्चा हुई

कुछ दिन पहले डीएमके नेताओं ने सनातन धर्म को लेकर विवादित बयान दिए थे। इसे लेकर काफी विवाद हुआ था। इसी विवाद को लेकर वर्ल्ड हिंदू कांग्रेस की डिक्लेरेशन में हिंदुत्व को लेकर चर्चा हुई। इस डिक्लेरेशन में कहा गया कि कई शिक्षाविद और बुद्धिजीवी हिंदुत्व को हिंदू धर्म से अलग समझते हैं। ये उनकी अज्ञानता है, लेकिन इनमें से ज्यादातर हिंदू-विरोधी इसलिए हैं क्योंकि वे हिंदू धर्म के खिलाफ नफरत और पूर्वाग्रहों से घिरे हैं। WHC ने ऐसे हमलों की निंदा की और दुनियाभर के हिंदुओं से अपील की कि वे एकजुट हो जाएं और उन लोगों को हराएं जो कट्टरता दिखाते हैं।

# मोदी ने तेजस फाइटर प्लेन में उड़ान भरी

## गजब का एक्सपीरियंस था, देश की स्वदेशी क्षमताओं पर भरोसा और बढ़ा: पीएम मोदी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बेंगलुरु**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु में शनिवार 25 नवंबर को तेजस फाइटर प्लेन में उड़ान भरी। पीएम ने कहा- तेजस में सफलतापूर्वक सॉर्टी की। ये गजब का अनुभव रहा। इस उड़ान से मेरे अंदर देश की स्वदेशी क्षमताओं पर भरोसा और बढ़ गया है। पीएम ने ये भी लिखा- मैं आज तेजस में उड़ान भरते हुए अत्यंत गर्व के साथ कह सकता हूं कि हमारी मेहनत और लगन के कारण हम आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में विश्व में किसी से कम नहीं हैं। भारतीय वायुसेना, डीआरडीओ और एचएएल के साथ ही समस्त भारतवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। तेजस में उड़ान भरने से पहले मोदी बेंगलुरु स्थित हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड भी पहुंचे थे। तेजस को एचएएल ने डेवलप किया है। यह सिंगल इंजन वाला हल्का लड़ाकू विमान है। वायुसेना में इसकी दो स्क्वॉड्रन शामिल हो चुकी हैं।

### अब एलसीए के इंजन देश में ही बनेंगे

हल्के लड़ाकू विमान एलसीए मार्क 2 (तेजस एमके 2) और स्वदेशी एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट की पहली दो स्क्वॉड्रन के इंजन अब देश में ही बनेंगे। भारत में रक्षा क्षेत्र को मजबूती देने के लिए यह फैसला काफी अहम माना जा रहा है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के प्रमुख डॉ. समीर वी कामत ने शनिवार (18 नवंबर) को बताया था कि अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस और हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड मिलकर ये इंजन बनाएंगी। अमेरिका से इसकी सभी मंजूरी मिल गई है।

### इन दिग्गजों ने लड़ाकू विमान में उड़ान भरी...

- **निर्मला सीतारमण:** निर्मला सीतारमण ने बतौर रक्षा मंत्री 17 जनवरी 2018 को राजस्थान में सुखोई-30 एमकेआई में उड़ान भरी थी। वह पायलट का जी-सूट पहनने और पीछे की सीट पर बैठने वाली देश की पहली महिला रक्षा मंत्री बनी थीं।
- **किरेन रिजिजू:** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मई 2016 में सुखोई-30 एमकेआई विमान में उड़ान भरी थी। उन्होंने पंजाब में भारतीय वायुसेना के हलवारा बेस से सुपरसोनिक जेट में लगभग 30 मिनट तक उड़ान भरी। सुखोई 56 हजार 800 फीट तक उड़ान भर सकता है। इसकी अधिकतम गति 2,100 किमी प्रति घंटा है।
- **राजीव प्रताप रूडी:** भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी ने 19 फरवरी 2015 को एयरो इंडिया एयर शो के दौरान सुखोई-30 एमकेआई में उड़ान भरी थी।
- **राव इंद्रजीत सिंह:** रक्षा राज्य मंत्री के रूप में राव इंद्रजीत सिंह ने अगस्त 2015 में हिंडन एयरबेस से सुखोई-30 में उड़ान भरी।
- **प्रतिभा पाटिल:** पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने 25 नवंबर 2009 को सुखोई-30 एमकेआई में उड़ान भरने वाली पहली महिला राष्ट्र प्रमुख बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने 74 साल की उम्र में पुणे में वायुसेना बेस से फ्रंटलाइन सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू जेट विमान में सुपरसोनिक स्तर के करीब 30 मिनट की उड़ान के लिए उड़ान भरी।
- **एपीजे अब्दुल कलाम:** एपीजे अब्दुल कलाम 8 जून 2006 को भारतीय वायुसेना के सुखोई-30 एमकेआई पर 30 मिनट की उड़ान भरने वाले पहले राष्ट्रपति थे। उन्होंने सुपरसोनिक गति से उड़ान भरते हुए कॉकपिट में लगभग 40 मिनट बिताए।
- **जॉर्ज फर्नांडीस:** एनडीए सरकार में रक्षा मंत्री के रूप में, जॉर्ज फर्नांडीस ने 22 जून, 2003 को लोहेगांव वायु सेना स्टेशन से एसयू-30 एमकेआई में उड़ान भरी।

# सीबीआई ने महुआ मोइत्रा की खिलाफ प्रारंभिक जांच शुरू की

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने लोकपाल के निर्देश पर टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ शनिवार से प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। मामला कैश फॉर क्वेरी केस से जुड़ा है। सीबीआई ने लोकपाल के निर्देश के बाद जांच शुरू की है। एजेंसी इस जांच के आधार पर ही तय करेगी कि मोइत्रा के खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज किया जाए या नहीं। प्रारंभिक जांच के तहत सीबीआई किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकती या तलाशी नहीं ले सकती है, लेकिन वह जानकारी मांग सकती है। साथ ही टीएमसी सांसद से पूछताछ भी कर सकती है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मोइत्रा पर पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने का आरोप लगाते हुए लोकपाल से शिकायत की थी। दरअसल, टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा पर संसद की आईडी और पासवर्ड बिजनेसमैन हीरानंदानी को देने का आरोप लगा था। इसके बाद जांच के लिए एथिक्स कमेटी का गठन किया गया। कमेटी ने 10 नवंबर को अपनी रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को भेजकर लोकसभा सदस्यता खत्म करने की बात कही थी। महुआ मोइत्रा का अकाउंट जुलाई 2019 से अप्रैल 2023 के बीच यूएई से 47 बार ऑपरेट हुआ था। इस दौरान 2019 से सितंबर 2023 के बीच वह सिर्फ चार बार यूएई गई थीं। सूत्रों ने बताया कि एक ही आईपी एड्रेस से किसी ने 47 बार लॉग इन किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि महुआ मोइत्रा द्वारा पूछे गए 61 सवालों में से 50 सवाल बिजनेसमैन दर्शन हीरानंदानी की पसंद के थे। दर्शन हीरानंदानी विदेश में रहते हैं, आचार समिति ने बताया है कि पासवर्ड शेयर करने से गुप्त जानकारी विदेशी एजेंसियों के हाथ लग सकती है।



# जर्नलिस्ट सौम्या विश्वनाथन मर्डर केस में 4 दोषियों को उम्रकैद

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

जर्नलिस्ट सौम्या विश्वनाथन मर्डर केस में दिल्ली कोर्ट ने 15 साल बाद शनिवार (25 नवंबर) को दोषियों को सजा सुनाई। साकेत कोर्ट ने कहा कि अपराध रेयरेस्ट ऑफ रेयर केस की कैटेगरी में नहीं आता, इसलिए मौत की सजा की अपील खारिज की जाती है। ट्रायल जस्टिस रविंद्र कुमार पांडे ने चार दोषियों को उम्रकैद की सजा दी है, जबकि पांचवें दोषी अजय सेठी को 3 साल जेल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उन पर 1.25 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। इससे पहले 18 अक्टूबर को कोर्ट ने 5 आरोपियों रवि कपूर, अमित शुक्ला, अजय कुमार, अजय सेठी और बलजीत मलिक को दोषी करार दिया था। इन पर मकोका लगाया गया था।

### ऑफिस से घर लौटते समय मारी गई थी गोली

25 साल की सौम्या विश्वनाथन हेडलाइंस टुडे की पत्रकार थीं। 30 सितंबर 2008 की सुबह दक्षिणी दिल्ली के नेल्सन मंडेला मार्ग पर गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी। वे ऑफिस से अपनी कार से घर आ रही थीं। पुलिस ने दावा किया था कि हत्या के पीछे का मकसद लूटपाट था। हत्या के पांचों दोषी मार्च 2009 से हिरासत में हैं। अदालत ने 18 अक्टूबर को रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत मलिक और अजय कुमार को आईपीसी की धारा 302 (हत्या) और महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत दोषी ठहराया था। अजय सेठी को आईपीसी की धारा 411 (बेईमानी से चोरी की संपत्ति प्राप्त करना) और मकोका के तहत अपराध को बढ़ावा देने, मदद करने और साजिश रचने के लिए दोषी ठहराया गया था। इन सभी दोषियों पर आरोप था कि रवि कपूर ने सौम्या की कार को लूटने के लिए उनका पीछा किया और इसी दौरान देसी पिस्तौल से गोली मारी थी। कपूर के साथ अमित शुक्ला, अजय कुमार और बलजीत मलिक भी थे। पांचवें आरोपी अजय सेठी उर्फ चाचा से पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल कार भी बरामद की थी।

**एक को 3 साल की जेल, दिल्ली साकेत कोर्ट ने कहा, अपराध रेयरेस्ट ऑफ रेयर नहीं**



### जिगिशा घोष मर्डर केस से मिला था पुलिस को सुराग

28 साल की जिगिशा घोष नोएडा में एक बीपीओ हैविट एसोसिएट में ऑपरेशनल मैनेजर थीं। 18 मार्च 2009 को जिगिशा का ऑफिस से लौटते वक्त सुबह 4 बजे बसंत विहार एरिया में उनके घर के बाहर से ही किडनैप कर लिया गया था। ऑफिस कैब ने जिगिशा को वहां छोड़ा था। इसके बाद आरोपियों ने जिगिशा के एटीएम और क्रेडिट कार्ड का यूज करते हुए सरोजनी नगर मार्केट से खरीदारी की। 18 मार्च को किडनैप हुईं जिगिशा घोष की बॉडी 21 मार्च को सूरजकुंड के पास रिकवर की गई थी। सौम्या विश्वनाथन के हत्यारों का सुराग जिगिशा मर्डर केस की जांच के दौरान ही हाथ लगा था। जांच के दौरान इन दोनों मर्डर के पीछे गाड़ियां चुराने वाली एक गैंग का हाथ सामने आया था। आरोपी रवि कपूर इस गैंग का सरगना था।

# आदित्य फाइनल फेज की तरफ बढ़ रहा: इसरो चीफ

## मिशन को सफल बनाने की हमारी कोशिशें जारी, 7 जनवरी को एल1 पॉइन्ट पहुंचने की उम्मीद

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बेंगलुरु**

भारत का पहला सोलर मिशन आदित्य एल1 अब अपने फाइनल फेज की ओर बढ़ रहा है। इसरो चीफ ने इस बात की जानकारी दी कि इसके 7 जनवरी 2024 को एल1 पॉइन्ट तक पहुंचाने की उम्मीद है। पहले साउंडिंग रॉकेट लॉन्च के 60 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम के में इसरो चीफ ने कहा, आदित्य रास्ते में है। मुझे लगता है कि यह लगभग अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। इसे सफलता के साथ एल1 पॉइन्ट पर पहुंचाने की हमारी कोशिशें जारी है।

### 2 सितंबर को लॉन्च किया गया था आदित्य एल1

आदित्य को 2 सितंबर को सुबह 11.50 बजे पीएसएलवी-सी57 के एक्सएल वर्जन रॉकेट के जरिए श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया था। लॉन्चिंग के 63 मिनट 19 सेकेंड बाद स्पेसक्राफ्ट को पृथ्वी की 235 किमी एक्स 19,500 किमी की कक्षा में स्थापित कर दिया गया था। लॉन्चिंग के बाद से आदित्य की दो बार ऑर्बिट बढ़ाई जा चुकी है। इसके लिए थ्रस्टर फायर किए गए थे। करीब 4 महीने के बाद अब यह 15 लाख किमी दूर लैगरेंज पॉइंट-1 तक पहुंचने की ओर बढ़ रहा है। इस पॉइंट पर ग्रहण का प्रभाव नहीं पड़ता, जिसके चलते यहां से सूरज पर आसानी से रिसर्च की जा सकती है। इसरो ने 7 सितंबर 2023 को आदित्य-एल1 पर लगे कैमरे से ली गई सेल्फी के साथ पृथ्वी और चंद्रमा की तस्वीरें शेयर कीं थी, जिन्हें 4 सितंबर को खींचा गया था। सेल्फी में आदित्य पर लगे दो इंस्ट्रूमेंट वीईएलसी और एसयूआईटी नजर आ रहे हैं।

### 5 पॉइंट में जानें आदित्य एल1 का सफर

- पीएसएलवी रॉकेट ने आदित्य को 235 एक्स 19,500 किमी की पृथ्वी की कक्षा में छोड़ा।
- 16 दिनों तक पृथ्वी की कक्षा में रहेगा। 5 बार थ्रस्टर फायर कर ऑर्बिट बढ़ाएगा।
- फिर से आदित्य के थ्रस्टर फायर होंगे और ये एल1 पॉइंट की ओर निकल जाएगा।
- 110 दिन के सफर के बाद आदित्य ऑब्जरवेटरी इस पॉइंट के पास पहुंच जाएगा
- थ्रस्टर फायरिंग के जरिए आदित्य को एल1 पॉइंट के ऑर्बिट में डाल दिया जाएगा।



### लैगरेंज पॉइंट-1 क्या है?

लैगरेंज पॉइंट का नाम इतालवी-फ्रेंच मैथमैटीशियन जोसेफी-लुई लैगरेंज के नाम पर रखा गया है। इसे बोलचाल में एल1 नाम से जाना जाता है। ऐसे पांच पॉइंट धरती और सूर्य के बीच हैं, जहां सूर्य और पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल बैलेंस हो जाता है और सेंट्रिफ्यूगल फोर्स बन जाती है। ऐसे में इस जगह पर अगर किसी ऑब्जेक्ट को रखा जाता है तो वह आसानी उस पॉइंट के चारों तरफ चक्कर लगाना शुरू कर देता है। पहला लैगरेंज पॉइंट धरती और सूर्य के बीच 15 लाख किलोमीटर की दूरी पर है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)